गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

आज

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, शुक्रवार 16 अक्टूबर ,2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

षष्टमं कात्यायनी

मां दुर्गा के छठे स्वरूप का नाम कात्यायनी है। उस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाईं। इनका गुण शोधकार्य है, इसीलिए इस वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक हो जाता है। इनकी कृपा से ही सारे कार्य पूरे जो जाते हैं। यह वैद्यनाथ नामक स्थान पर प्रकट होकर पूजी गईं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिन्दी यमुना के तट पर की गई थी। इसीलिए यह ब्रजमण्डल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यन्त भव्य और दिव्य है। इन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने का मन्त्र है-

'चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानव-घातिनी॥'

न्यायपालिका को कोई डरा नहीं सकता-सीजेआई सूर्यकांत

नयी दिल्ली (आससे)। राहुल गांधी के सुप्रीम कोर्ट मार्च और सीजेपी के प्रदर्शन के मुद्दे पर गुरुवार को सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि न्यायपालिका को कोई डरा-धमका नहीं सकता। उन्होंने कहा कि अदालत वास्तविक दुनिया से कटी नहीं है और उसे हर चीज की जानकारी है। वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में राजनीतिक जुलूस निकालने पर आपत्ति जताते हुए इसे न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश बताया। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित कानूनी एजेंसियों को प्रदर्शन से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और सभी डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी कहा कि निजी पक्ष पुलिस को उपलब्ध सामग्री सौंप सकते हैं। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्पष्ट किया कि इंटरनेट बंद करने के मामले में अवमानना नोटिस पर सरकार ने कोई माफी नहीं मांगी है। उन्होंने कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया में सरकार की ओर से माफी मांगने की खबरें चल रही हैं, इसलिए स्थिति स्पष्ट करना जरूरी है। वहीं, जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने के दिल्ली पुलिस के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा। अदालत ने कहा कि पहले

जंतर-मंतर पर भी सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

सरकार का पक्ष देखा जाएगा, संतुष्ट नहीं होने पर कानून के अनुसार कार्रवाई होगी। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि अदालत जांच करेगी कि जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल से हटाने का फैसला उचित विचार-विमर्श के बाद लिया गया था या नहीं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 की वैधता और पुलिस की निवारक कार्रवाई को लेकर भी नोटिस जारी किया गया है।

धर्म परिवर्तनके बाद आरक्षणका लाभ नहीं ले सकते

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हिंदू सामाजिक व्यवस्था के पिछड़े वर्ग या अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्ति इस्लाम जैसे दूसरे धर्म को अपनाने के बाद उसी आधार पर आरक्षण का लाभ पाने का दावा नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति श्री चंद्रशेखर की पीठ ने तमिलनाडु सरकार

की याचिका खारिज करते हुए मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के उस सरकारी आदेश को रद्द कर दिया था, जिसके तहत इस्लाम अपनाने वाले कुछ लोगों को पिछड़ा वर्ग मुस्लिम श्रेणी में आरक्षण का लाभ देने की अनुमति दी गई थी। राज्य सरकार ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उसका तर्क था कि धर्म परिवर्तन के कारण सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों को आरक्षण से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि धर्म परिवर्तन के बाद हिंदू सामाजिक व्यवस्था से जुड़ा पिछड़ापन दूसरे धर्म की सामाजिक व्यवस्था में स्थानांतरित नहीं हो सकता।

पीड़ितों की आवाज दबा रही सरकार-राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अंकिता भंडारी के माता-पिता को हिरासत में लिए जाने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दुनिया सो रही थी, तब सुबह 4 बजे अंकिता के माता-पिता को हिरासत में ले लिया गया। उनका आरोप है कि माता-पिता इंडिया गेट पर शांतिपूर्वक बैठकर मांग कर रहे थे कि सीबीआई जांच पूरी होने तक दुष्यंत गौतम को सिक्किम का

अंकिता भंडारी के माता-पिता को हिरासतमें लेने का आरोप

राज्यपाल नियुक्त न किया जाए। राहुल गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अंकिता के माता-पिता का कसूर सिर्फ इतना था कि वे बिना किसी हंगामे के न्याय की मांग कर रहे थे। राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि जांच पूरी होने से पहले ही नियुक्ति की इतनी जल्दी क्यों है और सवाल पूछने वाले माता-पिता को रात के अंधेरे में हिरासत में क्यों लिया गया? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पीड़ितों की आवाज दबाने और सवाल उठाने वालों को हटाने में लगी है। राहुल गांधी ने कहा कि न्याय की लड़ाई न दबेगी और न रुकेगी।

प्रदेश में पेंशनधारियों लिए बड़ी राहत

लखनऊ (आससे)। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा है कि आधार आधारित फेस अथेंटिकेशन तकनीक से पेंशनभोगी घर बैठे ही अपना जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकते हैं। इसका लाभ उठाने के लिए पेंशनर्स को अपने स्मार्टफोन में जीवन प्रमाण व आधार फेस आरडी एप डाउनलोड करना होगा। उन्होंने इस तकनीक के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनजागरूकता के निर्देश दिये। विशेष रूप से उन पेंशनभोगियों को लक्ष्य किया जाय, जो अभी तक जीवन प्रमाणपत्र मैन्युअल तरीके से जमा करते हैं।

पाक से होने वाली हर आतंकी हरकत का देंगे जवाब : राजनाथ

नयी दिल्ली। सीमा पार पनपने वाले आतंकवाद पर भारत के रुख को दोहराते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज (गुरुवार को) कहा कि पाकिस्तान की तरफ से आगे कोई भी आतंकवादी हरकत होने पर और भी कड़ा जवाब देंगे। राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि भले ही भारत की सांस्कृतिक परंपरा सह-अस्तित्व, बातचीत और विवादों के शांति से समाधान का समर्थन करती है, लेकिन शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराना हमारी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। बता दें कि नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर, बालाकोट एयरस्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक महज मिलिट्री ऑपरेशन नहीं थे, ये भारत की स्ट्रैटेजी में आए एक बड़े बदलाव को भी दिखाता है। भारत अब केवल

भारत ने अपनी स्ट्रैटेजी में कर लिया है बदलाव

कूटनीतिक निंदा करने की जगह, आतंकवाद को उसकी जड़ से समाप्त करने के लिए सक्रिय कदम भी उठा रहा है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि 2014 से, अधिकतर आतंकवादियों की शेल्फ लाइफ घटकर 1 साल से भी कम हो गई है। सुरक्षा बल उन्हें भारत के विरुद्ध हथियार उठाने के 1 साल के भीतर ही खत्म कर देते हैं। इसके अलावा, रक्षा मंत्री ने शांति बनाए रखने के लिए शक्ति और क्षमता, दोनों को जरूरी बताया है। राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि हमारा देश शांति चाहता है, लेकिन वह जंग के लिए भी पूरी तरह तैयार है, क्योंकि भारत की रक्षा के लिए कभी-कभी युद्ध जरूरी हो जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल में हुए फ्लाईदुबई कांड का भी जिक्र किया, जिसमें को-पायलट ने कथित रूप से यात्री विमान को दुर्घटनाग्रस्त करने का प्रयास किया था। उन्होंने कैप्टन स्मित मच्छार की भी बात की, जिन्होंने एक बड़े टेरर अटैक को टालने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी थी। उन्होंने कहा, %इस घटना ने लोन-वुल्फ हमलावरों से जुड़े खतरों को उजागर कर दिया है। साथ ही, इसने यह भी दिखा दिया है कि कैसे एक शख्स की बहादुरी और संकल्प नफरत से भरे लोगों के मंसूबों को नाकामयाब कर सकता है। एक सतर्क और साहसी शख्स पूरी आतंकी साजिश को फेल करने में मदद कर सकता है।

यूएस में बढ़ रही नस्लीय और भारत विरोधी नफरत

इलिनॉय मंदिर पर हमले की साजिश

नयी दिल्ली। अमेरिका के इलिनॉय राज्य के ऑरोरा इलाके में एक हिंदू मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की कथित साजिश को लेकर भारत ने चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह घटना अमेरिका में नस्लीय शत्रुता और भारत विरोधी नफरत बढ़ने की चिंताओं को और गंभीर करती है। भारत ने अमेरिकी अधिकारियों से मामले की गहन जांच करने, जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने और वहां भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाने की अपील की है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि कथित साजिश का हिंदू विरोधी और नस्लीय स्वरूप विशेष रूप से परेशान करने वाला है। इसमें भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ हिंसा का भी उल्लेख किया गया था। जायसवाल ने कहा, हम इलिनॉय के ऑरोरा इलाके में एक हिंदू मंदिर को निशाना बनाकर सामूहिक गोलीबारी करने की कथित साजिश की खबरों से बेहद चिंतित हैं। कथित साजिश का हिंदू विरोधी और नस्लीय स्वरूप, जिसमें भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ हिंसा का जिक्र भी है, विशेष रूप से परेशान करने वाला है। उन्होंने बताया कि भारत ने अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्रवाई पर ध्यान दिया है। इसमें संदिग्ध की गिरफ्तारी, उसे हिरासत में लिया जाना और उसके खिलाफ लगाए गए आरोप शामिल हैं।

लद्दाख को मिली 3350 करोड़ की सौगात

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लद्दाख में करीब 3,350 करोड़ रुपये की पांच विकास परियोजनाओं का गुरुवार को उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में सबसे प्रमुख 298 किलोमीटर लंबी निम्मू-पदुम-दारचा सड़क है, जिसे प्रधानमंत्री ने देश को समर्पित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज निम्मू-पदुम-दारचा रोड को लद्दाख की जनता को समर्पित किया गया है। इस सड़क के निर्माण पर करीब 2,500 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। जिस सफर को पूरा करने में पहले 12 घंटे लगते थे, अब उसे केवल 3 घंटे में पूरा किया जा सकेगा। इस सड़क से कारोबार और व्यापार को भी काफी मदद मिलेगी। बता दें कि सीमा सड़क संगठन ने निम्मू-पदुम-दारचा सड़क का निर्माण किया है। यह सड़क लेह के निम्मू को हिमाचल प्रदेश के दारचा से ज़ांस्कर घाटी के रास्ते जोड़ती है। यह श्रीनगर-लेह और मनाली-लेह हाईवे के अतिरिक्त एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराती है। हिमालय के चुनौतीपूर्ण भूभाग और शिनकुन ला दर्रे से गुजरने वाली यह सड़क इंजीनियरिंग के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इसके शुरू होने से सशस्त्र बलों की आवाजाही और जरूरी सामान की आपूर्ति को मजबूती मिल सकती है। इसके अलावा, जांस्कर घाटी में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, बाजार और अन्य जरूरी सुविधाओं तक पहुंचने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने लेह के कुशोक बकुला रिम्पोची एयरपोर्ट पर 640 करोड़ रुपये की लागत से तैयार नई यात्री टर्मिनल बिल्डिंग का भी उद्घाटन किया। करीब 23,800 वर्ग मीटर में फैले इस टर्मिनल को सालाना 35 लाख यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। नई बिल्डिंग में आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ लद्दाख की सांस्कृतिक विरासत की झलक भी देखने को मिलेगी। टर्मिनल में एनर्जी एफिशिएंसी बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन घटाने के लिए जियोथर्मल एनर्जी का इस्तेमाल किया गया है। इन पांच परियोजनाओं में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी योजनाएं भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने 9 मेगावाट क्षमता वाली हनु लघु जलविद्युत परियोजना और 66 किलोवोल्ट की डबल-सर्किट दाह-हनु-खालत्सी ट्रांसमिशन लाइन का भी उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य लद्दाख में बिजली आपूर्ति के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और विद्युत नेटवर्क की विश्वसनीयता बढ़ाना है। जलविद्युत संसाधनों के इस्तेमाल से क्षेत्र की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ावा देने में भी मदद मिल सकती है। करीब 3,350 करोड़ रुपये की इन पांच परियोजनाओं का उद्देश्य लद्दाख में परिवहन व्यवस्था, ऊर्जा बुनियादी ढांचे, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और जल सुरक्षा को बेहतर बनाना है।

पीएम मोदी ने निम्मू- पदुम-दारचा रोड देश को किया समर्पित

10 को प्रदर्शन की इजाजत देते तो 20 जुलाईसे भी बिगड़ सकते थे हालात

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर कॉकरोज जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन की अनुमति नहीं देने की वजह बताई है। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई को प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा, नेताओं की भीड़ को नियंत्रित करने में कथित विफलता और 6 से 8 अक्टूबर तक लगातार प्रदर्शनों से मध्य दिल्ली में पैदा हुई यातायात समस्या को देखते हुए अनुमति नहीं दी गई। पुलिस को आशंका थी कि प्रदर्शन की इजाजत देने पर हालात 20 जुलाई से भी ज्यादा बिगड़ सकते थे। हलफनामे में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन, संसद, सुप्रीम कोर्ट, विभिन्न दूतावासों और महत्वपूर्ण संस्थानों की मौजूदगी के कारण मध्य दिल्ली अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहां सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखना जरूरी है। पुलिस के अनुसार, 6 से 8 अक्टूबर तक प्रदर्शनों के कारण कई घंटों तक यातायात बाधित रहा।

घण्टों पड़ा रहा अधेड़ का शव पुलिस ने पीएम को भेजा

नवाबगंज (आज ब्यूरो)। एक बीमार अधेड़ व्यक्ति का शव आज पटेल चौक पर पड़ा पाया गया। सारा दिन पड़े रहने के बाद भी उसकी सुध लेने कोई नहीं पहुंचा, सूचना पर दोपहर बाद पहुंची पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया और पहचान न होने पर शव को पीएम हेतु भेज दिया ।लोगों ने बताया कि वह बीमार था और उसके पेशाब की लगी हुई थी तथा कल सायं से ही दर्द से कराह रहा था, अन्दाजा लगाया जा रहा है कि बीती देर उसने दम तोड़ दिया होगा। आज सुबह शव पड़ा देख किसी राहगीर ने एम्बुलेन्स को फोन भी किया लेकिन एम्बुलेन्स नहीं पहुंची तो दोपहर में किसी ने पुलिस को इसकी जानकारी दी जिस पर अपराहन 3 के लगभग पुलिस के साथ नगर परिषद के अमर सिंह व अरुन कुमार के साथ पहुंचे चौकी इंचार्ज सचिन कुमार ने पंचनामा भर शव को पीएम के लिए भिजवा दिया। मृतक की आयु 45 के लगभग बताई जा रही है तथा अनुमान लगाया जा रहा है कि अर्थाभाव के कारण ही वह इलाज कराने में सक्षम नहीं था। सबसे खास बात ये है स्थल से चन्द कदम दूरी पर ही आपूर्ति कार्यालय है लेकिन शव घण्टों लावारिस ही पड़ा रहा किसी को भी इसकी सुध नहीं आयी।

जनगणना के दौरान नहीं मांगी जाएगी दस्तावेजों की प्रति

जनगणना कार्य में लगे सभी कार्मिकों का शत-प्रतिशत कराएं प्रशिक्षण:डीएम

बरेली(आज समाचार सेवा)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जनगणना संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक नगर निगम स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जनगणना कार्यों को समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने तथा जनगणना कार्य में लगे सभी कार्मिकों का शत-प्रतिशत प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य में लगाए गए सभी कार्मिकों का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए, प्रशिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण देने वाले सभी ट्रेनरों का भी समुचित प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें जनगणना संबंधी सभी प्रक्रियाओं एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की पूर्ण जानकारी हो। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को जनगणना के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए, जिससे अधिक से अधिक लोग स्वगणना की प्रक्रिया को समझकर उसमें सहभागिता कर सकें। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य की सफलता के लिए आमजन को सही जानकारी उपलब्ध कराना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति से निर्धारित 40 प्रश्न पूछे जाएंगे तथा व्यक्ति द्वारा बताए गए उत्तरों को ही दर्ज किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान किसी भी व्यक्ति से किसी दस्तावेज अथवा अभिलेख की प्रति नहीं मांगी जाएगी। उन्होंने जनगणना कार्य में लगाए गए कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे ड्यूटी से मुक्त किए जाने के लिए अनावश्यक रूप से प्रयास न करें। स्वास्थ्य संबंधी प्रकरणों में ड्यूटी से मुक्त किए जाने की प्रक्रिया पूर्व नियोजित समिति द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही नियमानुसार अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को यह भी निर्देश दिए कि प्रशिक्षण देने वाले सभी मास्टर ट्रेनरों के पास जनगणना संबंधी बुकलेट अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे, जिससे प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को सही एवं विस्तृत जानकारी दी जा सके। बैठक में नगर आयुक्त, अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) संतोष कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बरेली दंगा मामले में वांछित मोबीन बेग गिरफ्तार

बरेली(आज समाचार सेवा)। बरेली में 26 सितंबर 2025 को हुए दंगे के मामले में वांछित आरोपी मोबीन बेग उर्फ मोमीन बेग (58) को कैंट थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बुधवार, 15 अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी को उसके घर से पकड़ा। वह इज्जतनगर थाना क्षेत्र के फरीदपुर चौधरी गांव का निवासी बताया गया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई में जुट गई ।पुलिस के अनुसार, बरेली में हुए दंगे के संबंध में बारादरी थाने में मुकदमा संख्या 1146/2025 दर्ज किया गया था। इस मामले में तौकीर रजा समेत कुल 29 आरोपियों के नाम शामिल हैं। प्रकरण की विवेचना कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार धीर कर रहे हैं। मामले में वांछित आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है ।पुलिस को आरोपी मोबीन बेग के संबंध में सूचना मिली थी। इसके बाद कैंट पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी से संबंधित कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की तैयारी कर रही है ।पुलिस दोनों मामलों से संबंधित अभिलेखों और कानूनी पहलुओं के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है ।मोबीन बेग की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार धीर, वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्रीनिवास और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले में वांछित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास जारी हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरि0 मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओ से ई-ऑक्शन के माध्यम से ट्रेन साइड वेंडिंग ठेकों हेतु बोलियां आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है:-

श्रेणी	कैटलॉग सं0	ऑक्शन प्रारम्भ	ऑक्शन समापन
TSV	CAT-TSV-26-03	28.10.26/12:00:00	28.10.26/12:40:00

क्रम	गाड़ी सं0	गाड़ी का प्रकार	कहाँ से	कहाँ तक	आवृत्ति
1	15020–19	Exp.	टनकपुर	देहरादून	त्रि-साप्ताहिक
2	15056–55	Exp.	रामनगर	अगरा फोर्ट	त्रि-साप्ताहिक

1. बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिये रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 2.उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉडयूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है।
3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई.आर.ई.पी.एस (IREPS) की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
4. बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है।
5. सभी संभावित बोली दाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बनधित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहें।

मुजाधि/वाणिज्य-167

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर

"ट्रैनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

बरेली सिनेमा जगत में

ता 16 से रोजाना 3 शो

रेट 30 50

(भोजपुरी)

मुझसे शादी करोगी

लखनऊ में बरेली की जिला सूचना अधिकारी नीतू कन्नौजिया की बहन की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

बरेली(आज समाचार सेवा)। बरेली की जिला सूचना अधिकारी नीतू कन्नौजिया की बहन अनीता कन्नौजिया की लखनऊ में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई है। चिनहट थाना क्षेत्र के चक मल्हार स्थित ससुराल में अनीता का शव जमीन पर पड़ा मिला। ससुराल पक्ष जहां आत्महत्या की बात कह रहा है, वहीं मायके वालों ने पति राहुल कन्नौजिया और सास पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना से पहले अनीता की ओर से परिवार के व्हाट्सएप ग्रुप में भेजे गए कथित संदेश ने मामले को और गंभीर बना दिया है। परिजनों की मांग पर डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस अब मौत की परिस्थितियों और परिजनों के आरोपों की जांच कर रही है ।परिजनों के मुताबिक, घटना वाले दिन बुधवार सुबह करीब 9:49 बजे अनीता ने परिवार के व्हाट्सएप ग्रुप में एक संदेश भेजा था। जिला सूचना अधिकारी नीतू कन्नौजिया के अनुसार, संदेश में अनीता ने अपनी मौत के लिए ससुराल पक्ष के लोगों को जिम्मेदार ठहराया था। संदेश में पति की ओर से कथित तौर पर कही गई अनुचित बातों का भी जिक्र होने की बात सामने आई है ।परिवार का कहना है कि संदेश भेजने के कुछ देर बाद अनीता का मोबाइल फोन बंद हो गया। इससे परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद घर के पास रहने वाली एक रिश्तेदार को अनीता के ससुराल भेजा गया। वहां पहुंचने पर अनीता जमीन पर पड़ी मिलीं। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई ।ससुराल पक्ष की ओर से आत्महत्या किए जाने की बात कही गई है, लेकिन मायके वालों ने घटना की परिस्थितियों पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। फिलहाल, व्हाट्सएप संदेश और मौत से पहले की परिस्थितियों की स्वतंत्र पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी ।नीतू कन्नौजिया के मुताबिक, उनकी बहन अनीता की शादी 19 अप्रैल 2014 को राहुल कन्नौजिया से हुई थी। राहुल टाटा मोटर्स में ऑडिट इंजीनियर के पद पर कार्यरत बताए गए हैं। दंपती के दो बच्चे हैं, जिनमें 11 वर्षीय बेटा और चार साल की बेटी शामिल हैं ।मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही अनीता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों के मुताबिक, अनीता लंबे समय से मानसिक परेशानी का सामना कर रही थीं और कई बार परिवार के व्हाट्सएप ग्रुप में अपनी तकलीफ साझा कर चुकी थीं।

लेखपाल ने पहले सही अंश निर्धारण किया, फिर बदला,शिकायत

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला तहसील के रामपुर बुजुर्ग गांव में जमीन के अंश निर्धारण में हेरफेर का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि लेखपाल ने पहले सही अंश तय किया, फिर रिश्वत लेकर उसे गलत तरीके से बदल दिया। उन्होंने गुरुवार को राजस्व परिषद लखनऊ को शिकायत भेजी है ।भूरे और महेंद्र पाल ने बताया कि उनकी गाटा संख्या 139 (0.5950 हेक्टेयर) और 177 (0.5470 हेक्टेयर) भूमि का अंश निर्धारण 11 अगस्त 2026 को राजस्व अभिलेखों के अनुसार सही हुआ था ।3 अक्टूबर 2026 को खतौनी निकालने पर पता चला कि 1 अक्टूबर 2026 को लेखपाल ने किसी अन्य के आवेदन पर मिलीभगत कर पूर्व में तय अंश बदल दिया ।यह भूमि मूलतः रामसुखी और धर्मपाल (पुत्र नुक्ती) के नाम थी। रामसुखी की बिना संतान मृत्यु के बाद उनका हिस्सा धर्मपाल, गंगा प्रसाद, होरीलाल व रामप्रसाद में बंटा। इसी आधार पर पहले सही अंश तय हुआ था। पीड़ितों ने गलत अंश निर्धारण रद्द करने और दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

कार्यालय स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, बरेली

ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्रांक 182 स्वा.वि./ न.स्वा.अधि./2026.27 दिनांक 14.10.2026

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम बरेली के 11 मुख्य मार्गों की सफाई कार्य हेतु निविदाएं टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बंधित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की बेवसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

पुनः ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं०-01 से 11तक)

ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय	16.10.2026-(03:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	16.10.2026-(04:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	30.10.2026-(03.00 PM)
ई-निविदा खोली जाने की तिथि /समय	30.10.2026-(04.00 PM)
फाईनेशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु।	After Technical Evulation

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली की वेबसाइट www.nagarnigam bareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, बरेली

आपूति कार्यालय पहुंचे किसान राशन कार्ड न बनाए जाने का विरोध

नवाबगंज (आज ब्यूरो)। आवेदन के बाद भी किसानों के राशन कार्ड न बनाए जाने से अक्रोशित किसान आज हाथों में लट्ठ लेकर आपूर्ति कार्यालय जा धमके और अधिकारी विरोधी नारे लगाते हुए जमकर हंगामा किया। किसानों का आरोप है कि पूर्ति निरीक्षक मात्र कागजी खानापूर्ति कर किसानों को गुमराह करते हैं। इस बीच पूर्ति निरीक्षक अरुण वाजपेई से किसान नेताओं की खासी तकरार भी हुई। पूर्ति निरीक्षक ने किसानों के लट्ठ लेकर आने पर आपत्ति की तो किसान यूनियन के प्रदेशीय उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश गंगवार ने ये कहते हुए उन्हे चुप कर दिया कि ये किसान का लट्ठ है इस पर कहीं प्रतिबंध नहीं है। पूर्ति निरीक्षक ने जैसे - तैसे समझाबुझाकर किसानों को शान्त किया। प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में पहुंचे किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष फतेहचन्द, संयोजक सरदार हरदेव सिंह रंधावा, कुलदीप प्रजापति, हीरालाल वर्मा, सावित्री देवी, माया देवी, सोमवती व पूनम आदि के साथ ही अच्छी संख्या में किसान शामिल रहे।

रंजिश में घर में घुसकर दंपती को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला तहसील के भमोरा थाना क्षेत्र के खेड़ा गांव में पुरानी कहासुनी को लेकर तीन लोगों ने एक घर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दंपती को गंभीर रूप से घायल किया। वे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए ।पुलिस ने पीड़ित राकेश पुत्र मैकूलाल की शिकायत पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राकेश ने बताया कि बुधवार को गांव के पड़ोसी महीपाल, वीरेश और शिवम ने गाली-गलौज की ।विरोध करने पर तीनों ने लाठी-डंडों से राकेश को पीटना शुरू कर दिया। जब उनकी पत्नी सुनारवती बचाने आईं, तो उन्हें भी पीटा। इस हमले में राकेश के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं ।पुलिस ने घायल दंपती का मेडिकल कराया है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कार्यालय स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, बरेली

ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्रांक 181 स्वा.वि./ न.स्वा.अधि./2026.27 दिनांक 14.10.2026

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम बरेली के 30 वार्डो की सफाई कार्य हेतु निविदाएं टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बंधित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की बेवसाइट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

पुनः ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं०-01 से 08 तक)

ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय	16.10.2026-(03:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	16.10.2026-(04:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	30.10.2026-(03.00 PM)
ई-निविदा खोली जाने की तिथि /समय	30.10.2026-(04.00 PM)
फाईनेशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु।	After Technical Evulation

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली की वेबसाइट www.nagarnigam bareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, बरेली

श्रीराम बारात का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

बिशारतगंज (आज ब्यूरो)। नगर में श्रीराम बारात आकर्षक झाकियो व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। श्रीराम बारात नए बाजार से प्रारंभ होकर भारत माता मंदिर, पूर्वी रेलवे फाटक और पुराना बाजार सहित नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस नए बाजार रामलीला ग्राउंड पहुंची, जहां धार्मिक आयोजन का समापन हुआ ।श्रीराम बारात में बैंड-बाजे और डीजे की धुनों के बीच श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल हुए। बारात में प्रदर्शित आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों को देखने के लिए नगर के विभिन्न मोहल्लों से लोग उमड़े। पूरे नगर में धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल दिखाई दिया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मुनेन्द्र गौतम सहित बृजेश आजाद, शिव कुमार साहू नानकराम सागर पूर्व नगर अध्यक्ष सूरजपाल मौर्य पवन गोस्वामी, दीपक शर्मा, रमेश यादव, ओमप्रकाश साहू, वीरेंद्र साहू,नितिन साहू, नकुल गोस्वामी, रवि मिश्रा, शिवंश शर्मा, महेश साहू, बबलू मौर्य, राजकुमार मौर्य, प्रकाश देवल, प्रदीप मित्तल, बंटू शर्मा, प्रदीप सभासद, बबले साहू, लालन गोस्वामी, सोनू साहू, विनोद गोस्वामी और राजू देवल सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा ।जगह-जगह श्री राम बारात का लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत कियाश्रीराम बारात के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान एसएसआई सतीश कुमार, कांस्टेबल अवनीश कुमार, अमित कुमार, इंद्रजीत, प्रेमपाल और महिला कांस्टेबल सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

न्यूज अपडेट

शिकायत निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से अवश्य लें फीडबैक : डीएम

बरेली(आज समाचार सेवा)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आईजीआरएस (जनसुनवाई) पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जनशिकायतों के निस्तारण में गंभीरता बरतने तथा शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया जाता है, उनसे फीडबैक भी अवश्य प्राप्त किया जाए। समीक्षा के दौरान आईजीआरएस पोर्टल पर असंतुष्टि का फीडबैक अधिक पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से करते हुए संतुष्टि का फीडबैक कम से कम 85 प्रतिशत तक सुनिश्चित किया जाए। केवल औपचारिक निस्तारण के बजाय शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस, जनता दर्शन, समाधान दिवस, थाना दिवस तथा सीएम डैशबोर्ड शासन एवं माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कुछ थानों पर असंतुष्टि का फीडबैक 100 प्रतिशत पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिए कि संबंधित थानों के विरुद्ध आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित किया जाए। जलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में बैठकर आमजन की समस्याएं सुनें और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का प्रभावी निस्तारण प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

रोटरी क्लब ऑफ बरेली मेट्रो द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित

बरेली(आज समाचार सेवा)। रोटरी क्लब ऑफ बरेली मेट्रो द्वारा 15 अक्टूबर 2026, गुरुवार को रामलीला ग्राउंड, घोमेश्वर नाथ मंदिर रोड, सदर, बरेली कैंट में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 56 लोगों को निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा ।कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में दवाइयों का सहयोग मिशन हैप्पीनेस द्वारा किया गया ।इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ बरेली मेट्रो के अध्यक्ष रो. जितेंद्र सिंह, सचिव रो. सुनीत मूना, पूर्व अध्यक्ष रो. अनिल मेहरोत्रा, रो. डी. एल. खट्टर, रो. हरीश छाबड़ा एवं रो. डॉ. राजेश गुप्ता का उल्लेखनीय सहयोग एवं सहभागिता रही।

पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप व शिवेंद्र नाथ चौबे का सपा जिला कार्यालय पर जोरदार स्वागत

बरेली(आज समाचार सेवा)। समाजवादी पार्टी के बरेली जिला कार्यालय पर पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप एवं शिवेंद्र नाथ चौबे के पहली बार पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं को फूल-मालाओं से लाद दिया गया और बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला। जिला एवं महानगर संगठन के पदाधिकारियों के साथ यूथ ब्रिगेड की टीम ने भी दोनों नेताओं का स्वागत किया ।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपसी समन्वय, एकजुटता और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का उद्देश्य सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और समाज के सभी वर्गों को सम्मान एवं अधिकार दिलाने के लिए लगातार काम करना है। संगठन की मजबूती के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा ।महानगर अध्यक्ष शमीम खान सुल्तानी ने कहा कि समाजवादी पार्टी का जिला एवं महानगर संगठन आपसी तालमेल के साथ पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान, संगठन का विस्तार और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाना पार्टी की प्राथमिकता है। ऐसे कार्यक्रम आपसी संवाद और संगठनात्मक समन्वय को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं ।स्वागत करने वालों में जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह यादव,पीयूष वर्मा लोधी,अशोक यादव मुस्ताक अहमद,जितेंद्र मुंडे,महानगर महासचिव दीपक शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष , सुरेंद्र सोनकर, जिला सचिव जमुना प्रसाद मौर्य, राम सेवक प्रजापति,कैंट विधानसभा अध्यक्ष हरिओम प्रजापति, भारती चौहान, गुड़िया गंगवार, मनीषा सक्सेना,जोगेंद्र पटेल, धर्मेंद्र यादव,पप्पू कश्यप योगेश पटेल तथा यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष एजाज अहमद सहित यूथ ब्रिगेड की टीम ने स्वागत किया।

आईडीबीआई बैंक की हिस्सेदारी विदेशी कंपनी को बेचने का विरोध

बरेली(आज समाचार सेवा)। आईडीबीआई बैंक में सरकार की हिस्सेदारी विदेशी कंपनी को बेचे जाने के प्रस्ताव/निर्णय के विरोध में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक्स यूनियंस (स्नब्क) ने देशव्यापी विरोध कार्यक्रम का आह्वान किया है। इसके तहत 16 अक्टूबर 2026 को बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी काले फीते बांधकर काम करते हुए अपना विरोध दर्ज कराएंगे ।यूनाइटेड फोरम का कहना है कि आईडीबीआई बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकिंग ढांचे का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। अभी तक बैंक में प्रमुख हिस्सेदारी भारत सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम के पास रही है। ऐसे में बैंक की हिस्सेदारी किसी विदेशी निजी कंपनी के हाथों जाने से बैंकिंग क्षेत्र में सार्वजनिक स्वामित्व और जनहित से जुड़े गंभीर सवाल खड़े होते हैं ।यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक्स यूनियंस ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की रक्षा और बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

महिला ने मोबाइल हैक कर निकाले 1.50 लाख

बहेडी (आज ब्यूरो)। दो वर्ष पूर्व एक विवाहिता को घर से निकाल देने के बाद उक्त विवाहिता ने अपने ससुरालियो के मोबाइल हैक करके लाखो रुपये निकाल लिए गए है। थाना बहेडी मे महिला को नामजद कर रिर्पोट दर्ज कराई गई है ।जानकारी के अनुसार के थाना बहेडी क्षेत्र के ग्राम रोहनियाँ कृष्ण पाल पुत्र काशी राम का विवाह अब से 7 वर्ष पूर्व शशिवाला पुत्री हर्षमणी नौटियाल निवासी निवासी ग्राम जकारी पोस्ट पटारा तहसील डूंडा जिला उत्तरकांशी उत्तराखण्ड के साथ हुआ था। अब से दो वर्ष पूर्व विवाहिताअपनी ससुराल छोडकर चली गई। आरोप के कृष्णपाल और योगेश के खाते को हैंक करके 1 लाख 50 हजार निकाल लिए । और पैसे मागने पर उसके भाई योगेश की पत्नी रेखा को अपनी इंस्टग्राम पर काल करके उसे व उसके परिवार को लगातार जान से मारने की धमकी देती चली आ रही है। थाना बहेडी मे महिला को नामजद कर रिर्पोट दर्ज कराई गई है।

तन परिहर रघुवर विरह रघुवर विरह राउ गयउ सुरधाम

नवाबगंज (आज ब्यूरो)। नगर के रामलीला दशहरा मेले में आज दशरथ मरण व भरत मिलाप की लीला का मंचन हुआ ।राम वनगमन के बाद राजा दशरथ अत्यधिक व्यथित हो गए थे और पुत्र वियोग में उन्होंने राम - राम कहते हुए अपने प्राण त्याग दिए। राम - राम कह राम कह, राम - राम कह राम। ।तन परिहर रघुवर विरह राउ गयउ सुरधाम ।।पिता के मरण का समाचार पाकर पहुंचे भरत ने अपनी मा कैकई को बहुत अपशब्द कहते हुए कहा -हंस वंश दशरथ जनक राम - लखन से भाई ।जननी तू जननी भई विधि सन कछु न बिसाइ ।और पिता दशरथ का दाह संस्कार कर सपरिवार अग्रज राम को वापस बुलाने के लिए वन को चल दिए। भरत से भेंट होने पर भगवान राम ने उन्हे बड़े ही तर्कसंगत तरीके से समझा कर वापस कर दिया और अयोध्या पर शासन करने के लिए भरत उनकी पादुकाएं लेकर वापस अयोध्या लौट आए।

पत्नी से कहासुनी पर युवक ने लगाया फंदा, मौत, मचा कोहराम

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। संदिग्ध परिस्थितियों में पत्नी से कहासुनी होने पर युवक ने छत के कुंडा द्वारा गले में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जानकारी होने पर परिजन सांसे चलती युवक को उपचार हेतु अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि थाना सिरौली क्षेत्र के व्योधनखुर्द गांव निवासी विशाल शर्मा सीबीगंज के लेबर कॉलोनी में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रिश्तेदारी में रह रहे थे और वह परसाखेडा स्थित एक फैक्ट्री में ड्यूटी कर अपने परिवार का पालन पोषण रहे थे। बीती 8

मृतक का फाइल फोटो

अक्टूबर दोपहर में संदिग्ध परिस्थितियों में पत्नी से झगड़ा हो गया। इसी दौरान विशाल कमरे में चला गया और आहत होकर गले में फंदा लगाकर लटक गया। कमरे में पति को फांसी के फंदे पर लटकता देख पत्नी ने शोर मचाया तो आसपास के लोग जमा हो गए। ग्रामीणों की मदद से फंदे पर लटक रहे युवक को नीचे उतारा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत देख युवक को महानगर स्थित अस्पताल भिजवाया जहां गुरुवार को उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक अपने पीछे पत्नी व दो मासूम बच्चों को बेसहारा रोता बिलखता छोड़ कर गया है।

जीआरएम स्टूडेंटस ने किया आईबीआरआई का शैक्षिक भ्रमण

बरेली (आज समाचार सेवा)। श्री गुलाबराय मॉन्टेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नैनीताल रोड स्थित मुख्य शाखा की कक्षा 11 एवं 12 के बायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने गुरुवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) का शैक्षिक भ्रमण किया। पीजीटी बायोलॉजी अरविंद कुमार गुप्ता एवं पीजीटी बायोटेक्नोलॉजी नेहा अग्रवाल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान पशु चिकित्सा, जैव प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। संस्थान के पॉली सिविक में डॉ. अभिजीत

पावडे ने विद्यार्थियों को पशुओं के उपचार के लिए उपलब्ध विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं एवं उपचार पद्धतियों की जानकारी दी। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने वन्यजीव संरक्षण केंद्र में हिरणों को देखकर प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति अपनी जिज्ञासा को और बढ़ाया। यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए कक्षा में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ। इससे विद्यार्थियों को विज्ञान, पशु चिकित्सा और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्च शिक्षा एवं भविष्य की संभावनाओं को समझने में सहायता मिली।

जमुना प्रसाद मेमोरियल महाविद्यालय स्टूडेंट्स का नैनीताल में शैक्षिक भ्रमण

बरेली (आज समाचार सेवा)। जमुना प्रसाद मेमोरियल कॉलेज द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि के उद्देश्य से जी नैनीताल के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में विज्ञान स्नातक जीव विज्ञान समूह, विज्ञान स्नातकोत्तर प्राणी विज्ञान तथा विज्ञान स्नातकोत्तर रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों ने भाग लिया। भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को कुमाऊँ विश्वविद्यालय से संबद्ध डीएसबी परिसर में प्रो मनोज कुमार आर्य जी एवं उनकी टीम द्वारा हो रहे नवीन शोध एवं समस्त अत्यधिक लैब का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को नैनीताल स्थित चिड़ियाघर का भी भ्रमण कराया गया। यहाँ विद्यार्थियों को विभिन्न वन्यजीवों को देखने तथा उनके प्राकृतिक आवास, व्यवहार और संरक्षण के विषय में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। इस गतिविधि ने विद्यार्थियों के प्राणी विज्ञान संबंधी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से

जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई। इस शैक्षिक भ्रमण दल को महाविद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक वास्तुकार वैभव पटेल , निदेशक डॉ. मनोज कांडपाल तथा अकादमिक निदेशक प्रोफेसर ललित सिंह जी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और शैक्षिक भ्रमण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस शैक्षिक भ्रमण का संचालन डॉ. मोहम्मद नईम , श्रीमती अंबिका यादव एवं सुश्री सना खान के समन्वय एवं मार्गदर्शन में किया गया। इन शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा इस भ्रमण से अधिकतम ज्ञान एवं अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना, उच्च शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराना, वन्यजीवों एवं उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उनके ज्ञान एवं दृष्टिकोण का विस्तार करना था। महाविद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें नए अनुभवों के माध्यम से सीखने और अपने शैक्षणिक ज्ञान को समृद्ध करने का अवसर प्रदान करते हैं।

माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में 'सविष्कार'26 पार्ट टू का भव्य आयोजन

बरेली (आज समाचार सेवा)। माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, बरेली में कक्षा III से V तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय की विज्ञान एवं बहुविषयक प्रदर्शनी 'सविष्कार'26 पार्ट-II का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण विज्ञान पर आधारित मॉडल रहे। इसके अतिरिक्त कला, अंग्रेज़ी, हिंदी, गणित एवं सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों को भी शामिल किया गया। विद्यार्थियों ने रोचक प्रश्नोत्तरी (FAQs) के माध्यम से अपने ज्ञान, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका सरकार द्वारा प्रबंध निदेशक श्रीमती चंदना अग्रवाल एवं प्रबंधक डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करने के साथ हुआ। तत्पश्चात प्रबंध निदेशक महोदया एवं प्रबंधक महोदय ने संयुक्त रूप से उद्घाटन फीता काटकर प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के मॉडलों का अवलोकन किया तथा उनकी रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और विषयों की गहन समझ की सराहना की। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, मानव शरीर, अंतरिक्ष विज्ञान, प्राकृतिक घटनाओं, आधुनिक तकनीक, भाषा एवं व्याकरण, गणित तथा सामाजिक विज्ञान से संबंधित विविध मॉडल और परियोजनाएँ प्रस्तुत कीं। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ अपने प्रोजेक्ट्स की कार्यप्रणाली समझाई और करके सीखने की भावना का परिचय दिया। विज्ञान वर्ग के परिणाम विजेता: आराध्या मिश्रा (कक्षा V) - Paper Recycling Plant प्रथम उपविजेता: अहाना सिंह (कक्षा V)-Cable Car द्वितीय उपविजेता: तन्वी गुप्ता (कक्षा V)- Satellite Communication and Mobile Network सांत्वना पुरस्कार, अमिशी शर्मा (कक्षा III) इकरा खान (कक्षा IV)Human Digestive System अनंत राज कटियार (कक्षा III)Lungs आकृति गंगवार (कक्षा IV) Sea Breeze and Land Breeze तनज़ीला फातिमा (कक्षा V)- Skeletal System प्रशंसा पुरस्कार सात्विक शर्मा (कक्षा IV) Life Cycle of Butterfly मयूरी शर्मा (कक्षा V) - Layers of Atmosphere निकुंज एवं अभिजोत (कक्षा V) Volcano अक्षत सैनी (कक्षा V)- Global Warming ओशिन अग्निहोत्री (कक्षा IV) - Water Cycle दामिनी कुमारी एवं सौम्या माथुर (कक्षा V) Layers of Earth अंग्रेज़ी, हिंदी, गणित एवं सामाजिक विज्ञान वर्ग के परिणाम इस वर्ग में विद्यार्थियों ने भाषा, व्याकरण, गणितीय अवधारणाओं, प्राकृतिक एवं मानव-निर्मित आपदाओं तथा पर्यावरणीय विषयों पर आधारित परियोजनाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता: अनिरुद्ध चौहान (कक्षा V)- Vyakaran Vatika प्रथम उपविजेता मोहम्मद खिज़र (कक्षा V) Natural Disasters सम्राट सिंह (कक्षा IV)Man-Made Disasters द्वितीय उपविजेता हर्षिता राणा (कक्षा V)-Sustainable Development सांत्वना पुरस्कार प्रिंस यादव एवं आर्यन यादव (कक्षा V) Types of Angles रुद्र सिंह एवं अरुष पटेल (कक्षा III) - Sources of Water प्रशंसा पुरस्कार इला भारद्वाज, अमायरा गैरा एवं दृश्या (कक्षा V)- House of Literature कनिष्का सिंह एवं अभिषेक पाल (कक्षा III) - Prepositions जाह्नवी सिंघल (कक्षा IV) Terrace Farming वर्ग के परिणाम प्रश्नोत्तरी वर्ग में विद्यार्थियों ने रोचक प्रश्नों, वैज्ञानिक तथ्यों एवं प्रयोगों पर आधारित परियोजनाएँ प्रस्तुत कीं। इस वर्ग ने बच्चों की जिज्ञासा, तार्किक सोच और वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझने की क्षमता को उजागर किया। विजेता: अबीर प्रताप सिंह (कक्षा IV)- Optical Illusion प्रथम उपविजेताआद्रिका अग्रवाल (कक्षा V)- Magnetism and Anti-Gravity द्वितीय उपविजेताएकलव्य शर्मा (कक्षा V) Pressure in Action सांत्वना पुरस्कार ओम अग्निहोत्री (कक्षा V) Colourful Shadow समर प्रताप सिंह (कक्षा V) - Vibrating Robot प्रशंसा पुरस्कार ओम सोलंकी (कक्षा V)- Buoyancy Magic and Upward Force अंशिका एवं कनक (कक्षा IV) Magnetic and Non-Magnetic Substances अनीका वर्मा (कक्षा V) विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियाँ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, आत्मविश्वास, जिज्ञासा एवं समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। 'सविष्कार'26 पार्ट-II ने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान को व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ने, नए विचारों को प्रस्तुत करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई दी गई।

आईएफटीपी ने आंवला के गौरी शंकर महाविद्यालय रोजगार मेले में युवाओं को दी बैंकिंग क्षेत्र की जानकारी, 3 महीने की ट्रेनिंग से मिलेगा रोजगार

बरेली (आज समाचार सेवा)। आंवला तहसील के गौरी शंकर महाविद्यालय में 14 अक्टूबर, 2026 को एक भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंशियल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट्स ने एक प्रमुख और सक्रिय प्रतिभागी के रूप में सहभागिता दर्ज की। संस्थान के विशेषज्ञों ने मेले में आए स्नातक (ग्रेजुएट) छात्रों को बैंकिंग और फाइनेंशियल सेक्टर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने और युवा ग्रेजुएट्स को जॉब सहायता प्रदान करने में ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका निभाई। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर मिस्टर मुनीश राजपूत जी ने आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और युवाओं का सीधा मार्गदर्शन किया। डायरेक्टर मिस्टर मुनीश राजपूत जी ने युवाओं को गाइड करते हुए बताया कि वे मात्र 3 महीने की विशेष ट्रेनिंग के उपरांत बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर में आसानी से अपना शानदार करियर बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यह शॉर्ट-टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम छात्रों को व्यावहारिक रूप से मजबूत बनाकर उनके करियर को तेजी से आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगा। इस विशेष अवसर पर आईएफटीपी फाउंडर मिस्टर मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण और तहसील स्तर के युवाओं को बैंकिंग सेक्टर की जरूरतों के अनुसार कुशल और रोजगार के योग्य बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। करियर काउंसलिंग सत्र के दौरान सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने संस्थान के स्टॉल पर पहुंचकर डायरेक्टर मुनीश राजपूत जी और विशेषज्ञों से बैंकिंग सेवाओं से जुड़े अपने प्रश्नों का समाधान पाया। कॉलेज प्रशासन और वहां मौजूद गणमान्य व्यक्तियों ने युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए आईएफटीपी के इस बेहतरीन, व्यावहारिक और सकारात्मक प्रयास की सराहना की।

एलन शार्प एक नवम्बर को, 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का मौका

बरेली (आज समाचार सेवा)। देश में इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए विख्यात एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड अब उत्तरप्रदेश के महत्वपूर्ण शहर बरेली में भी ऑफलाइन क्लासरूम कोचिंग की सेवाएं देगा। इसकी घोषणा बुधवार को नैनीताल रोड़ स्थित होटल ग्रांड निरवाणा में आयोजित समारोह में की गई। घोषणा के साथ ही एडमिशन शुरू हो गए। एक नवम्बर को आयोजित होने जा रहे एलन शार्प एग्जाम में शामिल होकर एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त की जा सकती है। समारोह में मुख्य अतिथि बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, पूर्व महापौर आईएस तोमर, एलन के चीफ एकेडमिक ऑफिसर (सीएओ) सीआर चैधरी, एलन के वाइस प्रसीडेंट एंड जोनल हेड डॉ. विपिन योगी एवं एलन बरेली के मेंटोर एवं सेंटर हेड कुलदीप बालियान सहित अन्य सीनियर फैकल्टीज एवं स्टूडेंट्स-पेरेन्ट्स की मौजूदगी में पोस्टर का विमोचन किया गया। एलन के सीएओ सीआर चैधरी ने कहा कि एलन का उद्देश्य हर विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इसके लिए अनवरत प्रयास किए जा रहे हैं। यह विस्तार इसी दिशा में बढ़ाया जा रहा कदम है। एलन मे बरेली और आस-पास के क्षेत्र की प्रतिभाओं को श्रेष्ठ शिक्षा के साथ श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध करवाएगा। इंजीनियरिंग व मेडिकल एजुकेशन के क्षेत्र में एलन ने सामाजिक बदलाव की कहानी लिखी है। चार दशकों के अध्ययन से ऐसा अकेडमिक सिस्टम तैयार किया है जो कि देश को सबसे अधिक डॉक्टर्स व इंजीनियर्स दे रहा है। एलन के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. विपिन योगी ने कहा कि कहा कि यह शुरुआत घर के पास स्टूडेंट्स के सपने पूरे करने में सहायक होगी। उन्होनें बरेलीवासियों से अपील की है कि वे शहर में बेहतर इकोसिस्टम विकसित करने में सहयोग करें। सामूहिक प्रयासों से शहर में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। एलन बेहतर शिक्षा देगा लेकिन यहां आने वाले स्टूडेंट्स को बेहतर एनवायरमेंट देने का काम शहरवासियों को करना होगा। इससे बरेली को एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर किया जा सकता है। बरेली में सिविल लाइंस में प्रभा टॉकीज के पास रामपुर गार्डन में गैलेरिया बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर पर क्लासरूम कैम्पस का ऑफिस संचालित हो रहा है। जहां कक्षा जेईई-मेन, एडवांस्ड, नीट-यूजी के साथ कक्षा 6 से 10 तक के स्टूडेंट्स को बोर्ड, विभिन्न नेशनल व इंटरनेशनल ओलम्पियाड्स की तैयारी करवाई जाएगी। कक्षाएं 15 जनवरी से शुरू होगी। एलन कोटा में 20 वर्षों के अनुभव के साथ एलन बरेली मेंटर व बॉयोलॉजी के अनुभवी फैकल्टी डॉ. कुलदीप बालियान ने कहा कि हम कोटा जैसी एकेडमिक देने के लिए संकल्पित हैं और आने वाले समय में बरेली में पढ़कर ही बेहतरीन कॉलेजों में डॉक्टर्स और इंजीनियर बनाने का कार्य होगा। बच्चों को रेगुलर बेसिस पर कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट और एलन ऐप के माध्यम से होम वर्क, ऑनलाइन डाउट और टेस्ट पेपर डिस्कशन और एनालिसिस भी करवाया जाएगा। स्टूडेंट केयरिंग पर भी पूरा फोकस किया जाएगा। विद्यार्थियों को बेस्ट स्टडी मेटीरियल और बेस्ट फैकल्टीज का मार्गदर्शन उपलब्ध होगा, जिससे जो विद्यार्थी यहां से बाहर नहीं जा सकते वो यहीं रहकर अपने सपने पूरा कर सकें।

पर्वतीय समाज रामलीला में लक्ष्मण परशुराम संवाद का हुआ प्रभावशाली प्रसंग

बरेली (आज समाचार सेवा)। कुर्मांचल नगर के भोलेनाथ मंदिर परिसर में प्रभु श्री राम की रामलीला में दूसरे दिन के मुख्य आकर्षण गौरी पूजन, धनुष यज्ञ, विशेषकर लक्ष्मण परशुराम संवाद रहे। विशिष्ट अतिथि कर्नल होशियार सिंह बोहरा ए.एस.सी.कमांडर और बरेली महानगर के वरिष्ठ सभासद राजेश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर द्वितीय दिवस की रामलीला का शुभारंभ किया। संस्कृतिक प्रभारी पूरन दानू उद्घोषक की भूमिका खूबसूरती से निभा रहे हैं उनको सोमा परिहार पूरी तरह से सहयोग कर रही हैं। अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दियोलिया ने बताया कि रामलीला को देखने के लिए लोगों में काफी उत्साह है और वह सभी कलाकारों का तालियों से उत्साहवर्धन कर रहे हैं। महासचिव डॉ.नरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि शाम 8 बजे से लेकर 12 तक रामलीला शांतिपूर्वक मंचन किया जा रहा है। सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ अपनी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। राम रिया पंत, लक्ष्मण भूमिका सती, परशुराम उमेश बिनवाल, जनक गोविंद पाण्डे, बंदीजन प्रदीप जोशी ने भावपूर्ण अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस रामलीला में वरिष्ठ सलाहकार कुंवर सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष मदन सिंह बिष्ट(पूर्व सभासद कैंट), कोषाध्यक्ष इंदर सिंह बिष्ट, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत, जगदीश बिष्ट, तारा जोशी, अतुल डालाकोटी, दीपक धौनी, दीपक कलोनी, चंद्र प्रकाश जोशी, गोपाल सिंह राणा, संजय सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर**-बैंक रोड, **प्रयागराज**-3 लीडर रोड, **कानपुर**-बांस मण्डी, **झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादकः
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 पूर्ण संख्या-13265

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

संस्कारों की जननी है सनातन संस्कृति: डॉ दीपंकर गुप्त

बरेली (आज समाचार सेवा)। बाल रामायण के रचयिता डॉ दीपंकर गुप्त ने आज गोल्डन पब्लिक स्कूल, बरेली में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारों पर माता पिता अभिभावको को आज विशेष ध्यान देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज हम पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण में रंगे हुए हैं, हम अपनी भारतीय संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। ऐसे में भारतीय संस्कृति का संरक्षण कैसे संभव होगा। अत: हमें वर्तमान संदर्भ में प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की नितांत आवश्यकता है। बाल रामायण के माध्यम से वे अपने राष्ट्र धर्म और समाज की रक्षा और सेवा करने को प्रेरित हो सकेंगे। साथ ही वे श्रेष्ठ मानव बनने की ओर अग्रसर हो सकेंगे। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। साथ ही समस्त उपस्थित महानुभावों, प्रधानाचार्य, शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

नोएडा रामलीला में छा रहा है बरेली के कलाकारों की आवाज का जादू

बरेली (आज समाचार सेवा)। अपने शहर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। अपने देश की प्रसिद्ध रामलीला में से एक नोएडा सेक्टर 62 डी पार्क में 'श्री राम मित्र मंडल नोएडा' के द्वारा आयोजित 'श्री रामलीला महोत्सव-2026' में मुरादाबाद की संस्था 'श्री जानकी कला मंच' के कलाकार संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में रामलीला के विभिन्न प्रसंगों का मंचन कर रहे हैं। जिसमें बरेली आकाशवाणी के आकस्मिक उद्घोषक, रंगकर्मी, निर्देशक देवेन्द्र रावत और वरिष्ठ संगीतकार अजय विक्टर अपनी आवाज के माध्यम से रामभक्तों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। देवेन्द्र रावत ने बताया कि 'गढ़वाल सभा बरेली' की रामलीला में पांच वर्ष की उम्र में जुड़ा उसके बाद दिल्ली, मुम्बई और ऋषिकेश की रामलीला में भाग लिया और नए अध्याय लिखे। आज आकाशवाणी बरेली और रामपुर, फीचर फिल्में, सीरियल और रंगमंच में प्रभु श्री राम जी के आशीर्वाद से कार्य कर पाना संभव हुआ। कितना भी आवश्यक कार्य हो लेकिन शारदीय नवरात्र पर आयोजित रामलीला का मोह बरबस ही अपनी ओर खींच लाता है। इसी प्रकार अजय विक्टर ईसाई धर्म के होने के बाद भी प्रभु श्री राम की मन से सेवा करते हैं। वह कहते हैं कि कलाकार का सबसे बड़ा धर्म मानवता और इंसानियत है जो प्रभु श्री राम के प्रसंगों में सीख मिलती है।

कार्यालय उपनिदेशक(वि0/यॉ0) दूरभाष संख्या-0581-2315601

राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद,उ0प्र0

नवीन मण्डी स्थल ,डेलापीर, बरेली।

पत्रांकः वि0/यॉ0/निविदा/(बरेली)/2026-1255 ई-निविदा सूचना दिनांक- 15-10-2026

निम्नलिखित मण्डी स्थलों में प्रवेश एवं निकास द्वार पर पूर्व से स्थापित 60 एम0टी0 क्षमता के इलेक्ट्रानिक वे-ब्रिज की क्षमता वृद्धि एवं उच्ची करण के कार्यो को कराने हेतु ई-निविदायें वित्तीय रूप से सुदृढ़, वे-ब्रिज की मूल निर्माता/अनुभवी निर्माता कम्पनियों से दिनांक 06.11.2026 को आमंत्रित की जाती है उक्त ई-निविदाएं दिनांक 06.11.2026 को अपरांह 12:30 बजे से कार्यालय उपनिदेश (वि0/यॉ0), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, नवीन मण्डी स्थल, डेलापीर, बरेली में निविदादाता अथवा उनके उपस्थित प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। उक्त ई-निविदायें दिनांक 05.11.2026 की अपरांह 05:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन भरकर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि उपनिदेशक (वि0/यॉ0), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद बरेली के खाते में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा, ऐसा न होने की दशा में फर्म द्वारा डाली गई ई-निविदा को अवैध मानते हुऐ ई-निविदा पर विचार नही किया जायेगा एवं ई-निविदा नही खोली जायेगी। ई-निविदादाता को दिनांक 06.11.2026 को अपरांह 02:00 बजे तक समस्त बिड डाक्यूमेन्ट एवं पंजीकरण से सम्बन्धित समस्त आवश्यक प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा।

क0	कार्य का नाम	निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	कार्यपूर्ण करने की अवधि
1.	नवीन मण्डी स्थल, बरेली में 2 नग वे-ब्रिज की क्षमता वृद्धि का कार्य। 2026_RKUMP_1197443_1	2200.00	1,20,000.00	छः माह
2.	नवीन मण्डी स्थल, बहजोई मे 2 नग वे-ब्रिज की क्षमता वृद्धि एवं उच्चीकरण का कार्य। 2026_RKUMP_1197451_1	2500.00	1,40,000.00	छः माह
3.	नवीन मण्डी स्थल, नजीबाबाद में 2 नग वे-ब्रिज की क्षमता वृद्धि का कार्य। 2026_RKUMP_1197453_1	2200.00	1,20,000.00	छः माह
4.	नवीन मण्डी स्थल, मिलक मे 1 नग वे-ब्रिज की क्षमता वृद्धि एवं उच्चीकरण का कार्य। 2026_RKUMP_1197456_1	1450.00	60,000.00	छः माह

1. ई-टेन्डरिंग निविदाए दिनांक 05.11.2026 की अपरांह 05:00 बजे तक वेबसाइट के द्वारा प्राप्त की जायेगी। उसके उपरान्त वेबसाइट स्वतः बन्द हो जायेगी।
2. फर्म द्वारा ई-निविदा मूल्य का भुगतान RTGS/NEFT के माध्यम से उपनिदेशक (वि0/यॉ0), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद बरेली के खाता संख्या 30396138398, आई0एफ0एस कोड संख्या SBIN0005362, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा एकता नगर, बरेली में जमा करा कर बैंक से प्राप्त UTR No.की प्राप्ति रसीद को ई-निविदा के साथ ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है।
3. फर्म द्वारा ई-निविदा की धरोहर धनराशि की भुगतान RTGS/NEFT के माध्यम से उपनिदेशक (वि0/यॉ0), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद बरेली, खाता संख्या 30396138648, आई0एफ0एस कोड संख्या SBIN0005362, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा एकता नगर, बरेली में जमा करा कर बैंक से प्राप्त UTR No.की प्राप्ति रसीद को ई-निविदा के साथ ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है।

अन्य समस्त नियम एवं शर्तें कार्यालय कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अथवा उपरोक्त वेबसाइट पर आनलाईन देखी/पढ़ी जा सकती है।

उप निदेशक (वि0/यां0)

ओबीसी महासभा ने जातिगत जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। पूरनपुर (पीलीभीत)। ओबीसी महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यालय के निर्देश पर जिला इकाई पीलीभीत द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया।

ज्ञापन का नेतृत्व ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष रामनरेश कुशवाहा ने किया। ओबीसी महासभा ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि भारत में अन्य पिछड़ा वर्ग एक बड़ा सामाजिक वर्ग है। इस वर्ग की सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक स्थिति का सही आकलन करने तथा कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाने के लिए विश्वसनीय एवं वैज्ञानिक आंकड़ों की आवश्यकता है। इसके लिए जातिगत जनगणना में ओबीसी वर्ग की स्पष्ट एवं पृथक पहचान सुनिश्चित करना आवश्यक है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि जातिगत जनगणना के प्रपत्रों में ओबीसी के लिए पृथक कॉलम का प्रावधान किया जाए। अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों की जनसंख्या से संबंधित स्पष्ट, विश्वसनीय एवं वैज्ञानिक आंकड़े संकलित किए जाएं। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ओबीसी वर्ग की सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक स्थिति का समुचित आकलन किया जाए। पिछड़े वर्ग के संवैधानिक अधिकारों, प्रतिनिधित्व एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित नीतियों के निर्माण में प्रमाणिक आंकड़ों का उपयोग किया जाए। ओबीसी कॉलम के प्रावधान के संबंध में संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिलाध्यक्ष रामनरेश कुशवाहा ने कहा कि ओबीसी के लिए पृथक कॉलम के बिना पिछड़े वर्ग की वास्तविक स्थिति का समुचित आकलन करना कठिन होगा। सरकार को इस विषय को गंभीरता से लेना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में राम नरेश कुशवाहा जिलाध्यक्ष ओबीसी महासभा, एडवोकेट विकास सागर, एड0 लाल बहादुर कोहली, एड0 नरेश पाल गौतम, एड0 जैतराम पासवान, एड0 शिवसागर वर्मा, एड0 फखरुल मंजूरी, एड0 रामेश्वर दयाल कुशवाहा, एड0 प्रेम पाल, एड0 रामनरेश वर्मा आदि मौजूद थे।

भाकियू ने धान खरीद शुरू कराने सहित किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर (पीलीभीत)। धान खरीद शुरू कराने सहित किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) गुट ने मासिक पंचायत के उपरांत जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत गुरुवार को तहसील परिसर में तहसील अध्यक्ष सत्यपाल वर्मा की अध्यक्षता में हुई। पंचायत का संचालन रामगोपाल वर्मा ने किया। इसके बाद किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।ज्ञापन में गोपालपुर धान क्रय केंद्र तत्काल चालू कराने और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी केंद्रों पर खरीद शुरू करने की मांग की गई। किसानों ने मंडी के क्रय केंद्रों पर केवल बैनर लगे होने और धान खरीद न होने का आरोप लगाया। साथ ही राइस मिलरों द्वारा अवैध कटौती पर रोक लगाने की मांग की।जिला उपाध्यक्ष रामगोपाल वर्मा ने अजीतपुर बिल्हा और सिमरिया में बारिश से बर्बाद धान की फसल का सर्वे कराने तथा आवास प्लस योजना का सर्वे शुरू कराने की मांग उठाई। गेहूं की बुवाई से पहले आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजने की भी मांग की गई। ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार प्रजापति ने घुंघचिहाई में तैनात बिजली विभाग के एसडीओ पर किसानों से अभद्र भाषा में बात करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। तहसील अध्यक्ष सत्यपाल वर्मा ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करेगा।

भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के द्वारा किसानों की विभिन्न भागों को लेकर राजीव चौक पर जुलूस निकालकर जब जमकर नारेबाजी की

पुवाया शाहजहांपुर। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति केजिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र मिश्रा जी के नेतृत्व में आज सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ सिंचाई विभाग के डाक बंगला से पंचायत करने के बाद जुलूस के रूप में शासन प्रशासन पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राजीव चौक पर पहुंचे जहां राजीव चौक पर जमकर नारेबाजी प्रदर्शन करने के बाद पुलिस के द्वारा प्रदर्शन कर रहे किसान कार्यकर्ताओं को रोकने की काफी कोशिश की गई अंत में शाहजहांपुर मार्ग मोहम्मदी मोड पर पैदल मार्च कर रहे भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं को समझा बूझकर पुलिस के द्वारा रोका गया और किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष काफी मुश्किल के बाद उनकी समस्याओं का 10 दिनों में निराकरण करने का आश्वासन देने पर आकर्षित किसान यूनियन कार्यकर्ता माने।

आज के आंदोलन धरना प्रदर्शन मेंउपस्थित रहे लोगों में प्रमुख रूप से भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के राष्ट्रीय सचिव दीप कुमार मिश्रा वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राजू पाठक मंडल महासचिव राहुल मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष पिंटू यादव मंडल कार्यकारिणी सदस्य सरकार तिवारी मंडल मीडिया प्रभारी अजय त्रिवेदी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनिल त्रिवेदी सदाकत अली आलम सॉन्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष अली मोहम्मद जिला कार्यालय अध्यक्ष अंबर मिश्रा युवा जिला उपाध्यक्ष अमित तिवारी जिला उपाध्यक्ष आदि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे

लोक भारती कार्यकर्ताओं के द्वारा भैंसी नदी में जल प्रवाह शुरू होने पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया

शाहजहांपुर। लोक भारती के कार्यकर्ताओं के साथ भैंसी नदी में जलप्रवाह शुरू होने कीट्ठखुशीट्ठमेंट्ठटीमट्ठभैंसीट्ठने नदी किनारे हुए कार्यक्रम में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर हरीशंकरी का पौधारोपण किया गया, तथा एक ध्वज स्थापित कर, नदी तटबंध पर वृक्षारोपण किया।

भैंसी नदी पुनर्जीवन एवं संरक्षण अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम खुटार रोड भैंसी तट पर आयोजित किया।

कार्यक्रम में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर हरीशंकरी का रोपण किया गया, तथा एक ध्वज स्थापित कर, नदी तटबंध पर वृक्षारोपण किया। कार्यकर्ताओं

इस तट की देखभाल आचार्य अम्बिका प्रसाद गंगाई द्वारा की जायेगी। इस स्थान पर नियमित कार्यक्रम घोषित किए गये, हर अमावस्या एवं पूर्णिमा को सत्यनारायण की कथा होगी एवं मंगलवार को साप्ताहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ होगा तथा अन्य गतिविधियां भी संचालित होंगी... यह सब आचार्य अम्बिका प्रसाद द्वारा सम्पादित होगा।

आज के कार्यक्रम में पन्ना घाट के स्वामी रूद्र देवानंद , भाजपा के जिला मंत्री विपिन शुक्ला , प्रेमशंकर बाजपेई , विहिप सह जिला मंत्री प्रमोद सिंह , लोक भारती के जिला संयोजक लक्ष्मीकांत त्रिपाठी , एकल से संजय सूर्या , धर्मेंद्र शुक्ला , अधीर त्रिवेदी, मेवाराम , अनिल सक्सेना, सर्वेश सिंह, दिनेश बाजपेई, अम्बिका प्रसाद आचार्य, भाईलाल, पुवायां नगर से दिनेश श्रीवास्तव, प्रदीप, शिव लखन कश्यप आदि उपस्थित रहे।

भाजपा पर सपा जिलाध्यक्ष का निशाना, खानपान को लेकर उठाए सवाल

पूरनपुर (पीलीभीत)। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए खानपान को लेकर हो रही बयानबाजी पर सवाल उठाए हैं।

गुरुवार सुबह उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश में भाजपा के सहयोगी दल के नेता को लेकर टिप्पणी की। धर्मेश गंगवार ने सावन के महीने में मुर्गा और बकरा खाने के आरोपों का जिक्र करते हुए भाजपा पर तंज कसा। उन्होंने दलित समाज के खानपान पर पाबंदी लगाने की सोच को लेकर भी सवाल उठाए। उनके बयान के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। सपा जिलाध्यक्ष की टिप्पणी को भाजपा की नीतियों पर निशाने के रूप में देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में उन्होंने खानपान की स्वतंत्रता और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रति अलग-अलग नजरिए को लेकर अपनी बात रखी। हालांकि वीडियो के वायरल होने के बाद इस मामले में भाजपा की प्रतिक्रिया सामने आने की जानकारी नहीं है।

महिला चिकित्सालय में कथित वसूली पर दूसरे दिन भी नही हुई कार्रवाई, अधिकारियों की चुप्पी पर उठे सवाल

पूरनपुर (पीलीभीत)। महिला चिकित्सालय में कथित वसूली मामले में दूसरे दिन भी कोई कार्रवाई न किया जाना स्वास्थ्य महकमें के उच्च अधिकारियों की लापरवाही को उजागर कर रहा है। पीड़ित पक्ष द्वारा दिए गए बयानों के बावजूद इस मामले में अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। जिसको लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं।

ग्राम पंचायत देहात में स्थित 50 शैय्या युक्त महिला चिकित्सालय में प्रसव के दौरान कथित अवैध वसूली का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। ऑपरेशन के नाम पर तीन हजार रुपये लेने और करीब 15 हजार रुपये की बाहरी दवाएं मंगवाने के आरोपों के बीच पीड़िता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और अस्पताल में हंगामे के बाद भी कार्रवाई नहीं। दूसरे दिन भी जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।मामला भैंसासुर निवासी पूनम पत्नी बबलू से जुड़ा है। पीड़िता के मुताबिक, करीब 20 दिन पहले प्रसव पीड़ा होने पर पूनम को महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि दस दिन पहले ऑपरेशन से प्रसव कराया गया, जिसमें उसने बच्ची को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के नाम पर तीन हजार रुपये लिए गए और उपचार के दौरान करीब 15 हजार रुपये की अबतक बाहर से दवाएं मंगवाई गईं। उसके बाद भी महिला की हालत में अपेक्षित सुधार नहीं होने से नाराज परिजनों ने बुधवार को अस्पताल में हंगामा कर अपनी नाराजगी जताई। इसके बाद कथित वसूली का मामला भी चर्चा में आ गया। परिजनों के आरोपों और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बावजूद गुरुवार दोपहर तक कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।वीडियो वायरल, फिर भी कार्रवाई का इंतजार मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं होने से स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। सरकारी अस्पताल में उपचार के नाम पर रुपये लेने और बाहर से महंगी दवाएं मंगवाने के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनीष राज शर्मा का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले में कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में सवाल यह है कि सोशल मीडिया पर पीड़िता का वीडियो वायरल होने और मामला चर्चा में आने के बाद भी अब तक जांच और कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं की गई। फिलहाल परिजनों के आरोपों पर स्वास्थ्य विभाग की अगली कार्रवाई का इंतजार है।

तिलहर पुलिस को बड़ी सफलता, रंगदारी मांगने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

तिलहर/ शाहजहाँपुर- थाना तिलहर पुलिस ने घर में घुसकर अवैध असलहा दिखाकर रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार मोहल्ला निजामगंज निवासी राजेश कुमार शर्मा ने तहरीर देकर बताया था कि 6 लोगों ने एक राय होकर उनके घर में घुसकर अवैध तमंचा दिखाया और 2000 रुपये की मांग की। पैसा न देने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर थाना तिलहर पर बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को सुबह 11:40 बजे बिरिया बाबा धार्मिक स्थल के पीछे से घेराबंदी कर तीन अभियुक्तों को पकड़ लिया। अभिषेक सिंह (25) पुत्र सत्यभान, नि. अम्बेडकर मौजमपुर गौटिया मनोज कुमार (34) पुत्र रक्षपाल, नि. बारह पत्थर संतोष (31) पुत्र रक्षपाल, नि. बारह पत्थर, सभी थाना तिलहर पुलिस ने बताया कि तीनों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। अन्य तीन फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

नारी शक्ति मिशन के तहत तिलहर पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक, कहा छेड़छाड़ पर चुप न रहें, तुरंत पुलिस को बताएं

तिलहर/शाहजहाँपुर- महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर तिलहर कोतवाली पुलिस द्वारा नारी शक्ति मिशन के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चन्द्र पुलिस टीम के साथ पूर्वी भक्सी तिराहा और मंगल बाजार पहुंचे।

पूर्वी भक्सी तिराहा पर महिलाओं और बच्चियों को एकत्र कर पुलिस ने उनकी सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति छेड़छाड़ करता है, फोन पर परेशान करता है या किसी तरह की धमकी देता है तो चुप न रहें, तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने बताया कि थाने के सीयूजी नंबर पर सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचेगी और शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद पुलिस टीम मंगल बाजार पहुंची। यहां बाजार में खरीदारी कर रही महिलाओं को जागरूक करते हुए पुलिस ने अपने कीमती सामान, पर्स, मोबाइल और जेवरात को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और अप्रिय घटना की आशंका पर तुरंत पुलिस को बताने की अपील की। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि महिलाओं की हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और उन्हें बिना डर के पुलिस से मदद लेने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान दरोगा गौरव कुमार, गौरव शर्मा, कांस्टेबल अनिल सहित महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहीं।

मिशन शक्ति के छठवें चरण के अंतर्गत कन्या भोज का आयोजन किया गया

पुवायां - कन्या भोज में प्राथमिक विद्यालय कसभरा, प्राथमिक विद्यालय मठिया, प्राथमिक विद्यालय कुरगंजा, गढ़ी छावनी, पुवायां द्वितीय, हरदयाल कूंचा कसभरा मिशन, पीएम श्री पुवायां प्रथम , कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुवायां द्वितीय को आमंत्रित किया गया । खंड शिक्षा अधिकारी पुवायां ने सपत्नीक सभी बच्चों को उपहार वितरित किए । खंड शिक्षा अधिकारी पुवायाँ श्री कृष्ण कुमार ने कहा कि बरसों पहले तक समाज में बालिका के जन्म पर खुशी नहीं मनाई जाती थी लेकिन शासन और सरकार के लगातार प्रयासों से समाज में बालिकाओं के प्रति सोच में बदलाव हुआ है । बेसिक शिक्षा विभाग कन्या सुमंगला योजना माध्यम से कक्षा 8 तक की दो बच्चों तक वाले परिवार में एक बालिका या दोनों बालिकाओं को प्रोत्साहन दे रहा है । इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बण्डा नवीन पटेल, राकेश रोशन, हिमानी, मीनू रावत, अमिता शुक्ला, रबजोत कौर, मंगल प्रसाद, दीपक मित्रा, विचित्र मणि,ज्योति भारद्वाज, प्रिया सक्सेना, अरविंद शुक्ला, पल्लवी, रिया श्रीवास्तव, वैभव सक्सेना, गौरव त्रिपाठी, दिनेश राणा, जितेंद्र गुप्ता, राजवीर चौधरी, रजनीश बाजपेई उपस्थित रहे ।

चार घंटे हुए धरने के बाद हुई पैमाइश में सुरक्षित मिला रास्ता

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। कई ग्रामों को जाने वाले रास्ते को रेलवे ने अपनी हद में होना बताकर दीवार उठाने को लेकर खुदाई शुरू करवा दी। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में रोष पनप गया। बुधवार को विरोध के बाद रेलवे ने काम को रोक दिया था। बीते दिन सुचारू रूप से उक्त मार्ग का आवागमन जारी रखने की मांग को लेकर दर्जनों लोग धरने पर बैठ गये। चार घंटे चले धरने के बाद हुई पैमाइश में यह रास्ता सुरक्षित मिला। जिस पर संबंधित क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात के मोहल्ला रजागंज और अहमदनगर में शेरपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास रास्ते की समस्या को लेकर गुरुवार सुबह 10 बजे शुरू हुआ धरना प्रदर्शन दोपहर दो बजे समाप्त हो गया। रेलवे और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर रास्ते की पैमाइश की। इसमें मौजूदा रास्ता अपनी हद में पाया गया। पैमाइश के बाद अधिकारियों ने लिखित कार्रवाई कर उसकी रिपोर्ट स्थानीय लोगों को सौंप दी, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया।धरना स्थल पर पहुंचे सीनियर सेक्शन इंजीनियर नहरुलाल मीना, आरपीएफ चौकी इंचार्ज अनिल कुमार, कानूनगो सोमपाल राणा तथा लेखपाल कमल किशोर और अनिल चौधरी ने संयुक्त रूप से रास्ते की पैमाइश की। जांच में मौजूदा रास्ता सुरक्षित मिलने पर अधिकारियों ने लिखित रूप से स्थिति स्पष्ट की। वहीं, अहमदनगर की दूसरी ओर स्थित विवादित रास्ते पर निर्माण कार्य को लेकर सहमति बनने तक रोक लगाने पर सहमति बनी है। रास्ते की समस्या के समाधान के लिए करीब पांच लोग दिल्ली में सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से मिलने पहुंचे हैं। बताया गया है कि मंत्री ने रास्ते की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।स्थानीय लोगों का कहना था कि रास्ता बंद होने से आस-पास के गांवों का आवागमन प्रभावित हो सकता था। आपात स्थिति में एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस वाहन पहुंचने में भी परेशानी हो सकती है। लोगों ने 13 अक्टूबर को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार आशीष गुप्ता को सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की थी। गुरुवार को चार घंटे तक चले धरना प्रदर्शन के बाद पैमाइश और लिखित कार्रवाई होने से फिलहाल एक रास्ते को लेकर स्थिति स्पष्ट हो गई है। हालांकि, अहमदनगर के विवादित रास्ते का स्थायी समाधान होना अभी बाकी है। इस दौरान नाजिम खान, कासिम खान, कामरान खान, खुरशीद अहमद, फरहान खान, अलीम, गुड्डू, बरफू, शोयब, शाहिद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

शिर्डी के साईं बाबा की पुण्यतिथि पर भोजन करवाकर बांटी सामग्री

पूरनपुर (पीलीभीत)। श्री शिर्डी साईं बाबा की पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमंद लोगों को भोजन कराकर आवश्यक सामग्री वितरित की गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के संगठन मंत्री पूरनपुर निवासी प्रवीण चौहान ने शिर्डी के साइन बाबा की पुण्यतिथि पर गरीब जरूरतमंद लोगों को भोजन ग्रहण कराया। इस दौरान उन्होंने गरीबों जरूरतमंदों को आवश्यक सामग्री भी प्रदान की। प्रवीण चौहान ने बताया कि साईं बाबा की भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाने और दुखियों के जीवन में सहारा बनने में है। उन्होंने कहा कि उनका सदैव यही प्रयास रहता है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुँचे और कोई भी व्यक्ति अभाव के कारण स्वयं को अकेला महसूस न करे। श्री चौहान ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस मौके पर अर्पण तिवारी, घनश्याम मिश्रा, आर्यन चौहान, प्रिंसी चौहान, अंजली, शिखा, साईंवन, जगदंबा देवी, पुष्पा देवी आदि लोग भी प्रवीण चौहान के सहयोग में रहे।

आपकी जरूरतों के हिसाब से लगातार बेहतर बन रहा है एआई प्लस स्मार्टफोन

बरेली। एआई प्लस स्मार्टफोन ग्राहकों के सुझावों और उनके फोन इस्तेमाल करने के अनुभवों के आधार पर अपने प्रोडक्ट्स और सर्विसेस में लगातार सुधार कर रहा है। ग्राहकों के रिव्यू रोजाना फोन इस्तेमाल करने के तरीके और आफ्टर.सेल्स सपोर्ट के दौरान मिली जानकारी के आधार पर कंपनी कैमरे की स्थिरता कनेक्टिविटी और परफॉर्मेंस से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट बेहतर टेस्टिंग और कस्टमर सपोर्ट में सुधार कर रही है। कंपनी का उद्देश्य सिर्फग्राहकों के लिए प्रोडक्ट बनाना नहीं बल्कि उनके सुझावों के साथ मिलकर बेहतर अनुभव प्रदान करना है। इस बारे में बोलते हुए एआई प्लस स्मार्टफोन के ब्रांड मार्केटिंग और ग्रोथ हेड आर्ची गोगोई ने कहा एआई प्लस स्मार्टफोन में हमारा मानना है कि बेहतर टेक्नोलॉजी बनाने की शुरुआत उन लोगों की बात सुनने से होती है जो इसका इस्तेमाल करते हैं। ग्राहकों के सुझाव हमें समझने में मदद करते हैं कि हम क्या सही कर रहे हैं और कहाँ सुधार की जरूरत है। चाहे सॉफ्टवेयर अपडेट हों प्रोडक्ट की बेहतर टेस्टिंग हो या आफ्टर.सेल्स सपोर्ट हमारा ध्यान ग्राहकों से मिली जानकारी के आधार पर जरूरी सुधार करने पर है। जैसे.जैसे हम आगे बढ़ेंगे हम चाहते हैं कि हमारे ग्राहकों को यह भरोसा रहे कि एआई प्लस के अनुभव को बेहतर बनाने में उनकी राय की अहम भूमिका है।

अनमोल इंडस्ट्रीज ने पेश की भारतीय मिठाइयों की नई रेंज

सहारनपुर। अनमोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए सहारनपुर बाजार में भारतीय मिठाइयों की नई रेंज पेश की है। अब हर मिठास भी अनमोल की भावना के साथ पेश की गई इस नई रेंज में रसगुल्ला गुलाब जामुन सोन पापड़ी और बेसन लड्डू शामिल हैं। इस लांच के साथ ही कंपनी ने अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए भारतीय मिठाइयों की श्रेणी में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में कदम उठाया है। इस अवसर पर अनमोल की टीम के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। इनमें श्री मिथिलेश कुमार मिश्राए सीनियर मैनेजर मार्केटिंग श्री अनुज सिंघल एसएस सहारनपुर श्री हरीश कुमार आयलानी आरएसएम वेस्ट यूपीध्उत्तराखंड और श्री अमित कपिल एएसएम सहारनपुर शामिल रहे। इनके साथ वेस्ट यूपी और उत्तराखंड की पूरी टीम भी इस मौके पर उपस्थित थी। इस अवसर पर श्री अमन चौधरीए एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मार्केटिंग एंड इनोवेशन अनमोल इंडस्ट्रीज ने कहा सहारनपुर में इस नई रेंज की शुरुआत भारतीय मिठाइयों की श्रेणी में हमारी उपस्थिति मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने हेतु दिया शिकायती प्रार्थना पत्र

पुवाया शाहजहांपुर। सार्वजनिक ग्राम मार्ग पर ग्राम समाज की भूमि करीब 300 मी सरकारी भूमि को अवैध कब्जा करके रामनिवास नामक व्यक्ति ने धान की फसल बोल रखी थी । उक्त भूमि को कब्जामुक्त करने के लिए ग्राम नगरिया बुजुर्ग के ओमेंद्र विक्रम सिंह पूर्व प्रधान के द्वारा जिलाधिकारी की जनसुनवाई में 30 सितंबर को लिखित शिकायत की गई थी लेकिन जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी पुवाया को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए इसके बाद पूर्व प्रधान ओमेंद्र विक्रम सिंह के द्वारा उप जिलाधिकारी पुवायां को भी लिखित शिकायती पत्र दिया गया तो के द्वारा अवैध कब्ज़ा हटाए जाने के लिए शिकायतकर्ता को लिखित रूप से सूचना दी गई की अवैध कब्ज़ा हटाए जाने के लिए नायब तहसीलदार की अध्यक्षता वाली एक टीम बनाई गई है । उक्त पत्र में उप जिलाधिकारी के द्वारा कहा गया है कि जिलाधिकारी महोदय शाहजहाँपुर के जनता दर्शन के दौरान श्री ओमेन्द्र विक्रम सिंह पुत्र महिपाल सिंह आदि निवासीगण ग्राम नगरिया बुजुर्ग तहसील पुवायों द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए गांव से कनपारा शारदा नहर पर रास्ते पर अबैध अतिक्रमण को कब्जा मुक्त कराये जाने का अनुरोध किया गया है। अवैध कब्जा धारा के द्वारा बोया गया धान भी काट लिया गया है और बिक्री भी कर दिया गया अत: उक्त प्रकरण के निस्तारण हेतु नायब तहसीलदार पुवायों की अध्यक्षता में निम्नवत टीम गठित की जाती है- जिसमें चन्द्रिका प्रसाद, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक ।

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की दोनों शाखाओं में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नवरात्रि महोत्सव

पीलीभीत। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की सुरभि कॉलोनी एवं टनकपुर रोड शाखाओं में नवरात्रि महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर माँ दुर्गा की भक्ति, भारतीय संस्कृति और पारंपरिक रंगों से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं तथा नवरात्रि के आध्यात्मिक एवं नैतिक महत्व से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। सुरभि कॉलोनी शाखा में प्री-नर्सरी (च्छ्ब्) एवं नर्सरी (छब्) के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी देवी के विभिन्न स्वरूपों की आकर्षक वेशभूषा में विद्यालय आए। उनकी मनमोहक छवि ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं, के.जी. के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक डांडिया नृत्य में भाग लिया और पारंपरिक संगीत की धुनों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 7 एवं 8 की छात्राएँ माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों के रूप में सजकर आईं, जबकि छात्रों ने उत्साह के साथ डांडिया खेलकर उत्सव की रौनक बढ़ाई। विद्यार्थियों की सुंदर वेशभूषा और उत्साहपूर्ण सहभागिता ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। टनकपुर रोड शाखा में भी नवरात्रि उत्सव को विशेष उत्साह के साथ मनाया गया। सेहर, तनिष्का, प्रणवी, आशावी, आध्या, मायरा, सरगुन, एमी एवं जीवा ने माँ दुर्गा के नौ स्वरूपोंकृशैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी एवं सिद्धिदात्रीकृका आकर्षक रूप धारण किया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री देवेंद्र सिंह छाबड़ा जी एवं प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा छाबड़ा जी ने माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की। इस दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इन छात्राओं ने अपने सुंदर परिधानों और आत्मविश्वास से परिपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों की महत्ता को दर्शाया। इस अवसर पर प्री-नर्सरी (च्छ्ब्) एवं नर्सरी (छब्) के विद्यार्थियों ने नवरात्रि की थीम पर आधारित सुंदर वॉल हैंगिंग बनाकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने कला एवं शिल्प के साथ-साथ भारतीय त्योहारों की सांस्कृतिक विशेषताओं को भी समझा। अन्य विद्यार्थियों ने पारंपरिक गीतों पर डांडिया खेलकर उत्सव का भरपूर आनंद लिया। संगीत, नृत्य और बच्चों की खिलखिलाहट से विद्यालय का वातावरण उल्लासमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की महत्ता तथा नवरात्रि के आध्यात्मिक संदेश से अवगत कराया। उन्हें बताया गया कि नवरात्रि केवल पूजा-अर्चना का पर्व नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सम्मान, साहस, आत्मविश्वास और सकारात्मकता का प्रतीक भी है। यह पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की विजय तथा जीवन में सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है। दोनों शाखाओं में आयोजित इस उत्सव ने विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का सुंदर अवसर प्रदान किया। शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाया। विद्यालय प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा एवं प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनसे विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान, रचनात्मकता, अनुशासन, सहयोग एवं नैतिक मूल्यों का विकास होता है। इस प्रकार, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की सुरभि कॉलोनी एवं टनकपुर रोड शाखाओं में मनाया गया नवरात्रि महोत्सव श्रद्धा, संस्कृति, रचनात्मकता और उल्लास का सुंदर संगम बना। इस आयोजन ने सभी के मन में भक्ति, सकारात्मकता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को और प्रगाढ़ किया।

जिलाधिकारी ने पीलीभीत मण्डी एवं रूपपुर कमालू में स्थित धान क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

पीलीभीत। जिलाधिकारी आलोक कुमार ने मण्डी पीलीभीत में स्थित धान क्रय केन्द्रों एवं ग्राम रूपपुर कमालू के क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर नमी मापक यंत्र से धान की नमी की जांच कराई। उन्होंने क्रय केन्द्रों पर टोकन रजिस्टर, वेटिंग रजिस्टर, बोरा रजिस्टर एवं क्रय पंजिका का निरीक्षण किया, साथ ही जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि कृषकों के धान की मानक के अनुरूप खरीद की जाये। इस दौरान केन्द्र पर की जा रही तौल के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुये सम्बन्धित किसान से बातचीत की। उन्होंने केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जो किसान धान बिक्री हेतु केन्द्र पर आये उनकी तौल मानक के अनुरूप सुनिश्चित की जाये, अनावश्यक रूप से किसानों को परेशान न किया जाये और शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ प्रदान किया जाये। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि छोटे से छोटे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ दिया जाये। उन्होंने कहा कि दैनिक लक्ष्य के अनुरूप खरीद सुनिश्चित की जाये तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उच्च अधिकारियों को तत्काल अवगत कराये। जिलाधिकारी ने कहा कि मौसम के दृष्टिगत खुले में धान न रहे और जो भी नियमित खरीद की जाये उसका प्रतिदिन उठान सुनिश्चित किया जाये, किसी भी दशा में धान बरसात से गीला न होने पाये। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्टेªट, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बीसलपुर में पीडीए पंचायतों के जरिए स्थानीय समस्याओं को मिला स्वर

बीसलपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार 130 विधानसभा बीसलपुर में महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी 'दिव्या पी. गंगवार' के नेतृत्व में पीडीए जन-जागरूकता पंचायतों एवं चैपालों का आयोजन किया गया। पंचायतों में गन्ना किसानों के भुगतान, धान खरीद में पारदर्शिता, छुट्टा पशुओं से फसलों की सुरक्षा, ग्रामीण सड़कों की मरम्मत और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने जैसे स्थानीय मुद्दे उठाए गए। वक्ताओं ने किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं तथा पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के अधिकारों पर भी चर्चा की। दिव्या पी. गंगवार ने समाजवादी सरकार की समाजवादी पेंशन, कन्या विद्याधन, लैपटॉप वितरण और 108 एम्बुलेंस सेवा जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए सामाजिक न्याय, समान अवसर और जनसमस्याओं के समाधान पर जोर दिया। चैधरी प्रदीप सिंह पटेल, रूप लाल महातिया, सालिक राम गंगवार,निर्वाण सिंह, काशी नाथ, हरीश चंद्रमौर्य, नन्हे लाल कश्यप, रामवीर शर्मा, सुरेश कुमार मौर्य, नन्हे बख्श, इकरार बख्श,सुबोध गंगवार, राम खिलावन श्रीवास्तव, यामीन अहमद, मोहम्मद उमर, तुफैल अहमद,ओम पाल गंगवार, अवी गंगवार, पंकज कुमार, अमित कुर्मी राजेश गौतम सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्तामौजूद रहे।

बीसलपुर में डॉ. रत्नेश गंगवार के कार्यालय पर जुटे क्षेत्रीय लोग, जनसमस्याओं पर हुई चर्चा

पीलीभीत, बीसलपुर। 130 विधानसभा क्षेत्र बीसलपुर में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. रत्नेश गंगवार की राजनीतिक गतिविधियां और जनसंपर्क अभियान जारी है। बुधवार को बीसलपुर स्थित उनके केंद्रीय कार्यालय पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं, किसानों, युवाओं और बुजुर्गों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। आगामी चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। डॉ. रत्नेश गंगवार ने कार्यालय पहुंचने वाले लोगों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी बातें सुनीं। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। मुलाकात के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने विकास, रोजगार और अन्य जनसमस्याओं से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान युवाओं ने भी क्षेत्र के विकास और रोजगार के अवसरों से संबंधित मुद्दे उठाए। वहीं, मौजूद समर्थकों ने डॉ. गंगवार के साथ अपने अनुभव साझा किए। उनका कहना था कि जनता के बीच नियमित संपर्क बनाए रखना और उनकी समस्याओं को सुनना महत्वपूर्ण है। डॉ. रत्नेश गंगवार ने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता का स्नेह और विश्वास उनके लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बीसलपुर की जनता से उनका जुड़ाव पारिवारिक है और वह आगे भी लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनने के साथ क्षेत्र की समस्याओं को उचित मंच पर उठाने का प्रयास करते रहेंगे। उनके कार्यालय पर हुई इस मुलाकात को उनके जनसंपर्क अभियान के एक हिस्से के रूप में देखा जा रहा है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत। जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में आगामी दुर्गा पूजा, दशहरा एवं वाल्मीकि जयंती के दृष्टिगत रखते हुए पीस कमेटी की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सम्भ्रान्त व्यक्तियों द्वारा शहर में निराश्रित गौवंशों की समस्या से अवगत कराया गया व त्योहर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग की गई। जिलाधिकारी ने समस्त संभ्रान्त व्यक्तियों को आवश्स्त करते हुये कहा कि आपके द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बिजली, सड़क, साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाद में भी यदि कोई समस्या आती है तो तुरन्त प्रशासन को अवगत करा दें ताकि समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। जनपद के सम्भ्रान्त व्यक्तियों ने कहा कि पीलीभीत शांति अमन के लिए जाना जाता है और इसे बनाए रखने का हम सभी का दायित्व है। जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी समाज के सम्भ्रान्त व्यक्ति हैं नई पीढी के युवाओं को सोशल मीडिया पर बिना किसी जानकारी के किसी विषय पर अनावश्यक टिप्पणी करने से रोके, उन्हे जागरूक करें। बैठक में आये विभिन्न धर्मों के धर्मगुरूओं एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों से बातचीत करते हुये सभी से प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने कहा कि बिना अनुमति के किसी भी प्रकार का जुलूस निकाले जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। जुलूस निकालते समय अनुमति अवश्य लें, किसी भी नई परम्परा की शुरूआत न की जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत विसर्जन स्थलों पर बैरिकेडिंग व नाव तथा गोताखोरों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), नगर मजिस्टेªट, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर सहित अन्य पुलिस अधिकारी, संभ्रान्त व्यक्ति व धर्मगुरू उपस्थित रहे।

तालाब में डूबे ग्रामीण का 18 घंटे बाद मिला शव

दियोरिया कला। इलाबांस और किशनपुर के बीच स्थित तालाब में डूबे 50 वर्षीय जानकी प्रसाद राठौर का शव करीब 18 घंटे बाद मंगलवार सुबह बरामद हुआ। सोमवार शाम करीब पांच बजे हुई घटना के बाद से पुलिस, ग्रामीण और बाद में एनडीआरएफ की टीम तालाब में उनकी तलाश में जुटी थी। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी रामश्री का रो-रोकर बुरा हाल है। किशनपुर निवासी जानकी प्रसाद राठौर (50) पुत्र टीकाराम राठौर सोमवार शाम तालाब की ओर गए थे। इसी दौरान उनके साथ हादसा हो गया। मृतक के पुत्र प्रदीप ने बताया कि वह तालाब के पास पहुंचा तो उसने अपने पिता को पानी में डूबते हुए देखा। उसने पिता को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। करीब साढ़े पांच बजे 112 पुलिस को सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों के साथ तालाब में तलाश शुरू कराई। तालाब के बाहर जानकी प्रसाद के कपड़े और चप्पल पड़े मिले थे। इससे उनके तालाब में डूबने की आशंका और पुख्ता हो गई। देर रात तक तलाश के बावजूद उनका पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह भी खोजबीन जारी रही। एनडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर तालाब में अभियान चलाया। करीब 18 घंटे के लगातार प्रयास के बाद शव बरामद किया गया। जानकी प्रसाद के परिवार में पत्नी रामश्री के अलावा दो बेटे हैं। बड़ा बेटा प्रदीप कुमार करीब 22 वर्ष और छोटा बेटा सूरजपाल करीब 20 वर्ष का है। शव बरामद होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि घटना स्थल पर स्थानीय पुलिस एनडीआरएफ की टीम वन विभाग कानून को और लेखपाल भी मौके पर मौजूद रहे। तालाब के बाहर मिले थे कपड़े और चप्पल थाना अध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि लंबे प्रयास के बाद शव बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति और स्पष्ट होगी।

बिलसंडा पूर्ति निरीक्षक पर वसूली के गंभीर आरोप, परेशान कोटेदार ने एसडीएम को सौंपा इस्तीफा

बीसलपुर, पीलीभीत। बिलसंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत खजुरिया नवीराम में राशन वितरण व्यवस्था को लेकर विवाद सामने आया है। गांव के उचित दर विक्रेता (कोटेदार) ने पूर्ति निरीक्षक रविंद्र कुमार पर कथित अवैध वसूली और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। इस संबंध में कोटेदार ने उपजिलाधिकारी बीसलपुर नागेंद्र पांडेय को प्रार्थना पत्र सौंपकर अपना इस्तीफा स्वीकार करने की मांग की है। कोटेदार ने अपने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उससे 50 रुपये प्रति कुंतल के हिसाब से कथित वसूली का दबाव बनाया जा रहा है। उसने 2,200 से 2,400 रुपये तक की रकम का भी उल्लेख करते हुए अपनी परेशानी जाहिर की है। हालांकि, लगाए गए आरोपों की अभी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। कोटेदार ने खाद्यान्न उतारने की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उसका कहना है कि जब ट्रक और ट्रॉली उसकी दुकान तक आसानी से पहुंच सकते हैं, तो खाद्यान्न दुकान से करीब एक किलोमीटर दूर क्यों उतरवाया जा रहा है। कोटेदार के अनुसार, इस व्यवस्था के कारण उसे अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उस पर मानसिक दबाव भी बन रहा है। इसके अलावा, घर-घर जाकर राशन वितरण की जांच किए जाने को लेकर भी कोटेदार ने अपनी आपत्ति जताई है। मामले की जानकारी सामने आने के बाद जिला पूर्ति अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल, मामले में लगाए गए आरोपों की जांच और संबंधित पक्षों का पक्ष सामने आना बाकी है। अब निगाहें प्रशासन की जांच पर टिकी हैं कि कथित अवैध वसूली और मानसिक उत्पीड़न के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाती है या नहीं।

थाना अमरिया पुलिस ने हत्या की घटना के अभियोग में वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पीलीभीत। अमरिया कस्बे में तीन लोगों की मौत के मामले में थाना अमरिया पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 15 अक्टूबर 2026 को की गई। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में वार्ड नंबर 13, कस्बा अमरिया निवासी हर्षित गुप्ता पुत्र नरेश कुमार गुप्ता, रचित गुप्ता पुत्र संतोष कुमार गुप्ता, आशू उर्फ आशीष अरोड़ा पुत्र अशोक कुमार अरोड़ा और राकेश अरोड़ा पुत्र धर्मराज अरोड़ा शामिल हैं। इनके अलावा वार्ड नंबर छह निवासी विक्की मौर्या उर्फ नील कमल पुत्र लालाराम मौर्या को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, 12 अक्टूबर 2026 को अमरिया कस्बे में दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग की घटना हुई थी। इस घटना में तीन लोगों की मृत्यु हो गई थी। मामले में 13 अक्टूबर को रोहित गुप्ता पुत्र नरेश कुमार, निवासी अमरिया की तहरीर के आधार पर थाना अमरिया में मुकदमा अपराध संख्या 240,2026 दर्ज किया गया था। मुकदमा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में दर्ज किया गया, जिसमें कौशल गुप्ता, हर्षित गुप्ता, नरेश गुप्ता, संतोष कुमार, रचित गुप्ता, संचित गुप्ता और छह अज्ञात व्यक्तियों के नाम शामिल थे। पुलिस मामले में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले में पुलिस की आगे की कार्रवाई जारी है। शीर्षक में गिरफ्तारी की तारीख जोड़ेंगिरफ्तार आरोपियों की सूची संक्षिप्त करें गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 अमित सिंह, उ0नि0 राजेश कुमार, उ0नि0 तेजवीर सिंह, उ0नि0 मुनीर अहमद, हे0का0 अनिल कुमार, का0 अंकुर कुमार, का0 आकाश मान, का0 जोनी यादव, का0 मोहित पुण्डीर, का0 राहुल कुमार, का0 मनीष सिरोही, का0 पवन चैधरी, का0 अर्जुन कुमार और का0 उमेन्द्र सिंह उपस्थित रहें।

जनगणना-2027 के लिए पीलीभीत कलेक्ट्रेट में सहायता नियंत्रण कक्ष स्थापित, हेल्पलाइन नंबर जारी

पीलीभीत। जनगणना-2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने और जनगणना कार्यों की प्रभावी निगरानी के लिए जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट पीलीभीत में जनपद स्तरीय जनगणना सहायता नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने बताया कि जनगणना निदेशालय के निर्देशों के क्रम में स्थापित इस नियंत्रण कक्ष का हेल्पलाइन नंबर 05882-250500 जारी किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष जनगणना की प्रक्रिया समाप्त होने तक संचालित रहेगा। जनगणना सहायता नियंत्रण कक्ष को दो पालियों में संचालित किया जाएगा। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक और द्वितीय पाली शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक कार्य करेगी। नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को निर्धारित तिथियों में अवकाश नहीं दिया जाएगा। अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आकस्मिक परिस्थिति में अवकाश की आवश्यकता होने पर संबंधित कर्मचारी को अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से वैकल्पिक कर्मचारी की व्यवस्था कराकर जिलाधिकारी के संज्ञान में लाना होगा। नियंत्रण कक्ष में तैनात कर्मचारियों को दूरभाष पर प्राप्त होने वाली जनगणना संबंधी शिकायतों को पंजिका में दर्ज करना होगा। शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित नोडल अधिकारी के माध्यम से अधिकारियों एवं चार्ज अधिकारियों को पत्र भेजे जाएंगे। शिकायतों के निस्तारण के बाद प्राप्त आख्या भी पंजिका में दर्ज की जाएगी। जनपद की सभी तहसीलों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों से प्राप्त जनगणना संबंधी समस्याओं के समाधान की कार्रवाई का विवरण भी निर्धारित प्रारूप एवं रजिस्टर में सुरक्षित रखा जाएगा। प्रथम पाली के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। 16 से 31 अक्टूबर 2026 तक वरिष्ठ सहायक राम सिंह और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दिनेश कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। 1 से 15 नवंबर तक जिला पंचायत के आशुलिपिक रोहताश कुमार और लोक निर्माण विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गोविंदराम तैनात रहेंगे। वहीं, 16 से 30 नवंबर तक मत्स्य विभाग के कनिष्ठ सहायक रणधीर सिंह और जिला पंचायत के चपरासी ख्याली राम जिम्मेदारी संभालेंगे। द्वितीय पाली के लिए जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। 16 से 31 अक्टूबर तक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अनुग्रह प्रताप सिंह और जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के चपरासी संजीव कुमार मिश्रा की ड्यूटी रहेगी। 1 से 15 नवंबर तक जिला पंचायत कार्यालय के राजस्व निरीक्षक रमेश चन्द्र और मत्स्य विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गुलाब सिंह तैनात रहेंगे। इसके अलावा, 16 से 30 नवंबर तक जिला विकास अधिकारी कार्यालय के कनिष्ठ सहायक अजीत कुमार और निर्माण खंड के चपरासी महेश सिंह नियंत्रण कक्ष में कार्य करेंगे। प्रशासन के निर्देशानुसार दोनों पालियों के नोडल अधिकारी प्रतिदिन प्राप्त शिकायतों का विवरण कलेक्ट्रेट स्थित जनगणना सेल को उपलब्ध कराएंगे। नियंत्रण कक्ष की पंजिका प्रभारी के माध्यम से नियमित रूप से जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। जनगणना कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारी की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। जिला प्रशासन ने जनगणना-2027 से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करने की अपील की है, ताकि शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

ठेकेदार कल्याण सेवा समिति की नई कमेटी का गठन, पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

पीलीभीत। दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-01 में ठेकेदार कल्याण सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष सय्यद अफजाल हुसैन के नेतृत्व में कमेटी का गठन किया गया तथा सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी अभियंता श्री जैन उपस्थित रहे। इस दौरान अधिशासी अभियंता श्री जैन का समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष सय्यद अफजाल हुसैन ने ठेकेदारों को कार्य के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं से अधिशासी अभियंता को अवगत कराया। इस पर श्री जैन ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन देते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका समाधान कराने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अरविंद कुमार सिंह ने किया। बैठक में समिति के पदाधिकारियों सहित अन्य सदस्य एवं ठेकेदार साथी उपस्थित रहे।

विधायक बीसलपुर ने वृहद रोजगार मेले का किया उद्घाटन, चयनित 457 अभ्यर्थियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

पीलीभीत। जिलाधिकारी महोदय पीलीभीत के आदेशानुसार उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत मा0 प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों के निरन्तर सेवाकाल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने तथा विकसित भारत 2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के क्रम में जिला सेवायोजन, माडल कैरियर सेंटर, राजकीय आई0टी0आई0 तथा कौशल विकास मिशन, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीसलपुर पीलीभीत में दिनांक दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को प्रात: 10 बजे से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेले मेंनिजी क्षेत्र की लगभग 25 टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस वृहद रोजगार मेले का उद्घाटन विधायक बीसलपुर विवेक कुमार वर्मा ने किया। रोजगार मेले में अध्यक्षता डॉ0 हेमलता प्राचार्य राजकीय

स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। इस वृहद रोजगार मेले में कुल 25 विभिन्न कम्पनियों के एच0आर0 प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में 982 अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण कराया गया जिसमें से 457 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। उक्त रोजगार मेले में जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि के रूप में विवेक कुमार वर्मा, विधायक बीसलपुर ने रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किये। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभागी, चयनित अभ्यर्थियों एवं नियोजकों का स्वागत करने साथ प्रतिभागी व चयनित अभ्यथि

पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष का कचहरी में हुआ भव्य स्वागत

पीलीभीत। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अधिवक्ता संतराम राठौर के प्रथम बार पीलीभीत आगमन पर जिला कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। अधिवक्ता चैंबर के पास आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उन्हें बधाई दी और नई जिम्मेदारी मिलने पर हर्ष जताया। इस दौरान स्वागत करने वालों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग मोर्चा को नई मजबूती मिलेगी और समाज के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। जिला कचहरी परिसर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। फूल-मालाओं से स्वागत के बीच उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं का उत्साह देखने को मिला। सभी ने संगठन की मजबूती और पिछड़े वर्ग के लोगों के हितों के लिए मिलकर काम करने पर जोर दिया। स्वागत कार्यक्रम में सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव विवेक अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष संतराम राठौर और वर्तमान कोषाध्यक्ष नीरज जायसवाल समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे। सिविल बार के कोषाध्यक्ष एवं अधिवक्ता देवेंद्र वर्मा, अधिवक्ता नसीम खान और प्रदीप सागर सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी जिलाध्यक्ष को फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और बधाई दी। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके सदस्यों की सक्रियता और आपसी सहयोग पर निर्भर करती है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से समाज के लोगों की अपेक्षाएं जुड़ी हैं। उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने के साथ पिछड़े वर्ग की समस्याओं और हितों से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से उठाने की दिशा में काम होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ताओं ने जिलाध्यक्ष को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और समाज के लोगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। स्वागत कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

सुभाषित *उदासी मनुष्यको उसी प्रकार मार डालती है, जैसे कि एक क्रोधित सर्प किसी बच्चेको।* ❑ *भर्तृहरि शतक*

नोटिस और नसीहत

सर्वोच्च न्यायालयने गुरुवारको विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाताओंके नाम सूचीसे हटाये जानेको दी गयी चुनौतीकी याचिकापर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और इण्डी गठबन्धनको बड़ी राहत देते हुए चुनाव आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा अन्य आयुक्तोंको नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सर्वोच्च न्यायालयके इस कदमसे विपक्षी दलोंके नेताओंको ऊर्जा मिली है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकान्त और न्यायमूर्ति जायमाल्या बागचीकी बेंचने सुनवाईके दौरान यह भी कहा है कि हम नोटिस जारी कर रहे हैं और इससे पहलेसे लम्बित मामलोंके साथ टैग कर रहे हैं। चुनाव आयोगकी ओरसे कोई इस नोटिसको ले अन्यथा उन्हें भेज दिया जाय। लेकिन इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालयने राहुल गांधीके सुप्रीम कोर्ट मार्चको लेकर कड़ी नसीहत भी दी है और कहा है कि कोई भी न्यायपालिकाको डरा-धमका नहीं सकता है। सर्वोच्च न्यायालयने मार्च और उसके दौरान हुई अव्यवस्थाको लेकर सवाल भी उठाया है और कहा है कि इसपर राहुल गांधीको सफाई देनी होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकान्तका यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि हमें पता है कि कोर्टके बाहर क्या कहा जा रहा है और कोर्टके अन्दर क्या कहा जा रहा है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालयतक मार्चकी कोशिशोंको निरर्थक बताया और कहा कि इसपर कोई ध्यान नहीं देता है। हम किसी काल्पनिक दुनियामें नहीं जी रहे हैं। हमें हर बातकी जानकारी है। विपक्षकी तरफसे यह याचिका न्यायमूर्ति सूर्यकान्तके मिलनेसे इनकार करनेपर ही दाखिल की गयी थी। ११ अक्तूबरकी विपक्षी सांसदोंने प्रधान न्यायाधीशको पत्र लिखा था और ज्ञापन सौंपनेके लिए समय मांगा था लेकिन प्रधान न्यायाधीशने इनकार कर दिया था। इसके बाद १२ अक्तूबरको राहुल गांधी, प्रियंका, मल्लिकार्जुन खड़गे सहित विपक्षी सांसद सायंकाल अचानक सर्वोच्च न्यायालयके अन्दर पहुंच गये। उससे पूर्व सांसदोंने दिल्लीके बाराखम्भा रोडसे सर्वोच्च न्यायालयकी ओर मार्च निकाला था। एसआईआर प्रकरणको लेकर विपक्षने सात दिनोंमें पांच बार प्रदर्शन किया और १२ पार्टियोंके १३ नेताओंने याचिकाएं लगायीं। वस्तुत: विरोध-प्रदर्शन और याचिकाएं लगानेका अधिकार सभीको है लेकिन यह शान्तिपूर्ण और मर्यादित होना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालयतक मार्च निकालनेकी व्याख्याएं अलग-अलग की जा सकती हैं। लेकिन यह गरिमा और मर्यादाके अनुकूल नहीं है। सर्वोच्च न्यायालयने विपक्षी नेताओंको भी नोटिस जारी कर उन्हें नसीहत दी है और इसपर विपक्षको चिन्तन करनेकी आवश्यकता है। न्यायपालिकाका भी सम्मान आवश्यक है।

सजा ही नहीं, सन्देश भी

भौतिकवादी संस्कृतिकी बढ़ती प्रवृत्तिसे प्रस्फुटित होती कुप्रवृत्तियां परिवार और समाजके लिए कितना बड़ा खतरा बनती जा रही है, इसे मेरठमें पूर्व मर्चेण्ट नेवी अधिकारी सौरभ राजपूतकी की गयी निर्मम हत्याके परिप्रेक्ष्यमें देखनेकी जरूरत है। सौरभ अपनी पत्नी मुस्कान रस्तोगीका जन्मदिन मनाने मेरठ पहुंचा था। सौरभको अपनी पत्नीपर पूरा भरोसा था लेकिन उसे क्या पता था कि यहां उसके भरोसेकी हत्या हो जायगी। भारतीय सभ्यता, संस्कृति और संस्कार इतना पतनोन्मुख हो जायगा, किसीने कभी सोचा भी नहीं होगा। सौरभकी हत्या खुद उनकी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल शुक्लने क्रूरताकी सारी हदें पार करते हुए बीते वर्ष तीन मार्चको कर दी और शवको टुकड़ेमें बांटकर प्लास्टिकके नीले ड्रममें भरकर सीमेण्ट और कंक्रीटसे जमा दिया। इस घटनाने पूरे देश-समाजको झकझोर कर रख दिया। लोग इतने दहशतमें आ गये कि वे नीले ड्रमसे भी डरने लगे। यह एक पतिकी नहीं, बल्कि उसके भरोसे और अटूट विश्वासकी हत्या थी। इस मामलेमें अदालतके फैसलेका पीड़ित परिवार समेत पूरे देशको बड़ी बेसब्रीसे इन्तजार था। खचाखचभरी अदालतमें बुधवारको मेरठके जिला जज अरविन्द कुमार मिश्रने सौरभकी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिलको फांसीकी सजा सुनायी और दोनों दोषियोंपर ७० हजार रुपयेका जुर्माना भी लगाया। यह एक ऐतिहासिक फैसला है, क्योंकि पहली बार किसी महिलाको फांसीकी सजा सुनायी गयी है। प्रेमीके साथ मिलकर पतिकी हत्याकी यह कोई पहली घटना नहीं है लेकिन यह फैसला एक नजीर है और उन विवाहिताओंके लिए सबक है, जो इस तरहकी मानसिकतासे ग्रसित हैं। हिन्दू धर्ममें पतिको परमेश्वरके रूपमें देखा जाता है। सुहागिनें पतिके दीर्घायुकी मंगल कामना करती हैं और अखण्ड व्रत भी रखती हैं। ऐसे सांस्कृतिक परिवार और समाजमें पलने वाली लड़कियोंका कुण्ठाग्रस्त होना सभ्य समाजके गिरते स्तरको रेखांकित करता है। मुस्कान और साहिल जैसे लोगोंका समाजमें रहना खतरनाक है। अदालतका फैसला सिर्फ सजा ही नहीं, सन्देश भी है। हालांकि यह अन्तिम फैसला नहीं है फिर भी इसके दूरगामी परिणाम होंगे।

लोक संवाद

संघर्षसे बनाया इतिहास

महोदय,-डा.मैरी पूनन लुकोसका जन्म वर्ष १८८६ में हुआ। उनका जन्म एक ऐसे परिवारमें हुआ, जहां उनके पिता डाक्टर थे। मेरी पढ़ाईमें बहुत होशियार थीं। उन्होंने विज्ञान विषय लेकर आगे पढ़ना चाहा लेकिन हाईस्कूलकी परीक्षामें अव्वल आने और स्वर्ण पदक जीतनेके बावजूद उन्हें विज्ञान विषय नहीं दिया गया। उन्होंने हार नहीं मानी और उसी कालेजसे बीए किया। डिग्री प्राप्त कर इतिहास रच दिया। इसके बाद लंदन विश्वविद्यालयसे उन्होंने दो वर्षतक विज्ञानका अध्ययन किया, मेडिकल कालेजमें प्रवेश लिया। वर्ष १९१५ में चिकित्साकी डिग्री प्राप्त करनेके बाद उन्होंने महिला रोगोंके उपचार और प्रसूति विज्ञानमें विशेषज्ञता हासिल की। वर्ष १९१६ में उन्होंने त्रावणकोरके थैकाड महिला एवं बाल अस्पतालमें कार्यभार संभाला। उस दौरमें महिलाओंका प्रसव मुख्य रूपसे दाइयोंकी सहायतासे कराया जाता था। डा. मैरीने इस स्थितिको बदलनेके लिए दाइयोंकी बेटियोंको अस्पताल बुलाकर उन्हें प्रसूति सेवाका प्रशिक्षण दिया। लालटेनकी रोशनीमें सैकड़ों सिजेरियन प्रसव और जटिल शल्यक्रियाएं कीं। वे त्रावणकोर रियासतकी पहली महिला सर्जन जनरल बनीं। वे दुनियामें इस पदपर पहुंचने वाली पहली महिला भी थीं। अपने संघर्ष, दृढ़ संकल्प और अथक प्रयासोंसे डा. मैरीने महिलाओंके लिए विज्ञान और चिकित्साके क्षेत्रमें आगे बढ़नेके रास्ते खोले। **-रेणु सैनी, वाया ईमेल।**

मजबूत होता भारतका विकास दर

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा वित्तीय वर्ष २०२६-२७ के लिए भारतके सकल घरेलू उत्पादकी विकास दरके अनुमानको ६.४ प्रतिशतसे बढ़ाकर सात प्रतिशत करना देशकी अर्थव्यवस्थाके लिए सकारात्मक संकेत है। जब विकसित अर्थव्यवस्थाएं मंदीके दौरसे गुजर रही हैं, तब भारतकी विकास दरमें वृद्धि उत्साहजनक संकेत है।

❑ **महेन्द्र तिवारी**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा वित्तीय वर्ष २०२६-२७ के लिए भारतके सकल घरेलू उत्पादकी विकास दरके अनुमानको ६.४ प्रतिशतसे बढ़ाकर सात प्रतिशत करना भारतीय अर्थव्यवस्थाके लिए उत्साहवर्धक संकेत है। यह केवल एक संख्यात्मक वृद्धि नहीं है, बल्कि यह विश्व समुदायके उस अटूट भरोसेका प्रतीक है जो उसने भारतकी आर्थिक संभावनाओंपर जताया है। सात प्रतिशतकी यह जादुई विकास दर भारतको दुनियाकी सबसे तेजीसे बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओंकी सूचीमें सबसे ऊपर रखती है और यह स्पष्ट करती है कि वैश्विक चुनौतियोंके बावजूद देशका आर्थिक पहिया तेज गतिसे घूम रहा है। इस शानदार आर्थिक वृद्धिके पीछे सबसे बड़ा कारण देशकी अपनी मजबूत घरेलू मांग है। पश्चिमी देशोंकी तरह भारतीय अर्थव्यवस्था पूरी तरहसे केवल निर्यातपर निर्भर नहीं है, बल्कि यहांका विशाल मध्यवर्ग और उसकी उपभोग क्षमता अर्थव्यवस्थाको एक मजबूत ढाल प्रदान करती है। जब वैश्विक बाजारोंमें मांग कम होती है, तब देशके भीतरकी खपत उत्पादनको गिरने नहीं देती। पिछले कुछ वर्षोंमें लोगोंकी क्रय शक्तिमें जो सुधार आया है, उसने बाजारमें उत्पादों और सेवाओंकी मांगको निरन्तर बनाये रखा है। यह घरेलू मांग ही है जिसके कारण छोटेसे लेकर बड़े उद्योगोंतकका चक्र सुचारू रूपसे चल रहा है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रोंमें खपत बढ़नेसे विनिर्माण और खुदरा व्यापारको भारी लाभ मिल रहा है, जो अंतत: सकल घरेलू उत्पादके आंकड़ोंमें परिलक्षित हो रहा है। घरेलू मांगके साथ ही सेवा क्षेत्र इस विकास यात्राका एक बहुत महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है। भारतका सेवा क्षेत्र, विशेष रूपसे सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य और शिक्षा, न केवल देशके भीतर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भी अपनी धाक जमा रहा है। तकनीकके निरन्तर विस्तार और नवाचारने भारतीय उद्यमोंको वैश्विक स्तरपर प्रतिस्पर्धा करने योग्य बनाया है। वित्तीय सेवाओंके आधुनिकीकरण और लेन-देनकी नयी तकनीकी प्रणालियोंने भी व्यापारको आसान और पारदर्शी बनाया है। सेवा क्षेत्रका लगातार विस्तार न केवल विदेशी मुद्रा भंडारको बढ़ा रहा है, बल्कि यह लाखों युवाओंके लिए रोजगारके नये अवसर भी पैदा कर रहा है। ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्थामें भारतकी बढ़ती पैठ उसे भविष्यकी चुनौतियोंके लिए तैयार कर रही है। सरकार द्वारा बुनियादी ढांचेके विकासपर किया जा रहा भारी पूंजीगत व्यय भी इस सात प्रतिशतकी वृद्धिका एक प्रमुख वाहक है। नयी सड़कों, राजमार्गों, रेलवे मार्गों, हवाई अड्डों और बंदरगाहोंके निर्माणसे न केवल देशके विभिन्न हिस्से आपसमें बेहतर तरीकेसे जुड़ रहे हैं, बल्कि इससे माल ढुलाई और व्यापारकी लागतमें भी भारी कमी आ रही है। बुनियादी ढांचेपर खर्च किया गया धन अर्थव्यवस्थामें कई गुना अधिक प्रभाव डालता है। इससे निर्माण सामग्री उद्योगोंको सीधा लाभ मिलता है और दिहाड़ी मजदूरोंसे लेकर तकनीकी विशेषज्ञोंतक हर स्तरपर रोजगारका सृजन होता है। सरकारकी यह दूरदर्शी सोच अर्थव्यवस्थाको दीर्घकालिक मजबूती प्रदान कर रही है, जिससे भविष्यमें विकासकी रफ्तारको और भी तेज किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त विनिर्माण क्षेत्रमें जान फूंकनेके लिए लागू की गयी उत्पादन आधारित प्रोत्साहन जैसी योजनाओंका भी सकारात्मक असर दिखने लगा है। देशको वैश्विक विनिर्माणका केन्द्र बनानेकी दिशामें यह एक बड़ा कदम है। अब संचार उपकरणोंसे लेकर रक्षा सामग्री और बिजलीसे चलने वाले उपकरणोंतकका निर्माण बड़े पैमानेपर देशके भीतर ही हो रहा है। इससे आयातपर निर्भरता कम हो रही है और व्यापार घाटा भी सुधर रहा है। जब देशमें नयी औद्योगिक इकाइयां लगती हैं तो वे अपने साथ कुशल और अकुशल दोनों तरहके कामगारोंके लिए आजीविका लेकर आती हैं। युवाओंको रोजगार मिलनेसे उनकी आमदनी बढ़ती है, जिससे वे बाजारमें अधिक पैसा खर्च करते हैं और यह चक्र पूरी अर्थव्यवस्थाको लगातार गति प्रदान करता है। भारत जैसे विशाल देशमें असली आर्थिक विकास तबतक संभव नहीं है जबतक कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मुख्यधाराके साथ पूरी तरहसे कदम मिलाकर न चले। कृषि और उससे जुड़े उद्योगोंका देशके सकल घरेलू उत्पादमें बहुत बड़ा योगदान है। अच्छी उपज और बेहतर समर्थन मूल्यके कारण ग्रामीण आयमें जो वृद्धि दर्ज की गयी है, उसने कृषि उपकरणों और दैनिक उपयोगकी वस्तुओंकी मांगको तेज किया है। ग्रामीण क्षेत्रोंमें बढ़ता उपभोग इस बातका संकेत है कि विकासका लाभ केवल शहरोंतक सीमित नहीं है, बल्कि वह समाजके निचले पायदानतक भी पहुंच रहा है। आर्थिक समावेशनकी यह प्रक्रिया विकासको अधिक टिकाऊ और संतुलित बनाती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषके इस नये अनुमानका सीधा असर विदेशी निवेशकोंकी मानसिकतापर भी पड़ेगा। दुनियाभरके निवेशक हमेशा ऐसे बाजारोंकी तलाशमें रहते हैं जहां उन्हें स्थिरता, सुरक्षा और उच्च लाभकी गारंटी मिल सके। जब एक शीर्ष वैश्विक संस्था भारतकी विकास दरको बढ़ाती है तो यह निवेशकोंके लिए एक स्पष्ट संकेत होता है कि भारत निवेशके लिए सबसे सुरक्षित और लाभदायक स्थान है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेशके बढ़नेसे देशमें नयी तकनीक आती है, उत्पादन क्षमताका विस्तार होता है और वैश्विक बाजारोंतक हमारी पहुंच आसान हो जाती है। इसके साथ ही देशके प्रतिभूति बाजारोंमें भी सकारात्मक ऊर्जाका संचार होता है, जिससे आम निवेशकोंकी संपत्तिमें भी इजाफा होता है। हालांकि इस उच्च विकास दरके साथ कुछ चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं, जिनपर निरन्तर ध्यान देनेकी आवश्यकता है। मुद्रास्फीति यानी महंगी दरको नियंत्रित रखना सबसे बड़ी प्राथमिकताओंमेंसे एक है। यदि वस्तुओं और सेवाओंके दाम तेजीसे बढ़ते हैं तो वह आम आदमीकी क्रय शक्तिको कम कर देता है, जिससे अंतत: घरेलू मांग प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, जैसे युद्ध और आपूर्ति श्रृंखलामें आने वाली बाधाएं, कच्चे तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओंकी कीमतोंको अस्थिर कर सकते हैं। कृषि क्षेत्रपर जलवायु परिवर्तन और अनियमित मौसमका प्रभाव भी एक बड़ी चिन्ताका विषय बना रहता है। इसलिए विकासके इस आंकड़ेको बनाये रखनेके लिए जोखिम प्रबंधनपर विशेष जोर देना होगा। निष्कर्षके तौरपर कहा जा सकता है कि ६.४ प्रतिशतसे सात प्रतिशततकका यह सफर केवल एक मामूली-सा गणितीय बदलाव नहीं है, बल्कि यह एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्रकी मजबूत बुनियादका परिचायक है। सरकारकी नीतियां, उद्यमियोंका साहस और आम नागरिककी मेहनत मिलकर इस आर्थिक महाकाव्यको लिख रहे हैं। यदि आर्थिक सुधारोंकी यह प्रक्रिया इसी तरह बिना रुके चलती रही और सामने आने वाली चुनौतियोंका कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया गया तो भारतको एक विकसित और समृद्ध अर्थव्यवस्था बननेके लक्ष्यको प्राप्त करनेसे कोई नहीं रोक सकता। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषका यह अनुमान इस बातका अकाट्य प्रमाण है कि भारत सही दिशामें आगे बढ़ रहा है और आने वाले दशक पूरी तरहसे भारतीय अर्थव्यवस्थाके स्वर्णिम काल होने वाले हैं। सरकारकी नीतियां, उद्यमियोंका साहस और आम नागरिककी मेहनत मिलकर इस आर्थिक महाकाव्यको लिख रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषका अनुमान प्रमाण है कि भारत सही दिशामें आगे बढ़ रहा है और आने वाले दशक पूरी तरहसे भारतीय अर्थव्यवस्थाके स्वर्णिम काल होने वाले हैं। सरकारकी नीतियां, उद्यमियोंका साहस और आम नागरिककी मेहनत मिलकर इस आर्थिक महाकाव्यको लिख रहे हैं। यदि आर्थिक सुधारोंकी प्रक्रिया चलती रही और सामने आने वाली चुनौतियोंका कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया गया तो भारतको विकसित और समृद्ध अर्थव्यवस्था बननेके लक्ष्यको प्राप्त करनेसे कोई नहीं रोक सकता।

विश्वमें ट्रम्पकी धूमिल होती छवि

अमेरिकामें अबतक जितने भी राष्ट्रपति हुए हैं उनमेंसे डोनाल्ड ट्रम्पने इस पदकी प्रतिष्ठाको जिस प्रकार धूमिल किया है उससे आम अमेरिकियोंमें भी भारी रोष है। यहांतक कि ट्रम्पकी पार्टीमें भी बड़ी चिन्ता व्यक्त की जा रही है।

❑ **विजयनारायण**

पिछले दिनों यूरोपीय संघकी संसदने अपने परिसरमें ट्रम्पकी पत्थरकी एक टेढ़ी-मेढ़ी मरियल जैसी प्रतिमा लगायी। इसका मतलब यह बताया जा रहा है कि इस आदमीका कोई राजनीतिक स्तर नहीं है, कोई सोच नहीं है और यह आदमी भरोसेके लायक तो बिल्कुल ही नहीं है। यूरोपीय संसदमें लगी पत्थरकी इस मूर्तिकी फोटो सारी दुनियाके अखबारोंमें छपी है और टीवी मीडियाने यहांतक कि सोशल मीडियाने भी खूब प्रचारित किया है। इस घटनाकी आधिकारिक प्रतिक्रिया अभीतक अमेरिकाके राष्ट्रपति भवनसे नहीं आयी। यह भी हो सकता है कि राष्ट्रपति भवन इसकी प्रतिक्रिया देनेमें चिन्तित हो कि आखिर प्रतिक्रिया दी भी जाय तो क्या। वैसे यह मूर्ति अमेरिकाकी आजकी राजनीतिक सोच और राष्ट्रपतिके स्तरपर एक खुला व्यंग्य है। व्यंग्य तो अबतक अखबारोंमें कार्टूनके रूपमें छापे जाते रहे हैं लेकिन किसी संसदके परिसरमें इस तरहकी मूर्ति लगाना एक अभूतपूर्व व्यंग्य है। वैसे ऐसा लगता है कि अमेरिकी जनता ट्रम्पसे जुड़ी सारी वास्तविकताओंको समझती है और शायद चिन्तित भी है। इसलिए जनताके स्तरसे भी कोई प्रतिक्रिया अभीतक नहीं आयी है।

वैसे हाल ही में अमेरिकाने रूससे दो लाख लीटर डीजलकी खरीद की है। अमेरिकाका पूरा सौदा पांच लाख लीटर डीजलका है, जिसमेंसे बाकी खरीद बादमें की जायगी। इस घटनाने भी यूरोपमें ट्रम्पकी मानसिक स्थितिपर चिन्ता बढ़ गयी है। आखिर रूसने अमेरिकाको जब डीजल बेचनेका सौदा किया होगा तो यह सौदेबाजी भी इतनी आसान नहीं रही होगी। स्वाभाविक है कि ट्रम्पको इसके लिए झुकना पड़ा होगा और कुछ कूटनीतिक सौदेबाजी भी करनी पड़ी होगी। स्वाभाविक है कि इसमें ट्रम्पको झुकना पड़ा है और रूसको भारी फायदा हुआ है। इस समझौतेने रूसके राष्ट्रपति पुतिनकी हैसियत स्वाभाविक रूपसे बढ़ा दी है।यूरोपीय देशोंकी खासकर यूरोपीय संघकी प्रतिक्रिया भी कितनी तीखी हुई है इसका अन्दाजा इसी बातसे लगाया जा सकता है कि उसने रूसके साथ सभी व्यापारिक समझौतोंको और सम्बन्धोंको लगभग पूरी तरह समाप्त कर दिया। ऐसा लगता है कि यूरोपीय संघ अब यह समझने लगा है कि अब अमेरिकाके भरोसेपर भरोसा नहीं किया जा सकता है और समय आ गया है कि उसे अपने भरोसेपर खड़े होना चाहिए। वैसे यूरोपीय संघ और अमेरिकाके बीच सम्बन्धोंमें तनाव एक लम्बे अरसेसे बढ़ता जा रहा है। विगत कुछ महीनोंमें ट्रम्पने यह कोशिश जरूरत की कि इस बिगड़ते सम्बन्धको रोका जाय। कुछ कूटनीतिक पहल भी दोनों तरफसे हुई। यदि यह सम्बन्ध भरोसेका बना रहता तो अमेरिका और यूरोप दोनोंके हितमें होता, क्योंकि यूरोप और अमेरिका नाटोके माध्यमसे आपसी सुरक्षाके क्षेत्रमें एक-दूसरेसे बंधे हुए हैं। यदि आने वाले दिनोंमें इसका प्रभाव नाटोपर पड़ता है तो स्थिति आगे आने वाले दिनोंमें और भी खराब हो सकती है। इसके लिए जिम्मेदार यदि किसी एक व्यक्तिको माना जायगा तो उसका नाम डोनाल्ड ट्रम्प ही है। इस स्थितिको अमेरिकी संसद और डोनाल्ड प्रशासनमें बैठे हुए सभी अधिकारी समझते हैं। डोनाल्ड ट्रम्पका राष्ट्रपतिके रूपमें कार्यकाल मात्र सवा सालका बचा है। आगामी वर्ष नवम्बर महीनेमें अमेरिकामें नये राष्ट्रपतिका चुनाव होना है। ट्रम्प दो बार राष्ट्रपति रह चुके हैं और वे तीसरी बार राष्ट्रपतिका चुनाव नहीं लड़ सकते। शायद इसीका इन्तजार अमेरिकाके सभी जाने-माने राजनीतिज्ञोंको है, चाहे वे रिपब्लिकल पार्टीको हों या डेमोक्रेटिक पार्टीके। शायद अमेरिकी जनता भी इसी स्थितिका इन्तजार कर रही है और ट्रम्प इस सवा सालमें भी जो बवाल अमेरिकाके सामने उत्पन्न करेंगे उसे झेलनेके लिए भी वे तैयार बैठे हैं।

वास्तवमें ट्रम्पने अमेरिकाकी राजनीतिक विश्वसनीयताको इस हदतक गिरा दिया है कि उसे फिरसे सारी दुनियामें अपनी विश्वसनीयताको स्थापित करनेमें लम्बा समय लग जायगा। इस स्थितिसे ट्रम्पकी अपनी रिपब्लिकन पार्टीमें बड़े ही घबराहटकी स्थिति है। अगले ही साल अमेरिकाकी सीनेटके एक-तिहाई सदस्योंका चुनाव होना है। वर्तमान स्थितिमें तो ट्रम्पकी पार्टीको बहुमत प्राप्त है लेकिन आगामी वर्ष होने वाले चुनावमें वर्तमान स्थितिका खामियाजा रिपब्लिकन पार्टीको भुगतना पड़ेगा इसका अहसास उस पार्टीको भुगतना पड़ेगा। इसलिए इस पार्टीके लोग ट्रम्पकी वर्तमान गतिविधियोंपर कोई भी बयान देनेसे बच रहे हैं। साथ ही राष्ट्रपतिके आगामी चुनावमें किसी भी पार्टीका राष्ट्रपति हो उसे अन्तरराष्ट्रीय स्थितिको सम्भालने और अमेरिकाकी विश्वसनीयताको कायम करनेमें बड़ी ही मेहनत और चतुराईसे काम लेना पड़ेगा। पिछले दिनों अमेरिकाके भरोसेके मित्र सऊदी अरबपर हऊती विद्रोहियों द्वारा भीषण हमला करने और मिसाइलोंकी मारने अमेरिकाकी स्थितिको और भी बिगाड़ दिया। हऊती विद्रोहियोंको ईरानका खुला समर्थन प्राप्त है और विगत युद्धमें भी उन्होंने ईरानकी मदद सऊदी अरबपर मिसाइलोंसे हमला करके स्पष्ट कर दी थी। सऊदी अरबमें अमेरिकाके सैनिक ठिकाने भी हैं और उनके आधुनिक हथियार भी लगे हुए हैं, जिनमें मिसाइलें और लड़ाकू विमान भी शामिल हैं। लेकिन अमेरिकी सेना इस हमलेको भी नाकाम नहीं कर पायी। यह हमला इतना भीषण रहा है कि रियादके हवाई अड्डेको बन्द कर दिया गया है और वह अब भी बन्द है और यह कब खुलेगा यह कहना भी मुश्किल है। आश्चर्यकी बात यह है कि अमेरिकी सेना हाऊती विद्रोहियोंके सैनिक अड्डोंपर भी जवाबी हमले नहीं कर पा रही है। देखा यह भी गया था कि जब भी अमेरिकाने मिसाइलोंको विमानोंसे ईरानपर हमला किया है ईरानने उसके जवाबमें सऊदी अरबपर हमला किया है और इन हमलोंसे भी अमेरिका सऊदी अरबको बचा नहीं पाया। अमेरिकाकी इस स्थितिसे घबड़ा कर सऊदी अरबने अपनी सुरक्षाके लिए तुर्किए और पाकिस्तानसे मिलकर मक्का सुरक्षा तय किया। हालके हाऊती हमलोंमें यह गठबन्धन भी निष्क्रिय रहा है और वह सऊदी अरबको सुरक्षा देनेमें विफल रहा है। इससे सऊदी अरबकी चिन्ता और भी बढ़ गयी है। उधर यूरोपमें भी यूक्रेनकी चिन्ताका बढ़ना स्वाभाविक है। यूक्रेनको रूसके विरुद्ध लड़ाईमें अमेरिका सबसे बड़ा मददगार रहा है। उसने यूक्रेनको हथियार भी दिया है और आर्थिक मदद भी की। लेकिन हालके ट्रम्प और पुतिनके बीच डीजल बेचनेके समझौतेने यूक्रेनकी मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। यूक्रेनके लिए अब इसके बदले यूरोपीय संघने मदद बढ़ा दी है। वैसे यूक्रेनके राष्ट्रपति जेलेंस्कीने अपनी चिन्ता अभीतक सार्वजनिक रूपसे व्यक्त नहीं की है। रूस-यूक्रेन युद्धके तीन साल हो गये लेकिन युद्धकी समाप्तिका कोई भी रास्ता निकल नहीं पाया है। यदि यूक्रेन और रूस युद्धका विस्तार हुआ तो इसका असर यूरोपीय संघपर स्वाभाविक है। हालके दिनोंमें रूसने यूक्रेनपर कुछ भीषण हमले किये हैं। उसने यूक्रेनके विद्युत उत्पादन करने वाले कारखानोंको बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया। उनका इरादा अब शायद यूक्रेनको पूरी तरहसे पंगु बना देनेका है। लेकिन यूक्रेन एक ऐसा राष्ट्र है जो अभीतक लड़ रहा है और झुककर समझौता करनेको तैयार नहीं है। लगता है यूक्रेनको भी अमेरिकासे खुलकर मदद मिलनेमें अमेरिकी राष्ट्रपतिके अगले चुनावका इन्तजार है।

आत्मबोध

संस्कार

❑ **अनुज आचार्य**

संस्कार, संस्कृति और सभ्यता जीवनके तीन महत्वपूर्ण आधार हैं। संस्कार व्यक्तिको भीतरसे गढ़ते हैं, संस्कृति चेतनाको समाजतक पहुंचाती है और सभ्यता सामूहिक जीवनका बाहरी स्वरूप निर्मित करती है। संस्कारका मूल भाव है. मन, वचन और कर्मका परिष्कार। जब बालक अपने माता-पिता और गुरुजनोंका सम्मान करना सीखता है, सत्य बोलनेका प्रयास करता है, जरूरतमंदकी सहायता करता है, प्रकृतिके प्रति संवेदना रखता है और अपने कर्तव्यको ईमानदारीसे निभाता है, तब उसके भीतर संस्कारोंका निर्माण होता है। संस्कारकी सबसे बड़ी परीक्षा उस समय होती है जब व्यक्तिको देखने वाला कोई नहीं होता, फिर भी वह गलत रास्तेपर जानेसे स्वयंको रोक लेता है। यही भीतरकी जागरूकता संस्कारको केवल शिक्षासे अलग करके जीवन-मूल्य बनाती है। संस्कार जब व्यक्तिकी सीमाओंसे निकलकर परिवार, समाज और पीढ़ियोंके जीवनमें प्रवाहित होते हैं, तब संस्कृतिका निर्माण होता है। हमारी भाषा, साहित्य, लोकगीत, संगीत, कला, पर्व-उत्सव, पारिवारिक परम्पराएं, प्रकृतिके प्रति दृष्टिकोण, अतिथि-सत्कार, सह-अस्तित्व और आध्यात्मिक चिंतन-ये सभी संस्कृतिके व्यापक स्वरूपको व्यक्त करते हैं। इसलिए संस्कृति किसी समाजकी केवल पहचान नहीं, उसकी सामूहिक चेतना भी है। भारतीय संस्कृतिकी विशेषता रही है कि उसने जीवनको भौतिक उपलब्धियोंके साथ नैतिक और आध्यात्मिक मूल्योंसे जोड़कर देखा। वसुधैव कुटुम्बकम्, सर्वे भवन्तु सुखिन: और प्रकृतिके प्रति सम्मान जैसे विचार मनुष्यको केवल अपने हिततक सीमित नहीं रखते, बल्कि उसे व्यापक जीवन-जगतसे जोड़ते हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृतिमें धर्मका अर्थ केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि कर्तव्य, सदाचार और लोकमंगलकी भावनासे भी जुड़ा रहा है। सभ्यताका संबंध मुख्यत: मनुष्यकी बाहरी और संस्थागत प्रगतिसे है। विज्ञान, तकनीक, परिवहन, संचार, भवन, सड़कें, प्रशासन और आधुनिक संस्थाएं सभ्यताकी उपलब्धियोंको दर्शाती हैं। सभ्यता जीवनको सुविधाजनक बनाती है, लेकिन संस्कृति यह निर्धारित करती है कि उन सुविधाओंका उपयोग किस मानवीय उद्देश्यके लिए किया जाय। अत्याधुनिक साधन मनुष्यके हाथोंमें हों, लेकिन संवेदना और विवेकका अभाव हो तो विकास अधूरा रह जाता है। इसके विपरीत संस्कार और संस्कृतिसे जुड़ी आधुनिकता मानव कल्याणका प्रभावी माध्यम बन सकती है। संस्कार बीज हैं, संस्कृति उसका विकसित वृक्ष और सभ्यता उस वृक्षकी बाहरी छाया। बीज स्वस्थ होगा तो वृक्ष मजबूत होगा और वृक्ष मजबूत होगा तो उसके फल आने वाली पीढ़ियोंको मिलेंगे। इसलिए संस्कृतिकी रक्षा केवल बड़े आयोजनों और नारोंसे नहीं, बल्कि घर-परिवारके छोटे-छोटे आचरणोंसे होगी।

आर्थिक विषमता के बीच संघर्षरत जीवन

❑ **डा. प्रीतम भी. गेडाम**

गरीबी बहुत बुरी बीमारी है, यह अपने साथ सैकड़ों समस्याओंको लेकर आती है और जीवनमान और विकासको चरमरा देती हैं। लगातार बढ़ती आर्थिक विषमता गरीबीमुक्त देश बनानेमें रोड़े खड़े करती है, ऊपरसे महंगी, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी गरीबी कम होने नहीं देती। हर क्षेत्रमें राजनीतिक हस्तक्षेप और भाई-भतीजावाद दबाव बने रहता हैं। मिलावटखोरी, प्रदूषण, कांक्रीटके बढ़ते जंगल और कटते वन ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाते है, इससे प्राकृतिक आपदाएं आती है, बीमारियां बढ़ती है, सेहतपर बुरा असर पड़ता है, जिसकी सबसे बड़ी मार गरीब तबकेको झेलनी पड़ती हैं। गरीब तबकेको विविध सरकारी योजनाओंके बावजूद योग्य जीवनमान स्तरतक पहुंचनेमें बेहद मुश्किलें आती हैं। विश्व असमानता रिपोर्ट २०२६ अनुसार, देशमें शीर्ष दस फीसदी आबादीके पास राष्ट्रीय आयका ५८ प्रतिशत और ६५ प्रतिशत राष्ट्रीय संपत्ति है, जबकि निचले तबकेके ५० फीसदी जनसंख्याके पास केवल १५ प्रतिशत राष्ट्रीय आयका हिस्सा हैं। शीर्ष एक फीसदीके पास कुल राष्ट्रीय संपत्तिका लगभग ४० प्रतिशत हिस्सा हैं। विश्व आर्थिक मंच अनुसार, वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक २०२६ में भारत १४५ देशोंमेंसे १३१वें स्थानपर हैं। हर साल १७ अक्तूबरको 'अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस' गरीबी मिटानेके लिए जन-जागृति हेतु पूरे विश्वमें मनाया जाता हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस साल २०२६ को 'सभीके लिए सुरक्षित घर' यह थीम हैं। गरीबीमें दो वक्तकी रोजी-रोटीके इंतजाममें लोगोंका अधिकतम समय निकल जाता है, घर परिवार, बच्चोंके लिए पर्याप्त समय भी नहीं निकाल पाते। उनमें सेहत, शिक्षा, भविष्य और लोक-कल्याणकारी योजनाओंके प्रति जागरूकताकी कमी होती हैं। अधिकतर राजनीतिक दल भी चुनावके वक्त गरीबोंको याद करते हैं और उनसे किये गये बड़े-बड़े वादे समयनुसार भूल जाते हैं। गरीबीमें जन्मा बच्चा अपने आपको गरीबीकी दलदलसे निकालनेके लिए असंख्य संघर्षोंको सहता है, ताकि अपने साथ आनेवाली पीढ़ीको भी बेहतर जीवनस्तर मिल सकें, परन्तु चंद लोगोंके हिस्से ही यह कामयाबी आती हैं। गरीबीके कारण पेटभर अनाज नहीं मिलता उसमें भी पोषक आहार नहीं, साफ पीनेका पानी नहीं, रहनेकी सही एवं पर्याप्त जगह नहीं होती, मौसमके बदलावके हिसाबसे भी जीवन जीना बेहद कष्टदायक होता हैं। अधिक समयतक पेटभर खाना और पोषक आहार, शुद्ध जल, शुद्ध आक्सीजन शरीरको न मिलनेके कारण कुपोषण और गम्भीर स्वास्थ्य समस्याओंकी सम्भावना बनी रहती हैं। बीमार होनेपर बेहतर इलाज, दवाइयों और हेल्थ इंश्योरेंसतक पहुंच न होनेसे रोगका समयपर इलाज नहीं हो पाता, रोग गम्भीर होता जाता है और जीवन प्रत्याशा कम होती जाती हैं। घरकी माली हालतके कारण बहुत बार बच्चोंको जल्द स्कूल छोड़ना पड़ता है और परिवारको आर्थिक मददके लिए काम करना पड़ता हैं। हमारे देशमें बेरोजगारीकी स्थितिसे हम अच्छेसे वाकिफ है, थोड़ेसे चतुर्थ श्रेणी पदके लिए भी लाखों उच्च शिक्षित उम्मीदवारोंके आवेदन मिलते हैं, जिसमें अभियंता, प्रबंधन, पीएचडी पदवी धारकतक बड़ी संख्यामें होते हैं। आवेदनके लिए इन लाखों बेरोजगार युवा उम्मीदवारोंसे परीक्षा शुल्कके तौरपर करोड़ों रुपया सरकारके पास जमा होता हैं। उम्र निकल जाती है, लेकिन योग्यतानुसार रोजगार नहीं मिलता, योग्यतानुरूप रोजगार या नौकरी मिलना तो बहुत मुश्किल हैं। मनुष्यकी शिक्षा और रोजगार ही उसे गरीबीसे उबरनेका मौका देती है, यदि कोई कड़ी मेहनत करके उच्च शिक्षा हासिल करता है और नौकरी या रोजगारके योग्यता रखते हुए भी वह रोजगार प्राप्तिसे वंचित होता है तो उसके और उसके परिवारके सपने चकनाचूर हो जाते हैं। नौकरीके लिए भ्रष्टाचार, पेपर लीक और राजनीतिक दबावकी खबरें भी अक्सर सुर्खियोंमें होती है, फिर ऐसे परिस्थितिमें गरीबीकी जंजीरोंको कैसे तोड़कर व्यक्ति बाहर निकलेगा।बढ़ती बेरोजगारीके कारण उच्च शिक्षित युवा भी जो काम मिले, वह करनेको तैयार हो जाते हैं, कम शिक्षा वाले युवाके साथ कम आय वाला शारीरिक श्रम भी करते हैं। कौशलकी कमी और संसाधनोंके कारण भी बेरोजगारी बढ़ती हैं। गरीबीमें असुरक्षित आवास, भीड़-भाड़ वाली तंग गली, गंदी नालियां, झोपड़पट्टी, कचरा, अस्वच्छता और मच्छर-मक्खियोंका प्रकोप, अनधिकृत बस्तियोंमें रहने या बेघर होनेसे पर्यावरणसे जुड़े खतरोंको भी सहना पड़ता हैं। ऐसे निकृष्ट दूषित वातावरणमें बीमारी, नशाखोरी और अपराध गतिविधियोंका बोलबाला होता हैं। ऐसे परिस्थितिमें रहनेके कारण मनुष्यकी सोच-समझपर गहरा आघात होता है, हमेशा पैसोंकी तंगीके बारेमें विचार करना, अपनी इच्छा, आकांक्षाओंको मारकर अधिकतर कर्जके बोझ तले घुट कर जीते हैं, सामाजिक बदनामी, पारिवारिक कलह, तनाव, बैचेनी शरीरके साथ मानसिक स्वास्थ्य भी खराब करती हैं। गरीबोंको अधिकतर सामाजिक, जातिवादी भेदभावका शिकार होना पड़ता हैं। उनके हिस्से राजनीतिक प्रतिनिधित्वकी भूमिका नहीं के बराबर होती हैं। जागरूकताकी कमी और सामाजिक सुरक्षितताकी कमीके कारण वे अपराध या शोषणका शिकार होनेके खतरेमें जीनेको मजबूर होते हैं। जिस देशमें उन्नत स्वास्थ्य सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली और योग्यतानुरूप काम मिलता है, जिसके लिए कोई अलगसे शुल्क वसूला नहीं जाता, बिना किसी भेदभावके सबको समान मौके मिलते हैं, वह देश तरक्कीकी राहपर होता हैं। यदि यह स्थिति हमारे भारत देशमें हो तो गरीबीको जड़से खत्म किया जा सकता है, क्योंकि गरीबीसे निबटनेके लिए सबसे ज्यादा खर्चा स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगारपर ही होता हैं। यदि यह तीनों सेवाएं उन्नत स्तरपर प्रत्येकको मुफ्तमें मिलने लगे तो हर व्यक्ति सक्षम, काबिल, जिम्मेदार और जीवनमानको बेहतर बनानेमें कुशल होगा। फिर जनताको मुफ्त अनाज, बिजली, पानी देनेकी जरूरत नहीं होगी, क्योंकि गरीबीके दलदलसे उबरकर व्यक्ति इस काबिल होगा कि सब खर्चे वह खुद वहन कर सकेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगारकी उपलब्धतामें अनेक पीढ़ियोंकी जिन्दगियां खत्म हो जाती हैं, फिर भी उनतक यह सहज पहुंच नहीं बना पाती। देशमें गरीबोंको सामाजिक समरसतामें प्रस्थापित करने हेतु उन्हें काबिल बनाना बहुत जरूरी है, ताकि वे खुद अपना विकास कर सकें। सरकारने भ्रष्टाचारपर नकेल कसकर स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा और रोजगारपर सर्वाधिक बजट रखना चाहिए। हर हाथको कुशलता और योग्यतानुरूप काम मिलना चाहिए। बीमारीके इलाजमें पैसोंकी कमीके कारण किसी भी गरीबकी जान नहीं जानी चाहिए। सबको पोषक आहार, स्वच्छ जल और शुद्ध आक्सीजन मिलना चाहिए। देशमें सक्षम नागरिक बनानेपर जोर देना चाहिए।

डीएम के प्रतिबंध के बावजूद सड़कों पर दौड़ रहे खनन वाहन

शाकुंभरी देवी मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर उठे सवाल, फतेहपुर-कलसिया मार्ग पर रातभर गुजर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपर

आज समाचार सेवा

छुटमलपुर। मां शाकुंभरी देवी मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर जिलाधिकारी द्वारा खनन वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद फतेहपुर-कलसिया मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपरों की आवाजाही जारी है। छुटमलपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर बड़े भूखंडों में मिट्टी भराव का काम भी चलने की बात सामने आई है। ऐसे में प्रशासनिक आदेशों के अनुपालन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

जिलाधिकारी ने नवरात्र मेले के दौरान 10 से 26 अक्टूबर तक शाकुंभरी देवी जाने वाले मार्गों पर खनन वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद रुड़की रोड स्थित एक बाग, चमारीखेड़ा-छुटमलपुर कट के पास एक भूखंड और आसपास के क्षेत्रों में मिट्टी भराव के लिए वाहनों की आवाजाही जारी होने का आरोप है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मिट्टी से भरे वाहन बड़कला पुलिस चेकपोस्ट, ज्योति किरण चेकपोस्ट और फतेहपुर-कलसिया तिराहे के सामने से गुजरते हैं। रात के समय भी इन वाहनों की आवाजाही होने की बात कही जा रही है। थाना फतेहपुर के सामने से वाहनों के गुजरने के बावजूद प्रतिबंध के प्रभावी पालन को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। शाकुंभरी देवी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराने और मिट्टी भराव के लिए हो रहे वाहनों के संचालन की जांच कराने की मांग की है। हालांकि, इस संबंध में संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने नहीं आया है।

नाली निर्माण के विवाद में मारपीट, कई लोग घायल

नकुड़ (सहारनपुर)। नगर में नाली और पुलिया निर्माण को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने घायल पक्ष की तहरीर के आधार पर चार नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव शेखपुरा निवासी रणवीर सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि बुधवार शाम करीब छह बजे वह अपने क्लीनिक पर बैठे थे। आरोप है कि रास्ते में नाली निर्माण को लेकर हुए विवाद के दौरान पड़ोसी जयप्रकाश कोरी, रोचिन, नदीम, असद और अन्य लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे नरेश, सुनील, हरीशचंद और अतुल के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। तहरीर के मुताबिक, आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला किया, जिसमें रणवीर सिंह और सुनील को गंभीर चोटें आईं।

आरोप है कि मौके पर भीड़ एकत्र होने पर हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

शिक्षक एवं स्नातक चुनाव को लेकर विधायक राजीव गुंबर ने शिक्षकों से किया संपर्क

आज समाचार सेवा

- बी.डी. बाजोरिया इंटर कॉलेज में प्रबंधक शैलेंद्र भूषण गुप्ता के साथ शिक्षकों से की चर्चा, 23 अक्टूबर को मतदान में सहयोग की अपील

सहारनपुर। शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में नगर विधायक राजीव गुंबर ने बी.डी. बाजोरिया इंटर कॉलेज पहुंचकर विद्यालय के प्रबंधक शैलेंद्र भूषण गुप्ता के साथ शिक्षकों एवं मतदाताओं से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने आगामी 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान के संबंध में चर्चा करते हुए पार्टी समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

विधायक राजीव गुंबर ने शिक्षकों से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन चुनावों के माध्यम से शिक्षकों और स्नातकों को अपनी अपेक्षाओं एवं हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रत्याशियों के चयन का अवसर मिलता है। उन्होंने मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने और मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया।

इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक शैलेंद्र भूषण गुप्ता के साथ शिक्षकों के विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। विधायक ने शिक्षकों से पार्टी समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन देने की अपील करते हुए चुनाव में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

संपर्क अभियान के दौरान शिक्षकों ने विधायक के साथ संवाद किया और चुनाव को लेकर अपना सकारात्मक रुख व्यक्त किया। आयोजकों के अनुसार, शिक्षकों की ओर से सहयोग का आश्वासन भी मिला।

विधायक राजीव गुंबर ने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत का महत्व है। उन्होंने 23 अक्टूबर को मतदान के दिन मतदाताओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस संपर्क अभियान को शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद चुनाव के मद्देनजर समर्थन जुटाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

हाउस अरेस्ट के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे टिंकू अरोड़ा

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी के नेता टिंकू अरोड़ा ने कथित तौर पर लगातार हाउस अरेस्ट किए जाने के विरोध में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की बात कही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दो माह से सहारनपुर में सपा नेताओं को अलग-अलग मौकों पर नजरबंद किया जा रहा है, जिससे वे राजनीतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ जनता के सुख-दुख में भी शामिल नहीं हो पा रहे हैं। टिंकू अरोड़ा ने बताया कि इससे पहले भी उन्हें करीब 10 दिन और पांच दिन तक हाउस अरेस्ट रखा गया था। उनके अनुसार, छह अक्टूबर 2026 की रात से उन्हें फिर नजरबंद किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान उन्हें जनहित के कार्यों के लिए अधिकारियों से मिलने और सरकारी कार्यालयों तक जाने की अनुमति भी नहीं दी जा रही है। सपा नेता ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर रोक बताते हुए कहा कि सत्ता पक्ष के दबाव में विपक्षी नेताओं को जनता के मुद्दे उठाने से नहीं रोका जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सपा कार्यकर्ताओं की गतिविधियों पर रोक लगाकर वर्ष 2027 के राजनीतिक माहौल को प्रभावित करना चाहती है।

टिंकू अरोड़ा ने कहा कि अधिकारियों से बातचीत के बाद अब वह हाउस अरेस्ट के खिलाफ उच्च न्यायालय में रिट दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि जनहित की आवाज दबाने की कोशिशों का विरोध किया जाएगा। हालांकि, हाउस अरेस्ट के संबंध में पुलिस और प्रशासन का पक्ष सामने नहीं आया है।

पुल खुमरान से बेहट अड्डा तक अतिक्रमण हटाया, जुमार्ना भी वसूला

सहारनपुर। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने आज बेहट बस अड्डा से पुल खुमरान तक तथा गोल कोठी से लेकर रायवाला चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अस्थायी अतिक्रमण हटाने के साथ ही सड़क पर सामान फैलाकर बैठे दुकानदारों से जुमार्ना भी वसूला गया। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ दस्ता बेहट बस अड्डा पहुंचा तो अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गयी। लोगों ने आनन फानन में अपना सामान दुकानों में भर लिया। बेहट बस अड्डा से पुल खुमरान के अलावा गोल कोठी से लेकर रायवाला चौक तक भी अभियान चलाया गया। घासकांटा के अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्लैकिंट, साइकिल, व मोटर साइकिल के दुकानदार सड़कों पर सामान फैलाये हुए थे। ऐसे दुकानदारों से जुमार्ना वसूला गया।

अभियान के दौरान दो दर्जन से अधिक स्थानों से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया और 6700 जुमार्ना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान निगम अधिकारियों के अलावा प्रवर्तन दल के रणदीप, बिक्रम, अमित, मेहरबान, विकास, नितिन, तौसीफ आदि शामिल रहे।

मां शाकुंभरी देवी के दरबार में विदेशी श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

सहारनपुर। शिवालिक की पावन पहाड़ियों में स्थित सिद्धपीठ मां शाकुंभरी देवी के दरबार में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था देखने को मिल रही है। इसी क्रम में विदेशी पर्यटकों ने भी मां के दर्शन कर माथा टेका और मंदिर की धार्मिक परंपराओं को करीब से जाना। उनकी मौजूदगी भारतीय आध्यात्मिक विरासत और सनातन संस्कृति के प्रति वैश्विक आकर्षण की झलक प्रस्तुत करती नजर आई।

मां शाकुंभरी देवी का सिद्धपीठ श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु पहुंचकर मां के दर्शन करते हैं और सुख-समृद्धि एवं परिवार के कल्याण की कामना करते हैं। मंदिर परिसर में विदेशी पर्यटकों की उपस्थिति ने यह भी दशार्या कि भारतीय संस्कृति और प्राचीन धार्मिक परंपराओं के प्रति दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आने वाले लोगों की रुचि बनी हुई है।

विदेशी पर्यटकों ने मंदिर के आध्यात्मिक वातावरण और धार्मिक परंपराओं को करीब से देखा। मां के दरबार में उनकी उपस्थिति ने आस्था के उस स्वरूप को रेखांकित किया, जो भाषा, देश और सीमाओं से परे लोगों को जोड़ता है।

जिलाधिकारी के निर्देशन में मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं की भी सराहना की गई। प्रशासन की ओर से दर्शन और मेले के दौरान व्यवस्थाएं सुचारु बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मिशन शक्ति के तहत बच्चों ने किया बैंक का भ्रमण

छुटमलपुर। प्राथमिक विद्यालय छुटमलपुर नंबर-2 में मिशन शक्ति फेज-6 के पांचवें दिवस पर विद्यार्थियों को भारतीय स्टेट बैंक की फतेहपुर शाखा का भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने बैंकिंग व्यवस्था को करीब से समझा और केवाईसी, विड्रॉल फॉर्म, खाता खुलवाने के आवेदन तथा रुपये के लेनदेन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। शिक्षक अंजली आर्य ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित गतिविधियां बालिकाओं के लिए महत्वपूर्ण और उद्देश्यपरक हैं। अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को समानता, आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन कर सकें तथा आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य का निर्माण करें।

भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक उदित सैनी ने बच्चों को बताया कि विद्यालय की यूनिफॉर्म के लिए मिलने वाली धनराशि भी डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में भेजी जाती है। बैंक कर्मचारी प्रमोद सिंह पुंडीर, तान्या नेगी, सौरभ सिंह, अमित कुमार, शिवकुमार, दीपक कुमार और विनीत ने विद्यार्थियों को अपनी-अपनी काउंटर सेवाओं और बैंकिंग कार्यों की जानकारी दी।

मंदिरों के अलावा घरों में भी रोजाना माता का गुणगान

गंगोह- नगर एवं क्षेत्र में माता के जयकारों की गूंज लगातार बढ़ रही है। मंदिरों के अलावा घरों में भी रोजाना माता का गुणगान किया जा रहा है। पंचम नवरात्र पर मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई। क्षेत्र इस समय पूरी तरह मां दुर्गा की भक्ति में डूबा हुआ है। मंदिरों में लगातार पूजा-पाठ किए जा रहे हैं। वैष्णों धाम, राम बाग, नव दुर्गा, महादेव कुटी, भुवनेष्वरी पंचायती मंदिर व पीठ बाजार स्थित काली मंदिर में नवरात्र के चलते रोजाना श्रद्धालुओं पूजा-अर्चना के लिए आ रहे है। वातावरण इस समय पूरा भक्ति भाव का बना हुआ है। पीठ बाजार माता मंदिर से रोज निकलने वाली ज्योति वातावरण को और माता के रंग में रंग रही है। इस समय मां शाकुंभरी देवी जाने वालों की संख्या में वृद्धि होती जा रही है। ऐसी मान्यता है कि मां के इस रूप का दर्शन करने से भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। नवरात्रों में मां के दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है।

अरबीन चौहान हत्याकांड में दो और आरोपी गिरफ्तार

आज समाचार सेवा

- अब तक पांच आरोपी पहुंचे जेल, पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लकड़ी के डंडे भी किए बरामद

गंगोह (सहारनपुर)। टायर फैक्ट्री मालिक अरबीन चौहान हत्याकांड में पुलिस ने दो और नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त लकड़ी के डंडे भी बरामद किए गए हैं। इस मामले में अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अन्य नामजद आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं।

बुधवार को आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी से नाराज मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने गंगोह कोतवाली में प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों ने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए एनकाउंटर और आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर चलाने की मांग भी उठाई थी। मौके पर पहुंचीं सांसद इकरा हसन, विधायक नाहिद हसन और कांग्रेस नेता एवं पूर्व चेयरमैन नोमान मसूद ने अधिकारियों से वार्ता की थी। उन्होंने तीन दिन में ठोस कार्रवाई नहीं होने पर बड़े स्तर पर थाना घेराव करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए गांव कल्लरहेड़ी निवासी पप्पू उर्फ प्रांजल पुत्र बबलू उर्फ बलवीर और आशू पुत्र बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक चंद्रपाल, हेड कांस्टेबल अंकुश गौदारा और दीपक सागर शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

रेलवे स्टेशन जा रहे अधेड़ को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

नानौता, सहारनपुर। नगर के पुराना बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने पैदल जा रहे अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अधेड़ सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान शामली निवासी शहजाद पुत्र हामिद हसन के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के साथ नगर के मोहल्ला अफगानान स्थित किराए के मकान में रह रहे थे। बताया गया कि वह रेलवे स्टेशन की ओर पैदल जा रहा था। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद मृतक शहजाद को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

लंका दहन में हनुमान के पराक्रम से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

आज समाचार सेवा

- रावण के दरबार में गूंजे तीखे संवाद, स्वर्ण नगरी लंका धू-धू कर जली

सहारनपुर। गोपाल नगर, नुमाइश कैंप में सुपर क्लब रजिस्टर्ड की ओर से आयोजित 33वें रामलीला एवं दशहरा महोत्सव में लंका दहन की लीला का प्रभावशाली मंचन किया गया। शंकर सौदाई के निर्देशन में प्रस्तुत लीला में हनुमान जी के पराक्रम और रावण के दरबार में हुए तीखे संवादों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

मंचन में दिखाया गया कि अशोक वाटिका में माता सीता को खोजने पहुंचे हनुमान जी उन्हें प्रभु श्रीराम की अंगूठी देकर उनके आने का संदेश देते हैं। इसके बाद वाटिका में फल खाने और वृक्ष उजाड़ने पर राक्षसों से उनका युद्ध होता है। हनुमान जी जम्बूमाली और रावण के पुत्र अक्षय कुमार का वध कर देते हैं। मेघनाद ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर उन्हें बंदी बनाकर रावण के दरबार में ले जाता है।

दरबार में हनुमान जी निर्भीकता से रावण को अधर्म का मार्ग छोड़कर माता सीता को सम्मानपूर्वक श्रीराम के पास भेजने की सलाह देते हैं। क्रोधित रावण उनकी पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है। बंधनमुक्त होकर हनुमान जी जलती पूंछ से लंका के महलों में आग लगा देते हैं। स्वर्ण नगरी के दहन का दृश्य देखकर दर्शकों ने उत्साह जताया।

हनुमान के रूप में अनुभव कत्याल, सीता के रूप में तनु शर्मा और रावण के रूप में नितिन खुराना ने प्रभावशाली अभिनय किया। मेघनाद की भूमिका गगन नागपाल ने निभाई। संचालन क्लब महामंत्री अनिल रसवंत ने किया। अध्यक्ष राकेश सूरी सहित क्लब के सदस्यों ने व्यवस्था संभाली। लीला ने सत्य और धर्म की विजय का संदेश दिया।

श्री आशुतोष रामलीला में हनुमान प्रस्थान लीला का भावपूर्ण मंचन

आज समाचार सेवा

- शबरी के जूठे बेर खाने से लेकर राम-हनुमान मिलन तक के प्रसंगों ने मोहा मन, बच्चों के लिए प्रश्न मंच भी आयोजित

सहारनपुर। श्री आशुतोष रामलीला समिति की ओर से आयोजित 15वें श्री रामलीला एवं दशहरा महोत्सव में 14 अक्टूबर को हनुमान प्रस्थान लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कार्यक्रम में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चैप्टर चेयरमैन सतीश कुमार अरोड़ा, पूर्व चेयरमैन अनूप खन्ना और कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद आलम मुख्य अतिथि रहे। मंचन में प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण का पंचवटी पहुंचना, माता सीता के वियोग में विलाप, जटायु द्वारा सीता हरण की जानकारी देना और श्रीराम द्वारा जटायु का अंतिम संस्कार करने के प्रसंग प्रस्तुत किए गए। इसके बाद शबरी भक्ति, उनके जूठे बेर स्वीकार करने, सुग्रीव से मिलने की सलाह तथा हनुमान जी और प्रभु श्रीराम के मिलन का दृश्य दर्शकों को भावविभोर कर गया। सुग्रीव द्वारा माता सीता के आभूषण दिखाने और श्रीराम द्वारा एक तीर से सात पेड़ों को गिराने का दृश्य भी आकर्षण का केंद्र रहा।

प्रभु श्रीराम की भूमिका में गौरव चानना, लक्ष्मण के रूप में विनय दुग्गल, शबरी के रूप में साक्षी, हनुमान के रूप में तरुण अरोड़ा और सुग्रीव के रूप में सन्नी भाटिया ने अभिनय किया। निर्देशन जय कालरा ने किया। बच्चों के लिए रामलीला पर आधारित प्रश्न मंच भी आयोजित हुआ।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष गौरव चौधरी, महामंत्री राकेश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष गौरव पुरी, मुख्य संयोजक संजय भसीन सहित अनेक पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच संचालन रवि बख्शी और अमित वत्ता ने किया।

धूमधाम से मनाई गई मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति डाक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

बेहट, बृहस्पतिवार को तहसील क्षेत्र के गांव फतेहपुर कला विद्या देवी मंदिर स्कूल में भारत रत्न व पूर्व राष्ट्रपति डॉ ऐ0पी0 जे0 अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश भारद्वाज ने कहा कि भारत रत्न व पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम बच्चों और छात्रों से बहुत प्यार करते थे। डॉ. कलाम एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिनका जीवन सादगी, संघर्ष और अटूट राष्ट्रप्रेम की मिसाल है। एक वैज्ञानिक के रूप में उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक राजकुमार शर्मा, जितेंद्र, राजकुमार चौहान, आजाद सिंह, परी भारद्वाज, तबस्सुम, नेहा चौहान, नेहा शर्मा, अरुणा देवी, पायल, तन्नु, खुशी चौहान, समीर आलम, हिदायत, प्रिन्स, अपर्णा, वंशिका, जोया, साकिबा, साहिल, दीपांशु, किंज्जन, सूर्य, आर्यन, अवनी, शिवांशु आदि सभी शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बिहारीगढ़ पुलिस ने 17.70 ग्राम स्मैक के साथ नशा तस्कर को दबोचा

आज समाचार सेवा

- ऑपरेशन सवेरा के तहत चानचक मार्ग से गिरफ्तारी, आरोपी के पास से 7300 रुपये नकद भी बरामद

सहारनपुर/बिहारीगढ़। जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन सवेरा के तहत बिहारीगढ़ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 17.70 ग्राम अवैध स्मैक और 7300 रुपये नकद बरामद करने का दावा किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर नशा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

थानाध्यक्ष बिहारीगढ़ धर्मेंद्र कुमार के अनुसार, क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए समय-समय पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने चानचक गांव से फतेहपुर पोलियो की ओर जाने वाले मार्ग पर कार्रवाई करते हुए पवन सैनी पुत्र सतीश सैनी निवासी ग्राम कुरड़ीखेड़ा, थाना बिहारीगढ़ को गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक, तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 17.70 ग्राम अवैध स्मैक और 7300 रुपये नकद बरामद हुए। बरामदगी के बाद आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक्स की जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह मादक पदार्थ कहां से प्राप्त करता था और किन लोगों तक इसकी आपूर्ति करता था। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर नशे के कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में नशे की तस्करी पर अंकुश लगाना है।

शारदीय नवरात्र: बरसात के बीच भी मां शाकंभरी में उमड़ी आस्था, जयकारों से गूंजी शिवालिक की पहाड़ियां

एसडीएम सबोध कुमार व सीओ शशिप्रकाश शर्मा ने बारिश में भी किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण श्रद्धालुओं से ली सुविधाओं की जानकारी

आज समाचार सेवा

बेहट, शारदीय नवरात्र मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पंचम नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने बरसात के मौसम के बीच मां भगवती के दर्शन किए और मनोकामनाएं मांगी। बरसात के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने में जुटे रहे। एसडीएम एवं सीओ बेहट ने बारिश के बीच मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही श्रद्धालुओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं और सुविधाओं की जानकारी की।

शिवालिक की पहाड़ियों में के बीच स्थित मां शाकंभरी देवी के दरबार में नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पांचवे नवरात्र पर हल्की बारिश के बीच श्रद्धालुओं ने लाइनों में लगकर मां शाकंभरी देवी को प्रसाद चढ़ाया। ऐसे में बरसात के कारण मेला क्षेत्र में व्यवस्थाएं बनाए रखना प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण रहा। एसडीएम सुबोध कुमार एवं सीओ बेहट शशिप्रकाश शर्मा बरसात के बीच मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनकी परेशानियों और आवश्यक सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उनका प्रयास रहा कि खराब मौसम के कारण श्रद्धालुओं को मां के दर्शन करने में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने प्रतिकूल मौसम के बीच भी श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम दर्शन को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखी। लगभग एक बजे के बाद क्षेत्र में मौसम साफ हो गया और रास्ते में रुके हुए श्रद्धालु भी माता के दरबार की ओर रवाना हो गए। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे माता के जयकारों से समूचा क्षेत्र भक्ति रस में डूबा नजर आ रहा है।

शबरी की भक्ति, हनुमान का समर्पण और बाली वध का हुआ शानदार मंचन

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। लेबर कॉलोनी में मानवीय कल्याण समिति की ओर से आयोजित रामलीला में शबरी लीला, हनुमान जी का आगमन, श्रीराम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध और माता सीता की खोज का दायित्व हनुमान जी को सौंपने के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों के शानदार अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला में माता शबरी की निस्वार्थ भक्ति और प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट विश्वास का दृश्य विशेष आकर्षण रहा। भगवान श्रीराम द्वारा शबरी के प्रेम को स्वीकार करने के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसके बाद हनुमान जी के आगमन, श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता तथा बाली वध की लीला प्रस्तुत की गई। अंत में प्रभु श्रीराम ने हनुमान जी को माता सीता की खोज का दायित्व सौंपा। इन प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, मित्रता, कर्तव्य और धर्म का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता साहब सिंह पुंडीर, योगेश पुंडीर, पुष्पेंद्र चौधरी, राकेश जैन, दिनेश जैन बल्ली, अरविंद गोयल, नरेश धीमान, अनुज जैन, राजकुमार कालड़ा, सागर वर्मा, संजीव विश्वकर्मा और पंकज अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष प्रदीप कपिल, महामंत्री विश्वनाथ तिवारी, कोषाध्यक्ष संजय राय और संयोजक ठाकुर रामाशंकर सिंह सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन विजय गुप्ता और एडवोकेट सतीश चौधरी ने किया।

रामलीला में गूंजा जय श्रीराम, खरदूषण वध से लेकर शबरी प्रसंग तक भावविभोर हुए श्रद्धालु

रामपुर। धर्मनगरी रामपुर में इन दिनों भक्ति, आस्था और प्रभु प्रेम की अविरल धारा बह रही है। श्री गोविंद गोपाल लीला संस्थान वृंदावन के तत्वावधान में तथा संस्थान के निदेशक कन्हैया लाल दत्ता त्रय के कुशल निर्देशन में आयोजित धार्मिक लीलाओं ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भक्ति में सराबोर कर दिया। सुबह की बेला में जहां श्री रासलीला के मनोहारी दृश्यों के साथ श्रीकृष्ण जन्मलीला का मंचन हुआ, वहीं रात्रि में श्री राम महोत्सव के अंतर्गत खर-दूषण वध, सीता हरण, जटायु मोक्ष, शबरी प्रसंग और राम-सुग्रीव मित्रता की लीलाओं का सजीव मंचन किया गया।

सुबह श्रीकृष्ण जन्मलीला के मंचन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से जुड़े प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को द्वापर युग की दिव्य अनुभूति कराई। प्रभु के प्राकट्य के दृश्यों के साथ भक्ति और उल्लास का ऐसा संगम दिखाई दिया कि श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की जय-जयकार करने लगे। श्री रासलीला के माध्यम से भगवान की प्रेममयी लीलाओं का मनोहारी चित्रण किया गया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।

रात्रि में श्री राम महोत्सव के दौरान रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन हुआ। खर-दूषण वध के दृश्य में भगवान श्रीराम के शौर्य, पराक्रम और धर्म की रक्षा के संकल्प को दर्शाया गया।

इसके बाद सीता हरण के प्रसंग ने वातावरण को भावुक कर दिया। रावण द्वारा छलपूर्वक माता सीता का हरण किए जाने के दृश्य ने दर्शकों को अधर्म की कुटिलता और उसके दुष्परिणामों का संदेश दिया।

सीता माता की रक्षा के लिए रावण से संघर्ष करने वाले पक्षीराज जटायु का प्रसंग मंचन का विशेष आकर्षण रहा। वृद्धावस्था के बावजूद माता सीता को बचाने के लिए जटायु ने अपने प्राणों की परवाह नहीं की। रावण से युद्ध करते हुए उन्होंने अदम्य साहस और नारी सम्मान की रक्षा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

शबरी प्रसंग में भगवान श्रीराम के प्रति अनन्य भक्ति, प्रतीक्षा और समर्पण का मार्मिक चित्रण किया गया। वर्षों से प्रभु के आगमन की प्रतीक्षा कर रहीं शबरी की भक्ति ने यह संदेश दिया कि भगवान के लिए बाहरी वैभव से अधिक महत्व सच्चे प्रेम और निर्मल भाव का है। प्रभु श्रीराम और माता शबरी के मिलन के दृश्य ने श्रद्धालुओं को भक्ति की वास्तविक शक्ति का एहसास कराया।

इसके बाद राम-सुग्रीव मित्रता का मंचन हुआ। भगवान श्रीराम और सुग्रीव के बीच मित्रता तथा एक-दूसरे की सहायता करने के संकल्प ने दर्शाया कि सच्ची मित्रता विश्वास, वचनबद्धता और सहयोग पर आधारित होती है। यही मित्रता आगे चलकर माता सीता की खोज और रावण के विरुद्ध धर्मयुद्ध की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पवन कुमार जैन, संजीव अग्रवाल, प्रतीक सक्सेना और सुमित अग्रवाल उपस्थित रहे। धार्मिक लीलाओं के माध्यम से रामायण और श्रीकृष्ण की कथाओं को जीवंत करने का यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था, संस्कार और आध्यात्मिक प्रेरणा का केंद्र बना रहा।

इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सह-अध्यक्ष हरिश्चंद्र अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष निर्भय गर्ग, ईश्वर शरण अग्रवाल, जुगेश अरोड़ा कुकू भाई, डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. सुमित गोयल, मनोज अग्रवाल, अरविंद कुमार अग्रवाल अरुण कुमार अग्रवाल, राजीव शरण गर्ग, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, आकाश बंसल, शांति शरण राठौर, संजय कुमार अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, रविंद्र कुमार मिश्रा सहित कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान के तहत इस्लामिया जूनियर हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शाहबाद, रामपुर। नगर पंचायत शाहबाद की ओर से मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत 11 अक्टूबर 2026 को इस्लामिया जूनियर हाई स्कूल, शाहबाद में जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को सशक्त बनाने, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ-सफाई और जनभागीदारी के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए महिलाओं को जागरूक रहने, अपने अधिकारों को समझने और समाज में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ वातावरण बनाए रखने, साफ-सफाई को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की गई।

इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने में स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी मुजीब मियां की भूमिका सराहनीय रही। उन्होंने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए। उनके मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझाने पर विशेष ध्यान दिया गया। मिशन शक्ति अभियान के साथ स्वच्छता के संदेश को जोड़कर उन्होंने महिला जागरूकता और स्वच्छ वातावरण के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने, महिलाओं को जागरूक बनाने और स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य नसीहत अली, विद्यालय का स्टाफ, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी मुजीब मियां, कंप्यूटर ऑपरेटर रेहान अहमद, विकास, विजय सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

नवरात्र महोत्सव जारी, स्कंदमाता की पूजा-अर्चना को उमड़े श्रद्धालु

बिलासपुर। चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन गुरुवार को श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर माता रानी से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। सुबह से ही घरों में सजे मां के दरबारों में पूजा-पाठ का सिलसिला शुरू हो गया।श्रद्धालुओं ने मां को रोली का तिलक लगाकर दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा का पाठ किया। इसके साथ ही यज्ञ में आहुतियां देकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में मां स्कंदमाता का भव्य श्रृंगार किया गया।मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।नगर के मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री सनातन धर्म बड़ा मंदिर, माता महाकाली मंदिर, श्री माता पीतांबरा देवी मंदिर, पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर, शिव मंदिर, लक्ष्मीनगर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, मां चामुंडा देवी मंदिर, डाम कॉलोनी स्थित मां पंचायती दुर्गा भवानी मंदिर और शिव-शीतला माता मंदिर में भजन-कीर्तन आयोजित किए गए।शाम को महिलाओं ने मंदिरों में माता रानी के छंद गाकर वातावरण भक्तिमय बना दिया।मां दुर्गा पंचायती भवानी मंदिर के महंत रविराज स्वरूप भटनागर ने बताया कि सोमवार को महानवमी के अवसर पर मंदिर से मां दुर्गा की ज्योति की शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से शोभायात्रा में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल बना विजेता

बिलासपुर। भारत विकास परिषद शाखा के तत्वावधान में नगर के सर्व संस्कृति स्कूल में शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि सर्व संस्कृति स्कूल उपविजेता रहा। प्रतियोगिता में नगर के तीन विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष धन्नूमल बंसल, भारत विकास परिषद के प्रांतीय संरक्षक एडवोकेट राजेश सैनी तथा जिला सह-समन्वयक सुनील गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद वंदे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ।प्रतियोगिता में सर्व संस्कृति स्कूल, आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल और गायत्री गर्ल्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने हिंदी एवं संस्कृत गीतों की प्रस्तुति दी।प्रतिभागियों ने अपनी गायन प्रतिभा के माध्यम से देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना प्रदर्शित की।प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अंशु सक्सेना और डॉ. परविंदर कौर शामिल रहीं।अंकों के आधार पर आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल को विजेता और सर्व संस्कृति स्कूल को उपविजेता घोषित किया गया।वक्ताओं ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। ऐसे आयोजन बच्चों में अनुशासन और सामूहिकता की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव सुनील कुमार जैन ने किया।इस दौरान दीपक गुप्ता, नितिन गर्ग, अमित गुप्ता, अतिन अग्रवाल, वरुण सक्सेना, करुणा अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, इति अग्रवाल, दमनदीप कौर और सर्व संस्कृति स्कूल की प्रधानाचार्या टीना सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।अंत में शाखा अध्यक्ष सपन अग्रवाल ने सभी अतिथियों, निर्णायकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

सूफी महबूब हसन के उर्स में चादरपोशी मे उमड़े अकीदतमंद

मिलक/रामपुर- नगर के मेंन रोड स्थित दरगाह हजरत सूफी अल्हाज महबूब हसन शाह (रह0) का 18 वाँ सालाना दो रोज़ा उर्स आज से बड़े ही अकीदत व एहतराम के साथ शुरू हो गय

सज्जादा नशीन सूफी मोहम्मद यासीन शाह की सरपरस्ती और नायब सज्जादा सूफी सलमान मियाँ यासीनी महबूबी की निगरानी में उर्स की शुरुआत हुई।उर्स के पहले दिन बाद नमाज़े फजर कुरआन ख्वानी हुई बाद नमाज़े असर हल्का-ए-जिक्र और सरकारी चादर का जुलूस इस्लामनगर जालिफ नगला से शुरू हुआ जो नवदिया मोड मेंन रोड होते हुए दरगाह शरीफ पर पहुंच कर चादरपोशी के बाद खत्म हुआ चादरपोशी में भारी भीड़ रही बाद नमाज़-ए-ईशा महफिल मिलाद शरीफ व शब-ए-दारी का आयोजन हुआ जिसमें उलेमाओ ने नातिया कलाम पेश किया उर्स में अकीदतमंदों का आना शुरू हो गया है। कल 16 अक्टूबर बरोज जुमा को कुल शरीफ, लंगर तकसीम और दस्तारबंदी के साथ उर्स का समापन होगा। इस मौके पर सज्जादनशीन सफी मोहम्मद यासीन शाह, काछू मियां, अकबर अली, हाज़ी मुस्तकीम, गुड्डू मलिक नाना कादरी आदि रहे

मिशन शक्ति 6.0-मुस्लिम इंटर कॉलेज में बालिकाओं को दी गई सुरक्षा और साइबर जागरूकता की जानकारी

सैफनी। नगर के मुस्लिम इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान %मिशन शक्ति 6.0% के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं को सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को मिशन शक्ति के लाइव प्रसारण को भी दिखाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित अधिकारियों और वक्ताओं ने बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, और अन्य छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि सरकार बालिकाओं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मौजूद साइबर सेल टीम ने आज के डिजिटल दौर में ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। टीम ने बालिकाओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित इस्तेमाल करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने और किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने के बारे में समझाया इसके साथ ही, महिला सुरक्षा दल की टीम ने छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में मदद के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1090 (वीमेन पावर लाइन) और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) की जानकारी दी और उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं ने भी साइबर सुरक्षा और महिला अधिकारों से जुड़े सवाल पूछे, जिनका संतोषजनक समाधान टीम द्वारा किया गया।

ज्वाला नगर रामलीला में सीता हरण के प्रसंग ने बांधा समां

रामपुर। श्री आदर्श रामलीला कमेटी ज्वाला नगर के तत्वाधान में ब्रज विलास रासलीला मंडल वृंदावन, मथुरा के कलाकारों द्वारा रामलीला महोत्सव में गुरुवार रात्रि धर्म, नीति और भक्ति का विराट मंचन किया गया। रामलीला महोत्सव में दर्शकों ने धर्म और भक्ति से जुड़े चार महत्वपूर्ण प्रसंगों का सजीव मंचन देखा। सबसे पहले सूर्पनखा प्रसंग हुआ, जिसमें राक्षसी सूर्पनखा का आगमन और उसके द्वारा राम-लक्ष्मण को मोहित करने का प्रयास दिखाया गया। इसके बाद नासिक छेदन का दृश्य हुआ, जहाँ लक्ष्मण ने सूर्पनखा की नाक काटकर धर्म की रक्षा की और राक्षसी शक्ति को पराजित किया इसके बाद मंच पर सीता हरण का मार्मिक प्रसंग हुआ। रावण द्वारा साधु का वेश धारण कर सीता जी का अपहरण किया गया। इस दृश्य में सीता की करुण पुकार, जटायु का संघर्ष और रावण का रथ दर्शकों को भावविभोर कर गया। अंत में शबरी मिलन का प्रसंग हुआ। राम-लक्ष्मण का शबरी से मिलन और उसके द्वारा प्रेमपूर्वक जूठे बेर अर्पित करने का दृश्य दर्शकों के हृदय को छू गया। यह प्रसंग निष्कपट भक्ति और समर्पण का अद्भुत संदेश लेकर आया।भीड़ उमड़ी रही, तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ा और पूरा पंडाल धार्मिक भावनाओं से सराबोर हो गया।

इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डा. तेजवीर यादव, अनुज सक्सेना, त्रिभुवन पंडित, आशु गुप्ता, चितरंजन श्रीवास्तव, अनिल सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, संजू शर्मा, संजीव दयाल सक्सेना, पीयूष कुमार, राजेश नायक, नवनीत सक्सेना, मक्खनलाल सैनी, दिनेश कश्यप, संजू प्रजापति, विनोद कश्यप, देवेश गुप्ता, सुभाष सक्सेना, अनु गंगवार, विशाल शर्मा, पुनीत अग्रवाल, अंकुश सक्सैना, विक्की सक्सेना, अरुण कीर्ति, सोनू शर्मा, अनुज भारद्वाज, प्रमोद लोधी, अखिलेश बिसारिया, विजय चौहान, रवि रामपुरी, धर्मवीर यादव, अनु सक्सेना, संतोष प्रसाद, नंदकिशोर शर्मा, राहुल शर्मा, मिंटू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

महिलाओं और बालिकाओं को कानूनी अधिकार व आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

स्वार। मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के अंतर्गत थाना स्वार पुलिस की ओर से नगर क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति प्रभारी महिला उपनिरीक्षक नेहा सहरावत के नेतृत्व में टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान मिशन शक्ति टीम की महिला कांस्टेबल शीतल और महिला कांस्टेबल सलोनी ने नगर की महिलाओं एवं छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को नारी सम्मान, हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग तथा किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। महिला पुलिस कर्मियों ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपायों के बारे में भी बताया और कहा कि किसी भी परेशानी की स्थिति में बिना झिझक अपनी बात सामने रखें। पुलिस टीम ने महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस के सहयोग का भरोसा दिलाया।

त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं, कानून व्यवस्था बनाए रखने में करें सहयोग- सीओ पीपी सिंह

बिलासपुर। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार शाम स्थानीय कोतवाली परिसर स्थित टीनशेड में बैठक आयोजित की गई।पुलिस क्षेत्राधिकारी पीपी सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया इस दौरान त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।बैठक को संबोधित करते हुए सीओ पीपी सिंह ने कहा कि आगामी रामनवमी, दशहरा, दीपावली और भाई दूज जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी त्योहार आपसी सौहार्द, प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।उन्होंने नागरिकों से अपील की कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।किसी भी तरह की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।बैठक में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह,एल आईयू उप निरीक्षक जीत सिंह बिष्ट,धन्नूमल बंसल, राजीव अग्रवाल, मोहसिन खां, फैजान खां, गिरिराज अग्रवाल, परवेज खां मामू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मिलक की छात्राओं ने किया पीएनबी का शैक्षिक भ्रमण

मिलक, रामपुर- 15 अक्टूबर 2026 मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मिलक की छात्राओं को पंजाब नेशनल बैंक का शैक्षिक भ्रमण कराया गया।भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को बैंकिंग प्रणाली, वित्तीय साक्षरता और बैंक की विभिन्न सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान बैंक अधिकारियों ने छात्राओं को खाता खोलने की प्रक्रिया, जमा-निकासी, एटीएम, ऑनलाइन बैंकिंग और सरकारी योजनाओं से जुड़ी बैंकिंग सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने छात्राओं को आर्थिक रूप से जागरूक और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने बैंक की कार्यप्रणाली को करीब से देखा और कई सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की।यह पहल छात्राओं के ज्ञानवर्धन और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्णकालिक शिक्षिका शमीम फातिमा, सुलेखा वर्मा सहित केयरटेकर और बैंक स्टाफ मौजूद रहा।

मिलक की रामलीला में भावुक हुआ दशरथ-कैकई संवाद, मंथरा की चाल से स्तब्ध हुए दर्शक

मिलक। प्राचीन श्री रामलीला कमेटी, मिलक के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में मंथरा-कैकई संवाद और दशरथ-कैकई संवाद का भावपूर्ण मंचन किया गया। मंथरा द्वारा कैकई को भड़काने, भरत के लिए राजगद्दी और श्रीराम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांगने के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। राजा दशरथ का विलाप और वचनबद्धता में बंधकर मूर्छित होने के दृश्य ने सभी की आंखें नम कर दीं।इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, महामंत्री सुरेंद्र कुमार शर्मा, धर्मेंद्र कुमार गंगवार, राजू गुप्ता, आनंदपाल सिंह, विकास रोहिल्ला, भुवनेश भार्गव, पंकज गुप्ता और प्रखर वशिष्ठ सहित नगर एवं क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

कृषि मंत्री औलख ने नैनो डीएपी से बीजोपचार अभियान का किया शुभारंभ

बिलासपुर। इफको की ओर से हाईवे स्थित एक बैंक्वेट हॉल में रबी फसल उत्पादकता वृद्धि विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने नैनो डीएपी से बीजोपचार अभियान का शुभारंभ किया।उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों और नैनो उर्वरकों को अपनाने तथा वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार उनका प्रयोग करने का आह्वान किया।कृषि मंत्री ने कहा कि नैनो डीएपी से बीजोपचार के साथ फसल की आवश्यकता के अनुसार बुवाई के लगभग 30 दिन बाद इसका छिड़काव भी महत्वपूर्ण है।नैनो उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग से खेती की लागत नियंत्रित करने और पारंपरिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है।उन्होंने नैनो जिंक और नैनो यूरिया के उचित प्रयोग पर भी जोर दिया।कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.मयंक राय और डॉ. अनुज बंसल ने किसानों को फसलों में लगने वाले रोगों एवं कीटों की पहचान,उनके प्रबंधन और मटर, सरसों व गेहूं की उन्नत किस्मों की जानकारी दी।इफको के उपमहाप्रबंधक ब्रजवीर सिंह ने रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग पर चिंता जताई।उन्होंने बताया कि प्रति किलोग्राम बीज के उपचार के लिए पांच मिलीलीटर नैनो डीएपी का प्रयोग किया जा सकता है।वहीं,फसल की जरूरत और अनुशंसित तकनीकी मार्गदर्शन के अनुसार लगभग 30 दिन बाद प्रति लीटर पानी में पांच से आठ मिलीलीटर नैनो डीएपी मिलाकर छिड़काव किया जा सकता है।जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने की सलाह दी।इफको के उपमहाप्रबंधक रजनीश पांडे ने विभिन्न फसलों में नैनो उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी।कार्यक्रम में उपनिदेशक कृषि रामकिशन सिंह,जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा,एआर कोऑपरेटिव शिवम मलिक सहित इफको के अधिकारी, कृषि विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।अंत में इफको रामपुर के उपक्षेत्र प्रबंधक जयकृत सिंह रावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

रामपुर में वर्दी पर चमका नया सितारा-एसआई से बने इंस्पेक्टर नवनीत

रामपुर। मेहनत, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का फल आखिर मिल ही जाता है, इसका ताजा उदाहरण हैं यातायात में तैनात उपनिरीक्षक नवनीत।

उपनिरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर पुलिस कार्यालय में एक सादे समारोह का आयोजन हुआ। पुलिस अधीक्षक अनिल सिसोदिया और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने नवनीत के कंधे पर रैंक स्टार लगाकर उन्हें बधाई दी।

इस मौके पर एसपी अनिल सिसोदिया ने कहा कि ये पदोन्नति नवनीत के निरंतर परिश्रम, अनुशासन और ईमानदारी का परिणाम है। उन्होंने नवनीत के सेवाकाल के दौरान किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

साथ ही एसपी ने उम्मीद जताई कि नवनीत नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पहले से भी ज्यादा सत्यनिष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ करेंगे।

तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंदा, मौके पर मौत

मिलक रामपुर। नगर के नसीराबाद रेलवे फाटक, हनुमान मंदिर के पास पटवाई रोड पर दोपहर लगभग 12:00 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया हादसे में महिला की मौत हो गई

जानकारी के अनुसार गीता देवी (उम्र 34 वर्ष) पत्नी अशोक मूल निवासी ग्राम नथपुरा, थाना मीरगंज, जनपद बरेली, वर्तमान में मोहल्ला नसीराबाद में रह रही थीं। वह रेलवे फाटक के पास सड़क किनारे खड़ी थीं, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ीं। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों ने जाँच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मिलक में किशोरी ने की आत्महत्या, परिवार ने बताई मानसिक अस्वस्थता

मिलक (रामपुर) कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी ने अपने कमरे में आत्महत्या कर ली। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। परिजनों ने दरवाजा खोलकर उसे नीचे उतारा और आनन-फानन में नीचे उतर तब तक मौत हो चुकी थी परिजनों के अनुसार किशोरी की मानसिक स्थिति पिछले कुछ दिनों से ठीक नहीं चल रही थी।

महिला कांस्टेबल हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई, दो आरोपियों की रु 65.35 लाख की संपत्ति कुर्क

मिलक रामपुर। महिला कांस्टेबल और उसके मासूम बच्चे की हत्या के सनसनीखेज मामले में प्रशासन ने आरोपियों की संपत्तियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। जिलाधिकारी के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत दो आरोपियों की करीब 65 लाख 35 हजार 820 रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने कथित तौर पर अवैध तरीके से यह संपत्ति अर्जित की थी।

बीमा की रकम के लिए हत्या की साजिश रचने का आरोप

पुलिस के अनुसार, थाना गंज में महिला कांस्टेबल और उसके बच्चे की हत्या के मामले में छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। आरोप है कि बीमा की रकम और अन्य आर्थिक लाभ हासिल करने के उद्देश्य से महिला कांस्टेबल और उसके बच्चे को कार में आग लगाकर जिंदा जला दिया गया था। मामले में पुलिस की जांच और कानूनी कार्रवाई जारी है।

दान सिंह और मोहम्मद गुलफाम की संपत्ति पर कार्रवाई

प्रशासन की ओर से की गई कार्रवाई में दो आरोपियों की संपत्तियों का विवरण सामने आया है।दान सिंह- मिलक क्षेत्र के नसीराबाद और बेहटरा गांव में स्थित जमीन की कीमत करीब 46 लाख 22 हजार रुपये बताई गई है। प्रशासन ने गैंगस्टर एक्ट के तहत इस संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की।मोहम्मद गुलफाम- बघी गांव में स्थित जमीन और बैंक खाते में जमा रकम समेत करीब 19 लाख 13 हजार रुपये की संपत्ति चिह्नित की गई है।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों की संपत्तियों का कुल अनुमानित मूल्य 65 लाख 35 हजार 820 रुपये है। कार्रवाई का उद्देश्य कथित अवैध रूप से अर्जित संपत्ति पर कानूनी शिकंजा कसना है।डीएम के आदेश के बाद तहसील प्रशासन ने की कार्रवाई पुलिस की पैरवी के बाद जिलाधिकारी ने 10 अक्टूबर को गैंगस्टर एक्ट के तहत संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया। इसके बाद तहसील प्रशासन ने दान सिंह की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की और मौके पर कुर्की से संबंधित बोर्ड भी लगाया गया।महिला कांस्टेबल और उसके मासूम बच्चे की हत्या के इस मामले में संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई को आरोपियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई के अहम कदम के रूप में देखा जा रहा है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई पर भी नजर बनी हुई है।

एफ.आर. इंटर कॉलेज में मनाई गई डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

चन्दौसी। एफ.आर. इंटर कॉलेज में गुरुवार को भारत रत्न एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम विद्यालय के एपीजे अब्दुल कलाम साइंस ब्लॉक में प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। शिक्षक एजाज अहमद ने डॉ. कलाम के जीवन और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। उपप्रधानाचार्य वाहिद हुसैन ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन संघर्ष, मेहनत और देशसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने गरीबी में रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त की और वैज्ञानिक से लेकर राष्ट्रपति तक का सफर तय किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा और शिक्षा के प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम का मानना था कि शिक्षा के माध्यम से ही लोगों के जीवन स्तर में बदलाव लाया जा सकता है। उनका सपना था कि भारत शिक्षा और विज्ञान के बल पर विकसित राष्ट्र बने। 27 जुलाई 2015 को शिलांग में विद्यार्थियों को संबोधित करते समय उनका निधन हो गया था। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल जाहिद ने किया। इस दौरान मोहम्मद गौस, रिजवान अहमद खान, मोहम्मद अख्तर अंसारी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

एस.एम. कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

चन्दौसी। एस.एम. कॉलेज में गुरुवार को मिशन शक्ति और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत महिला सुरक्षा, साइबर जागरूकता एवं करियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकारों, साइबर अपराधों से बचाव और करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। अधिकारियों ने छात्राओं को वर्तमान समय की चुनौतियों के प्रति सजग रहने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने महिला सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी। छात्राओं को साइबर अपराधों से बचने, ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने और डिजिटल माध्यमों का सावधानीपूर्वक उपयोग करने के बारे में बताया गया। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में उचित माध्यम से सहायता लेने के लिए जागरूक किया गया। महिला थाना प्रभारी रेनू सिंह, साइबर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह तथा चन्दौसी थाने से उपनिरीक्षक आरती सिसोदिया और चम्मन सिंह ने छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। समाज कल्याण विभाग की ओर से समाज कल्याण अधिकारी टीके सिंह और सहायक विकास अधिकारी डॉ. एसएन शर्मा ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने योजना के उद्देश्य और करियर मार्गदर्शन के महत्व से छात्राओं को अवगत कराया तथा उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानवीर सिंह यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सुरक्षा और शिक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने छात्राओं को जागरूक रहकर शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की सरकारी एवं अर्धसरकारी कार्यक्रम समिति के तत्वावधान में किया गया। अंत में समिति संयोजक डॉ. सूरज शर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर डॉ. एनके शर्मा, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. दीप श्रीवास्तव, अजीत सिंह, डॉ. विशेष पांडेय, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अनुराधा, डॉ. सुनील गुप्ता, महेंद्र वर्मा, डॉ. नेहा, डॉ. गीता शर्मा, श्वेता गुप्ता सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

धार्मिक झांकियों, बैंड-बाजों और अखाड़ों के साथ निकली श्री राम बारात एवं काली माई शोभायात्रा

चन्दौसी। नगर में गुरुवार को रामबाग धाम ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री राम बारात निकाली गई जिसका शुभारंभ कैथल गेट स्थित दाऊजी मंदिर से किया गया। शोभायात्रा में धार्मिक झांकियों, बैंड-बाजों, ढोल पार्टियों, बग्गियों और अखाड़ों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। शोभायात्रा में सबसे आगे ढोल, बैनर और दो ऊंट शामिल रहे। इसके बाद शंकर बैंड, श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन की ओर से अक्रूर जी महाराज की झांकी, अमन शर्मा का काली अखाड़ा, वशिष्ठ जी की बग्गी, गोविंद शर्मा की झांकी, गोरिल्ला एवं पांडा की प्रस्तुति और जनरेशन का डीजे शामिल रहा। इसके बाद बाबा खाटू श्याम की झांकी, बाजना का काली अखाड़ा, भरत-शत्रुघ्न की बग्गी, महाकाल ढोल पार्टी, महाकाल की पालकी, महेश मूर्तिकार की ओर से बाबा महाकाल की झांकी, सांवरिया सेठ की झांकी, महाराष्ट्र बैंड, राजा दशरथ जी की बग्गी, अभिनय शुक्ला और शुभम महादेव की झांकियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। शोभायात्रा में डीजे, फूलों की वर्षा करने वाली मशीन, छोटे लाल पहलवान का काली अखाड़ा और श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता जानकी का सिंहासन भी शामिल रहा। शोभायात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण पर नजर रखी। इस अवसर पर ट्रस्ट प्रबंधक मौसम गुप्ता, उप प्रधान दीपक गुप्ता, मंत्री अमित के0एस0, उप मंत्री गौरव वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष राकेशचंद्र, अंकित वार्ष्णेय, रजनीश वार्ष्णेय, मोहित, प्रमोद कुमार, प्रदीप, रितिक, स्पर्श, अजय, मनोज कुमार श्याम, मनोज कुमार के साथ समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उनके आदर्शों को किया याद

चन्दौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में सेमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने डॉ. कलाम के चित्र के समक्ष शमा रोशन कर किया। अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन राजेश कुमार ने की तथा संचालन ज्योति शर्मा ने किया। मुख्य वक्ता माधव मिश्र ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन सादगी, ईमानदारी, वैज्ञानिक सोच और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने युवाओं से डॉ. कलाम को अपना आदर्श बनाकर देश की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम का मानना था कि जीवन में सफलता पाने के लिए सपने देखने के साथ उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत भी करनी चाहिए। कार्यक्रम में वर्षा गर्ग, रामकिशोर अग्रवाल, वेदराम मौर्य, दिव्यांशु वार्ष्णेय, भजन लाल, प्रियंका गुप्ता, मीरा कुमारी और रजनी वार्ष्णेय ने भी विचार व्यक्त किए। सभी ने डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम आयोजक पंडित सुरेश चंद्र शर्मा रहे।

उस्मानपुर में लाठी-डंडों से पीटकर अधेड़ की हत्या

बदायूं जरीफनगर- थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव उस्मानपुर में मोबाइल की किस्त जमा न करने को लेकर हुए विवाद में एक किसान की हत्या कर दी है यह घटना मंगलवार रात करीब 7:00 बजे के आसपास की बताई जा रही है किसान भीम सेन घर में बैठे खाना खा रहे थे इसी दौरान एक व्यक्ति डंडा लेकर पहुंचा उन पर हमला कर दिया डंडे के वार से किसान की मौके पर मौत हो गई थी लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है और आगे की जांच पड़ताल में जुट गई है।पुलिस भर्ती देखें आपको बता देंगे पूरा मामला थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव उस्मानपुर का है गांव के रहने वाले अजीत ने 6 महीने पहले अपने आधार कार्ड पर भीमसेन को फाइनेंस पर मोबाइल दिलवाया था जिसकी भीमसेन को अजीत के खाते में किस्त जमा करनी पड़ती थी पिछले 3 महीने से किस्त जमा नहीं होने पर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी अजीत के घर पर आ रहे थे इसी बात को लेकर मंगलवार रात भीमसेन घर पर खाना खा रहे थे इसी दौरान अजीत डंडा लेकर पहुंचा और किस्त जमा नहीं करने की वजह पूछने को लेकर झगड़ा हो गया। विवाद में अजीत ने भीमसेन के सिर पर डंडा मार दिया जिसकी उनकी मौके पर मौत हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और वही अपनी आगे की जांच पड़ताल में जुट गई है मंगलवार बीती रात को थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव उस्मानपुर में आरोपी अजीत ने भीम सेन के साथ गाली गलौज कर विवाद किया था अजीत ने भीमसेन को अपने आधारकर्ड से फाइनेंस पर मोबाइल दिलवाया था इसी को लेकर दोनों में विवाद हो गया अजीत ने भीमसेन के सिर पर डंडा मार दिया जिससे भीमसेन की मौके पर मौत हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मिशन शक्ति की ब्रांड एंबेसडर बनीं सहसवान की उपनिरीक्षक शिवानी

बदायूं। सहसवान कहते हैं वर्दी में जब संवेदना होती है तो पुलिस भी परिवार लगती है। ऐसा ही नजारा आज ग्राम महमूदपुर और सहसवान क्षेत्र में देखने को मिला, जहां थाना सहसवान की स्थु शिवानी और उनकी मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और स्कूली बालिकाओं के दिलों में जगह बना ली।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूं के निर्देशन में चल रहे मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत स्थु शिवानी ने आज दो जगह सघन जागरूकता अभियान चलाया।

पहला पड़ाव-ग्राम महमूदपुर - जहां खुले सरकारी योजनाओं के द्वार- महमूदपुर में बालिकाओं को एकत्र कर मैडम ने पुलिस के 9 बड़े ऑपरेशन के बारे में बताया -ऑपरेशन गरुड़, शील्ड, डेस्ट्राय, खोज, बचपन, मजनू, नशामुक्ति, रक्षा और ईगल।

उन्होंने कहा - ये सभी ऑपरेशन सिर्फ और सिर्फ आप बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे हैं।साथ ही उन्होंने सुरक्षा के 6 सुरक्षा कवच बताए - शक्ति मोबाइल, महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट अधिकारी, महिला साइबर सेल, रिपोर्टिंग चौकी और पिंक बूथ इसके बाद मैडम ने सरकार की 19 कल्याणकारी योजनाओं का पिटारा खोला - मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह, निराश्रित पेंशन, सुकन्या समृद्धि, फ्री बालिका शिक्षा, उज्ज्वला, आयुष्मान कार्ड, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कौशल विकास योजना समेत सभी योजनाओं को बड़ी ही सरल भाषा में समझाया।

दूसरा पड़ाव-सहसवान क्षेत्र - जहां सिखाया साइबर से बचने का मंत्र- सहसवान में मैडम ने टोल फ्री नंबर 1090, 112, 1098, 1076, 108, 102 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया और सबसे जरूरी बात सिखाई साथ ही बच्चों को गुड टच और बैड टच की बेहद महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।क्यों खुश हैं महिलाएं अभियान के अंत में स्थु शिवानी ने वहां मौजूद महिलाओं की समस्याएं भी सुनीं और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। ग्रामीण महिलाओं ने कहा - 卐मैडम ने अफसर की तरह नहीं, बड़ी बहन की तरह समझाया है। अब हमारी बेटियां खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग की कार्रवाई, 5 ई-रिक्शा सीज

बदायूं। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने गुरुवार को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन कर बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने में इस्तेमाल किए जा रहे पांच ई-रिक्शा को सीज कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान ई-रिक्शा में सवार बच्चों को सुरक्षित निजी वाहनों से उनके स्कूलों तक पहुंचाया गया।शासन के निर्देशों और जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य स्कूली बच्चों के आवागमन को सुरक्षित बनाना और अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों पर अंकुश लगाना है। अभियान के तहत विद्यालयों में बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पांच ई-रिक्शा के खिलाफ सीज करने की कार्रवाई की गई।परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके मद्देनजर विद्यालयों के आसपास संचालित वाहनों की जांच की जा रही है। नियमों के विपरीत बच्चों का परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

नियमों के अनुसार ही वाहनों का करें इस्तेमाल- सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने के लिए स्कूली वाहन नियमावली-2019 के अनुरूप सुरक्षित और नियमानुसार संचालित वाहनों का ही इस्तेमाल करें। विद्यालय प्रबंधक यह भी सुनिश्चित करें कि बच्चों के परिवहन में लगाए गए वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे हों और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा हो।परिवहन विभाग ने अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन से बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित वाहन का चयन करना सभी की जिम्मेदारी है।

गणेशपुर में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

चन्दौसी। जनपद संभल के विकासखंड बनियाखेड़ा अंतर्गत न्याय पंचायत असालतपुर जारई की न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को ग्राम गणेशपुर में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन संकुल प्रभारी उमेश यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्राथमिक बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में अल्हैदादपुर चम्पू के कन्हैया, 100 मीटर में कोकावास के अमन, 200 मीटर में नगला पूर्वा के रिहान और लंबी कूद में कोकावास के मधुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ और लंबी कूद में खटैटा की आकांक्षा, जबकि 100 और 200 मीटर दौड़ में खुशहालपुर की चांदनी प्रथम रहीं। उच्च प्राथमिक बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अल्हैदादपुर चम्पू के जीतू, 200 मीटर दौड़ और लंबी कूद में नगला पूर्वा के जकीर तथा 400 मीटर दौड़ में कोकावास के जीतू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में अल्हैदादपुर चम्पू की टीम विजेता रही। उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में कबड्डी और खो-खो में अल्हैदादपुर चम्पू की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में नगला पूर्वा की शबाना, 100 मीटर दौड़ में खटैटा की बबली, 200 मीटर में खुशहालपुर की पुष्पा और 400 मीटर दौड़ में चम्पू की हंसमुखी प्रथम रहीं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संजय कुमार, अभिषेक कटेरिया, अमित शर्मा, अंकुर राजा, राजकुमार, हरिओम सागर, वेदप्रकाश, नौरंगी लाल, भूपेंद्र सिंह, राशिद, मुजम्मिल, जुबैद, मुकीम, इंदुबाला त्रिपाठी, डॉ. गौरव मिश्रा, प्रफुल्ल कुमार, अशोक पाठक, भूदेव शंखधार, रवि, बनवारी, मनोज और सीमा रानी सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

मिशन शक्ति अभियान में एसआई शिवानी सिंह ने छात्राओं को किया जागरूक, सुरक्षा के बताए उपाय

सहसवान। मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत सहसवान पुलिस ने छात्राओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रमोद इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति प्रभारी महिला उपनिरीक्षक शिवानी सिंह ने पुलिस टीम के साथ छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम के दौरान स्थु शिवानी सिंह ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090, 181, यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के बारे में विस्तार से बताया।उन्होंने कहा कि किसी भी परेशानी या आपात स्थिति में छात्राएं घबराने के बजाय संबंधित हेल्पलाइन की मदद लें।उन्होंने कन्या सुमंगला योजना सहित बेटियों के हित में संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के लिए अनजान लिंक पर क्लिक न करने, किसी के साथ हुक्कसाझा न करने और सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने की सलाह दी। शिवानी सिंह ने छात्राओं में सुरक्षा का भरोसा जगाते हुए कहा कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल सहायता लेने और अपनी शिकायत सामने रखने के लिए प्रेरित किया।इस जागरूकता कार्यक्रम का छात्राओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। वहीं, कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग बनाते हैं।मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक कर उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने तथा किसी भी समस्या के समय सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

सम्भल (बहजोई)- आगामी रामनवमी, रामलीला, दुर्गा पूजा, दशहरा एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं परंपरागत ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह ने थाना क्षेत्रवार शांति समिति के सदस्यों, थानाध्यक्षों, क्षेत्राधिकारियों एवं उपजिलाधिकारियों से त्योहारों के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों, संभावित समस्याओं तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। सदस्यों ने रामलीला मंचन, राम बारात, मेला स्थलों की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य शिविर, अग्निशमन तथा रावण दहन के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सहित विभिन्न सुझाव दिए।

अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रम स्थलों एवं पंडालों का निरीक्षण कर प्रवेश और निकास मार्गों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अग्निशमन उपकरणों, बालू से भरी बाल्टियों तथा आवश्यक सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए। आयोजकों से वालंटियर्स की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम स्थलों की साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, विद्युत तारों की जांच तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

रावण दहन स्थलों पर फायर ब्रिगेड, अग्निशमन उपकरण एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने तथा सीएचसी और पीएचसी पर चिकित्सकों की उपलब्धता एवं बर्न वार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को मेला स्थलों के आसपास छुट्टा पशुओं की रोकथाम, खाद्य सुरक्षा विभाग को खाद्य पदार्थों की जांच तथा संबंधित अधिकारियों को विद्युत चालित झूलों की एनओसी एवं सुरक्षा मानकों की जांच करने के निर्देश दिए गए। मूर्ति विसर्जन स्थलों पर बैरिकेडिंग, गोताखोरों तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि त्योहार समाज को जोड़ने और आपसी सौहार्द बढ़ाने का माध्यम हैं। सभी त्योहार संवेदनशील होते हैं, इसलिए पुलिस प्रशासन एवं आयोजक पूरी सतर्कता बरतें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने दें। उन्होंने आयोजकों से कार्यक्रम स्थलों तथा आवागमन मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और वालंटियर्स की व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने अग्नि सुरक्षा के लिए फायर उपकरण एवं बालू से भरी बाल्टियां रखने तथा सभी उपजिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थलों का भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रामलीला एवं अन्य कार्यक्रमों के आयोजकों से निरंतर संवाद बनाए रखा जाए, ताकि सभी आयोजन सकुशल सम्पन्न हो सकें।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि त्योहारों के दौरान साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। हाईटेंशन लाइनों की समय रहते जांच कराई जाए तथा अनावश्यक विद्युत कटौती न होने दी जाए। घनी आबादी वाले क्षेत्रों में आतिशबाजी के अवैध भंडारण पर रोक लगाने के साथ ही चिन्हित आतिशबाजी स्थलों का निरीक्षण किया जाए। सार्वजनिक स्थलों पर जुआ एवं शराब जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने जुलूसों, शोभायात्राओं, रामलीला एवं रावण दहन स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा आवश्यकतानुसार बालू, पानी और अन्य सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में किसी भी स्तर पर विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। शांति समिति के सदस्यों एवं आयोजकों द्वारा उठाई गई समस्याओं का समय रहते निस्तारण किया जाएगा। सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं परंपरागत रूप से सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सहित समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शांति समिति के सदस्य कमल कांत तिवारी,मोनू यादव, भुवनेश,नाजिम सैफी, ऐहतेशाम अहमद फारुख मुस्तकीम आदि उपस्थित रहे।

जिले की चार तहसीलों में 20 जनशिकायतों का कराया गया अंतिम समाधान

मुरादाबाद। प्रशासनिक स्तर से संचालित 'मिशन संपूर्ण समाधान' के अंतर्गत आमजन की शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा के निर्देश पर जनपद की प्रत्येक तहसील में जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों में से प्रतिदिन 05 शिकायतों का अंतिम एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

इसी क्रम में गुरुवार को जनपद की तहसील ठाकुरद्वारा, कांठ, सदर एवं बिलारी में 05-05, कुल 20 जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया गया। संबंधित उपजिलाधिकारियों एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा शिकायतों की नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों से जांच कराई गई तथा प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। निस्तारित प्रकरणों में शिकायतकर्ताओं को की गई कार्रवाई से अवगत भी कराया गया।

तहसील कांठ - श्री रोहित कुमार ग्राम शेरपुर निवासी द्वारा शीघ्र सामान्य निवास प्रमाण बनवाने हेतु आवेदन किया गया था, जिस पर तहसीलदार की जांच के अनुसार निर्धारित समय के अन्तर्गत तहसील स्तर से प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया गया है। इसी प्रकार से ग्राम पट्टीकला निवासी श्रीमती रुकसार के मकान का जियो टैगिंग कराने संबंधी शिकायत का जांच आख्या के अनुसार आवासीय मकान का निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत किया गया है, जिसके उपरान्त आवेदन को निस्तारित कर दिया गया है। श्री अभय गौतम के प्रकरण का संज्ञान लेते हुए तहसीलदार की जांच रिपोर्ट के अनुसार गाटा संख्या 124 रकबा 0.182 हैक्टेयर राजस्व अभिलेखों में खाद के गड्ढे के रुप में दर्ज है तथा स्थलीय जांच में ग्राम के गंगाशरण द्वारा गाटे के खाली पडे भाग पर लकडिया आदि रखकर अतिक्रमण किया गया जिसको शिकायतकर्ता की उपस्थित में स्थल पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए हटवा दिया गया है तथा श्री अतर सिंह के वारिसानों के नाम दर्ज कराने संबंधी शिकायत का जांच रिपोर्ट के आधार पर वारिसों का अंकन खतौनी में दर्ज करा दिया गया है।

तहसील ठाकुरद्वारा- ठाकुरद्वारा के ग्राम भायपुर निवासी श्री जितेन्द्र कुमार की विरासत दर्ज कराने के संबंधी शिकायत थी, जिसको तहसीलदार की जांच रिपोर्ट के अनुसार मृतक के माता के स्थान पर विरासत दर्ज करा दी गई है। स्वालेहा खातून निवासी ग्राम सबलपुर की मायके से जाति तस्दीक कराए जाने संबंधी प्रकरण को जांच के अनुसार निस्तारित कर दिया गया है। इसी प्रकार से श्री अभिजीत सिंह, श्री मनीष कुमार एवं श्री तेजपाल सिंह द्वारा खतौनी में नाम दुरुस्तीकरण कराने की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार की जांच आख्या के अनुसार प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया।

तहसील सदर - श्री गजेन्द्र सिंह एवं श्री मुन्नी देवी निवासी ग्राम निवाड खास द्वारा अंश संशोधन करने संबंधी शिकायत की गयी थी, जिसको राजस्व विभाग की जांच के अनुसार अंश संशोधन करा दिया गया है। श्रीमती सुनीता के वर्तमान खतौनी में नाम अंकित कराने संबंधी प्रकरण के संबंध में राजस्व विभाग की जांच के उपरान्त खतौनी में नाम अंकित कराकर प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया है। इसी क्रम में श्री अजय कुमार के अंश सही दर्ज करने संबंधी प्रकरण का संज्ञान लेते हुए राजस्व विभाग की जांच द्वारा अंश सही दर्ज करा दिया गया तथा श्री रामभजन के पैमाइश कराकर निशान देही करवाने संबंधी शिकायत को चकमार्ग का स्थलीय निरीक्षण पैमाइश कराकर निशानदेही करके शजरा के अनुसार प्रकरण को निस्तारित करा दिया गया है।

तहसील बिलारी - बिलारी तहसील क्षेत्र अन्तर्गत निवासी ग्राम कूड़ी मानक श्री विद्याशंकर की खतौनी गाटा संख्या 135 रकवा 0.510 हेक्टेयर खतौनी में अंश दुरुस्तीकरण संबंधी शिकायत थी, जिसका उ0प्र0 राजस्व संहिता की धारा 38(6) के अन्तर्गत खतौनी में अंश दुरुस्त कराकर निस्तारण कर दिया गया। श्री मोनू कुमार द्वारा केन्द्र की जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु शिकायत का राजस्व विभाग की जांच के अनुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया है। श्रीमती सोनम के नये राशन कार्ड बनवाने संबंधी शिकायत थी, जिसको आपूर्ति निरीक्षक की जांच रिपोर्ट के अनुसार नया राशन कार्ड जारी कर दिया गया है। इसी क्रम में श्री नफीस अहमद निवासी ग्राम टांडा अमरपुर के द्वारा गाटा संख्या 99/0.0240 हेक्टेयर चकमार्ग की पैमाइश कराने संबंधी शिकायत की गई, जिस पर राजस्व टीम ने मौके पर जाकर चकमार्ग की पैमाइश कराकर आंशिक रुप से कब्जे को कब्जामुक्त करा दिया है तथा श्रीमती रीना की मायके की जाति प्रमाण पत्र तस्दीक कराने हेतु शिकायत का संज्ञान लेते हुए तहसीलदार द्वारा आफलाइन माध्यम से प्राप्त मायके की जाति को तस्दीक कर प्रकरण का निस्तारण कर दिया है।

जिलाधिकारी श्री अनुनय झा के निर्देश पर संचालित 'मिशन संपूर्ण समाधान' का उद्देश्य केवल शिकायतों का औपचारिक निस्तारण करना नहीं, बल्कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष जांच, नियमानुसार कार्रवाई एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। प्रशासन द्वारा शिकायतों के निस्तारण की निरंतर समीक्षा की जा रही है, ताकि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें समयबद्ध एवं प्रभावी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

सीएम डैशबोर्ड के अनुसार राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

मुरादाबाद। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अनुसार राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आबकारी, वन, पीएम स्वनिधि, बांटमाप, भूतत्व एवं खनिकर्म, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, मंडी, पीडीएस, राज्य कर, आईजीआरएस आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने आबकारी, पीएम स्वनिधि, खनन, स्टांप आदि विभागों को आगामी 10 दिनों में राजस्व संग्रह का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी रैंकिंग को बेहतर बनाने के लिए लक्ष्य पूरा करने के प्रति गंभीरता दिखायें। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्री प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, एडीएम सिटी श्री अंकुर श्रीवास्तव, एडीएम न्यायिक श्री जितेंद्र पाल सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।

17 अक्टूबर को जनपद में आयोजित होगा 'पिंक संपूर्ण समाधान दिवस', महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण पर रहेगा विशेष जोर

मुरादाबाद। मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार जनपद में 17 अक्टूबर को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस को 'पिंक संपूर्ण समाधान दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं एवं शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए उनका प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है।

महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में महिलाओं को अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करने तथा उन्हें त्वरित न्याय एवं राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पिंक संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी नगर श्री अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि 17 अक्टूबर को जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में तहसील ठाकुरद्वारा में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। इस दौरान महिलाओं की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा संबंधित अधिकारियों को उनके प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए निर्देशित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ठाकुरद्वारा तहसील में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के साथ-साथ जनपद की अन्य तहसीलों में भी महिलाओं की समस्याओं और शिकायतों के समाधान को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर महिलाएं संबंधित तहसील में अपनी शिकायतें और समस्याएं दर्ज करा सकती हैं।

पिंक संपूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से महिलाओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सुलभ मंच उपलब्ध कराने के साथ ही महिला सशक्तीकरण के प्रयासों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया जाएगा।

जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायत भवन परिसर में आयोजित हो रहे मंडलीय सरस मेले का भ्रमण किया

मुरादाबाद। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा और मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने मुरादाबाद शहर स्थित पंचायत भवन परिसर में 12 से 16 अक्तूबर 2026 तक आयोजित हो रहे मंडलीय सरस मेले का भ्रमण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने प्रत्येक स्टॉल पर पहुंचकर स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की बारीकियों और विशेषताओं के बारे में जानकारी ली।

डीसी स्वत: रोजगार श्री आरपी भगत ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को प्रत्येक स्टॉल पर उपलब्ध उत्पादों की बारीकियों के बारे में जानकारी दी।

डीसी स्वत: रोजगार ने बताया कि 12 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किए जा रहे इस मंडलीय सरस मेले में मंडल के 40 विकासखंडों के 80 से अधिक स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पाद 40 स्टॉलों पर उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि बिजनौर के 11, मुरादाबाद के 09, सम्भल के 06, रामपुर के 06 और अमरोहा के 08 स्टॉल लगे हैं

बिजनौर के स्टॉलों पर मल्टीग्रेन आटा, चिप्स, अचार, मिलेट्स उत्पाद, दीपावली के अवसर पर सजावट के सामान, सरसों का तेल, गुड़, गन्ने का सिरका, दरी, चादर आदि घरेलू उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं।

मुरादाबाद के स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार जूट उत्पादन, गोबर उत्पादन, पूजन सामग्री, पापड़, कैंडी, चक्की से पिसे हुए मसाले, पायदान, भेलपुरी और हैंडलूम उत्पाद उपलब्ध हैं।

संभल के स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर रामदाना, पीली सरसों का तेल, मसाले, हींग, बरी, पापड़ आदि उपलब्ध हैं।

रामपुर के स्टॉलों पर गुलदस्ते, मिलेट्स उत्पाद और सौंदर्य उत्पाद उपलब्ध हैं इसी प्रकार अमरोहा के स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों पर अचार, पापड़, सिमरानी कप और जूट बैग उपलब्ध हैं।

मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत कन्या जन्मोत्सव, 16 नवजात बालिकाओं को बांटी गई बेबी किट व पोषण सामग्री

मेरठ। मिशन शक्ति फेज 6.0 के अंतर्गत शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज, मेरठ में महिला कल्याण विभाग द्वारा कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की उपस्थिति में कन्याओं द्वारा केक काटकर उत्सव का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने 16 नवजात कन्याओं को बेबी किट, फल एवं मिष्ठान वितरित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना तथा समाज में बेटियों के प्रति सम्मान, समानता और जागरूकता की भावना को सुदृढ़ करना रहा। अधिकारियों ने बालिकाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने तथा उनके सम्मान और बेहतर भविष्य के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने सखी वन स्टॉप सेंटर, मेरठ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सहायता एवं सुविधाओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव सहित महिला कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन 2026 हेतु एन0ए0एस डिग्री कॉलेज में माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

मेरठ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन 2026 हेतु आज एन0ए0एस डिग्री कॉलेज मेरठ में माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्रात: 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक पीपीटी के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी कार्मिक प्रशिक्षण नूपुर गोयल द्वारा प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था के साथ साथ-साथ प्रत्येक प्रशिक्षण कक्ष में पहुंच कर निर्वाचन के दौरान किन बातों का ध्यान रखा जाए एवं निर्वाचन की पारदर्शिता तथा सुचिता के बारे में माइक्रो आब्जर्वर को उनके दायित्वों से अवगत कराया। दिनांक 16 और 17 अक्टूबर 2026 को दो पालियों प्रथम पाली प्रात: 9.00 बजे से 12.00 बजे तक तथा दूसरी पाली अपरान्ह 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक पोलिंग पार्टियों को एन0ए0एस डिग्री कॉलेज मेरठ में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में सहनोडल कार्मिक जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह एवं सह नोडल कार्मिक उप प्रधानाचार्य पीएम राजकीय इंटर कॉलेज मेरठ प्रशांत चौधरी उपस्थित रहे।

पात्र लाभार्थियों को ऋण देने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, दोषी बैंक मैनेजरों पर होगी एफआईआर - जिलाधिकारी

मेरठ। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने युवा उद्यमी योजना, प्रोजेक्ट गंगा सहित शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में पात्र लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने में लापरवाही मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और अधिकारियों एवं बैंकर्स को योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का उद्देश्य लोगों को स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना के अवसर उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। पात्र लाभार्थियों को ऋण देने में बैंक अपनी मनमानी नहीं कर सकते। उन्होंने एलडीएम को खराब प्रदर्शन करने वाले बैंकों को चिन्हित कर संबंधित शाखा प्रबंधकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही एसबीआई, पीएनबी सहित अन्य बैंकों का सीडी रेशियो 50 प्रतिशत से कम होने पर असंतोष जताते हुए इसमें अपेक्षित सुधार लाने को कहा।

जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग की शिथिल कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी व्यक्त की तथा मुख्य विकास अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब, लापरवाही और नकारात्मक रवैया किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्धारित लक्ष्यों को पूरा कर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करना सभी संबंधित अधिकारियों एवं बैंकर्स की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में सीडीओ नूपुर गोयल, एडीएम (प्रशासन) विजय वर्धन तोमर, एडीएम (नगर) आदित्य कुमार प्रजापति, एलडीएम आर.के. खन्ना, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित संबंधित अधिकारी, बैंकर्स एवं उद्योग विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में अब बिना पास और टोकन नहीं मिलेगी एंट्री

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए प्रशासन ने वाहनों के प्रवेश को लेकर सख्त नियम लागू करने का निर्णय लिया है। अब विश्वविद्यालय के स्टाफ के वाहनों के लिए वैध पास अनिवार्य होगा, जबकि बाहरी वाहनों को परिसर में प्रवेश से पहले टोकन लेना पड़ेगा। बिना पास या टोकन के किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

गुरुवार को कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित सुरक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि विश्वविद्यालय की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियमों के पालन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बढ़ेगी सुरक्षा गश्त, लगेंगे सीसीटीवी कैमरे - नई व्यवस्था के तहत परिसर में प्रवेश करने वाले वाहनों की पहचान और विवरण दर्ज किया जाएगा। कर्मचारियों एवं अधिकारियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वाहन पास बनवाना होगा, जबकि बाहरी वाहनों को प्रवेश से पहले टोकन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। नियमों का उल्लंघन कर प्रवेश करने की कोशिश पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

बैठक में सुरक्षा गार्डों की गश्त बढ़ाने और निगरानी व्यवस्था मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। जिन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, वहां कैमरे स्थापित किए जाएंगे, ताकि वाहनों की आवाजाही और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

बैठक में कुलसचिव अजय कृष्णा यादव, चीफ वार्डन प्रोफेसर दिनेश कुमार, सुरक्षा अधिकारी, छात्रावासों के वार्डन, ईंजीनियर मनीष मिश्रा, डॉ. दुष्यंत चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परिसर में सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए निर्धारित नियमों का पालन सभी के लिए अनिवार्य होगा।

नवरात्रि पर आईसीआईसीआई लाइफ का बड़ा ऐलान, 20,000 महिला एडवाइजर्स जोड़ेगी कंपनी

मेरठ। नवरात्रि के अवसर पर आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2027 के अंत तक देशभर में 20,000 महिला एडवाइजर्स जोड़ने की घोषणा की है। कंपनी की 'नारीशक्ति' पहल के दो वर्ष पूरे होने पर यह लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 30 सितंबर 2026 तक कंपनी से 78,000 से अधिक महिला एडवाइजर्स जुड़ी थीं, जो एजेंसी कारोबार में लगभग 45 प्रतिशत योगदान दे रही हैं। इनमें से 500 से अधिक महिला एडवाइजर्स ने मिलियन डॉलर राउंड टेबल (एमडीआरटी) के लिए क्वालिफाई किया है। वहीं, 47 प्रतिशत महिला एडवाइजर्स कंपनी के साथ 10 साल से अधिक समय से जुड़ी हैं। कंपनी के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमीश बैंकर ने कहा कि 'नारीशक्ति' पहल का उद्देश्य महिलाओं को प्रशिक्षण और सहयोग देकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। वर्ष 2024 में शुरू हुई यह पहल महिलाओं को लचीले समय में करियर बनाने और परिवारों को बीमा सुरक्षा प्रदान करने का अवसर देती है।

दिल्ली रोड स्थित कृषि केन्द्र पर किसान मेला एवं महिला किसान दिवस का आयोजन

मेरठ। सम्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र, दिल्ली रोड, मेरठ में एक दिवसीय किसान मेला, कृषक ज्ञान गोष्ठी, फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु कृषक जागरूकता कार्यक्रम एवं महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेरठ मण्डल के कृषकों सहित लगभग 100 महिला किसानों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं खेती-बाड़ी से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त कृषि निदेशक, मेरठ मण्डल, श्रीमती स्मिता वर्मा ने किया। उन्होंने जैविक उत्पादों के प्रचार-प्रसार हेतु दो प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञों एवं अधिकारियों ने किसानों को मृदा परीक्षण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, गृहवाटिका, फसलों में कीट एवं रोग प्रबन्धन तथा कृषि एवं पशुपालन से सम्बन्धित नवीनतम जानकारियां दीं। कार्यक्रम में डॉ. नवीन चन्द्र, डॉ. बीना यादव, डॉ. चन्द्रभानु, डॉ. नीलम संचान एवं श्री अरुण कुमार ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विकास पंवार ने किया। अंत में उप कृषि निदेशक (शोध), मेरठ, नीलेश चौर चौरसिया ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

बृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन हेतु बैठक सम्पन्न

मेरठ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में 01 नवम्बर 2026 को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन हेतु आज चौदह न्यायालय भवन के प्रथम तल स्थित सभागार कक्ष में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी (लोक अदालत) अमित वीर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संबंधित न्यायिक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर बृहद शिविर से पूर्व लघु विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए जाएं। इनमें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराने के साथ पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकाधिक जरूरतमंद व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

इसके अतिरिक्त शिविर का प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए गए, जिससे अधिक से अधिक लोग शिविर में प्रतिभाग कर लाभान्वित हो सकें।

शिविर का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्रा-द्वितीय की अध्यक्षता में किया जाएगा। बैठक में सुश्री सोनिका वर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान पर पत्रकार लियाकत मंसूरी सम्मानित

मेरठ। जनपद गाजियाबाद के कौशांबी स्थित एक होटल में आयोजित भव्य समारोह में विजय भारद्वाज प्रोडक्शन की प्रस्तुति इंडियन नारी शक्ति डॉक्यूमेंट्री सॉन्ग का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वरिष्ठ पत्रकार लियाकत मंसूरी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान अतिथियों ने लियाकत मंसूरी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि लियाकत मंसूरी ने ग्रामीण पत्रकारिता से अपने करियर की शुरुआत की और आज मेरठ मंडल में पत्रकारिता को नई दिशा दे रहे हैं। वर्तमान में वह दैनिक भास्कर में मेरठ जोन के प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। पत्रकारिता के साथ-साथ साहित्य सृजन में भी वह सक्रिय हैं।

सम्मान के बाद लियाकत मंसूरी ने आयोजक डॉ. विजय भारद्वाज और पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति पर आधारित यह डॉक्यूमेंट्री सॉन्ग समाज को सकारात्मक संदेश देगा और यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा है।

कार्यक्रम में अनिल मित्तल, निवेदिता शर्मा रमेश, संतोष राय, सुनीता गोदारा, तेजा गुर्जर, स्वामी सच्चिदानंद महाराज, एस. पी. राणा, अरविंद सिंह और मनोज गोस्वामी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच

मेरठ की बेटियों ने राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जीते कांस्य पदक

मेरठ। शास्त्री नगर स्थित बालेराम बृजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर मेरठ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। विद्या भारती की ओर से 8 से 13 अक्टूबर तक राजस्थान के भीलवाड़ा स्थित आदर्श स्कूल में आयोजित 37वीं अखिल भारतीय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2026 में विद्यालय की अंडर-14 और अंडर-17 दोनों टीमों ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किए।

देश के 11 क्षेत्रों की श्रेष्ठ टीमों के बीच हुए मुकाबलों में मेरठ की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। दोनों आयु वर्गों में एक साथ तीसरा स्थान हासिल करना विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता ने खिलाड़ियों और उनकी कोच श्रीमती चांदनी नेगी को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने कठिन परिश्रम, समर्पण और शानदार टीम भावना से यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता से विद्यालय का मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी उत्साह और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय प्रबंध समिति, समस्त आचार्य परिवार और अभिभावकों ने भी दोनों टीमों की खिलाड़ियों, प्रशिक्षक तथा विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। इस सफलता से विद्यालय में खुशी का

कलेक्शन एंड रिकवरी एजेंट बनकर अवैध वसूली व वाहनों को छीनने वाले गैंग का खुलासा

गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार व छीनी गई बाइक भी बरामद

एसपी के के विश्नोई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया खुलासा

आज समाचार सेवा

बिजनौर/नगीना। पुलिस ने कलेक्शन एंड रिकवरी एजेंट बनकर फाइनेंस वाहनों के स्वामियों से अवैध वसूली व वाहनों को छीनने वाले गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस ने इनके पास से छीनी गई मोटर साइकल भी बरामद कर ली है।गैंग रैपो ऐप के माध्यम से ऐसे वाहन स्वामियों को शिकार बनाता था जिनके फाइनेंस वाहनों की किश्त जमा नहीं होती थी। पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई ने बुधवार की अपराह्न पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह गैंग पिछले काफी दिनों से वाहन स्वामियों से अवैध वसूली व वाहनों की छीनेती का अवैध काम कर रहा था। एसपी के के विश्नोई ने बताया कि 13 अक्टूबर को नगीना के मौहल्ला छिप्पीपड़ा निवासी खालिद पुत्र इरफान ने तहरीर देकर बताया कि मौहल्ला सय्यदवाद निवासी विप्पू पुत्र सुनील उर्फ सेठी व मुरादाबाद निवासी अनुराग ठाका उर्फ अनुराग सक्सेना तथा दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी का रास्ता रोककर उसकी बाइक स्प्लेंडर प्लस नंबर यूके 07 एफएफ 7621 को रोक लिया तथा 56000 रुपए की मांग की गई। रुपए न देने पर वादी के साथ गाली गलौच कर 5500 रुपए नकद व मोटर साइकल छीन ली। नगीना पुलिस ने बीएनएस की धारा 309 (4),308(2) 352,126(2) में मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचना के दौरान नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कस्बा कोटरा निवासी पुष्पेंद्र पुत्र मुनिराज व नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर बसी निवासी आकाश पुत्र संजीव रघुवंशी के नाम भी प्रकाश में आए। एसपी के के विश्नोई के आदेश पर एएसपी(ग्रामीण) गौतम राय के निर्देशन में एसओजी ,स्वाट, सर्विसलांस व सीओ नगीना के नेतृत्व में नगीना पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर इस गैंग को पकड़ने के ऑपरेशन का जिम्मा सौंपा गया।संयुक्त टीम ने बुधवार को विप्पू पुत्र सुनील उर्फ सेठी निवासी मौहल्ला सैय्यदवदा नगीना, अनुराग सक्सेना पुत्र राकेश सक्सेना निवासी आशियाना कॉलोनी फेज 2 थाना सिविल लाइन मुरादाबाद,पुष्पेंद्र पुत्र मुनिराज निवासी ग्राम कस्बा कोटरा नगीना तथा आकाश पुत्र संजीव रघुवंशी निवासी ग्राम सिकंदरपुर बसी थाना नजीबाबाद को घटना में छीनी गई मोटर साइकल स्पेलडर प्लस नंबर यूके 07 एफएफ 7621 के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर बीएनएस की धारा 317(2)की वृद्धि की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी(ग्रामीण) गौतम राय,सीओ नगीना राजेश सिंह सोलंकी व थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार भी इस ऑपरेशन को अंजाम देने वाली संयुक्त टीम के साथ मौजूद रहे।

रैपो ऐप के माध्यम से जानकारी जुटाकर बनाते थे शिकार

पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई ने बताया कि इस गैंग के सदस्य रैपो ऐप के माध्यम से ऐसे फाइनेंस वाहनों की जानकारी प्राप्त करते थे जिनकी किश्तें बकाया होती थी।फिर ऐसे वाहनों को रुकवा कर वाहन स्वामी को गाड़ी ले जाने की धमकी देकर अवैध रूप से रुपए वसूलते थे और रुपए न देने पर वाहन छीन कर पहले खुद उपयोग करते थे और फिर हरिद्वार हरिद्वार स्थित अजय एसोसिएट्स में जमा कर देते थे।

ए श्रेणी का हिस्ट्रीशीटर है पुष्पेंद्र

एसपी के के विश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पुष्पेंद्र पुत्र मुनिराज नगीना थाना का हिस्ट्रीशीटर(एचएस 304 ए)है पुष्पेंद्र के खिलाफ थाना नगीना, थाना कोतवाली देहात व मुजफ्फरनगर के खतौली थाना में 6 मुकदमें दर्ज हैं।विप्पू के खिलाफ भी नगीना थाना में दो मुकदमें दर्ज हैं।आकाश के खिलाफ नजीबाबाद थाना में तीन व नगीना थाना में एक समेत चार मुकदमें दर्ज है।

संयुक्त ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में 15 पुलिस कर्मी रहे शामिल

इस गैंग को पकड़ने वाली पुलिस की संयुक्त टीम में स्वाट टीम प्रभारी इंस्पेक्टर सचिन मालिक,एसआई शौकत अली, कांस्टेबल अरुण, सर्विलांस टीम प्रभारी एसआई हिमांशु ,कांस्टेबल मोनू कुमार व बालेंद्र तथा नगीना थाना के एसआई महेंद्र सिंह नागर,कांस्टेबल आमोद कुमार, सोनू,ललित कुमार, तरुण कुमार, विवेक कुमार,शिशांत कसाना,राजू व रावेंद्र कुमार शामिल रहे।

21 अक्टूबर को होगी भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत करेंगे किसानों को संबोधित

बिजनौर के नुमाइश ग्राउंड में होगी पंचायत जुटेंगे हजारों किसान, जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने दी जानकारी

आज समाचार सेवा

बिजनौर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की महापंचायत 21 अक्टूबर को बिजनौर के नुमाइश ग्राउंड में आयोजित होगी। इसको यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत संबोधित करेंगे।

बिजनौर भाकियू के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने किसानों से बड़ी तादाद में नुमाइश ग्राउंड में 21 अक्टूबर को पहुंचने की अपील की है। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने गांव गढ़ी नवादा तुला, मकरमपुर त्रिलोकपुर फतेहपुर असल इब्राहिमपुर

आदि गांव का दौरा किया और 21 अक्टूबर को नुमाइश ग्राउंड में किसानो की महापंचायत में आने के लिए अपील की। उन्होंने बताया कि नुमाइश ग्राउंड की पंचायत को मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चैधरी राकेश टिकैत संबोधित करेंगे और किसानों की समस्याओं पर चर्चा करेंगे। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान के साथ में वीरेंद्र सिंह अंकुर चैधरी आशु चैधरी रजनीश अहलावत मोनू प्रधान अनिल कुमार अमित बालियान विनीत चैधरी विनीत मौर्य पुष्पेंद्र चैधरीआदि किसान मौजूद रहे।

संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया

आज समाचार सेवा

नहटौर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का मुख्य उद्देश्य सरकार तक समान काम, समान वेतन और राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग पहुंचाना था। प्रदर्शन कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों ने नाराजगी जताई कि वे लंबे समय से विभाग में ईमानदारी से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें सही वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वे समान काम के लिए समान वेतन की मांग लंबे समय से कर रहे हैं, पर उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। कर्मियों ने साफ कहा कि उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे उनमें काफी नाराजगी है। उन्होंने मांग की कि उन्हें सिर्फ मानदेय न देकर राज्य कर्मचारी का दर्जा भी दिया जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में एएनएम और आशा वर्कर शामिल हुईं, जिन्होंने हाथों में मांग पत्र लेकर स्वास्थ्य केंद्र के बाहर धरना दिया और सरकार विरोधी नारे लगाए। इस दौरान बबीता देवी, मीनाक्षी, मनीषा, राहुल कुमार, दीपक कुमार, राखी, सुमन और नेहा जैसे कई कर्मी मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि मांगें न माने जाने पर वे आंदोलन तेज करेंगे।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया

नहटौर। ब्लॉक परिसर में शिक्षा विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एक रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य थीम रंगोली राष्ट्र के संग, सेवा के रंग राष्ट्र के संग रखा गया था। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति से ओत-प्रोत भव्य एवं आकर्षक रंगोलियां बनाईं। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में राष्ट्रप्रेम, सेवा भाव, समर्पण और राष्ट्रीय चेतना की अलख जगाना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगोली के विभिन्न माध्यमों से देश की सांस्कृतिक धरोहर, राष्ट्रीय प्रतीकों और समाज सेवा के विविध रूपों का बहुत सुंदर चित्रण किया। कार्यक्रम के सफल और उत्कृष्ट आयोजन के लिए शिक्षा विभाग, खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई व शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के कर्मचारी, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई बाइक, एक युवक की मौत, दो गंभीर घायल

आज समाचार सेवा

नगीना। नगीना-अकबराबाद मार्ग पर ग्राम अलीपुरा जट के पास बुधवार रात करीब सात बजे सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार करीब 18 वर्षीय रिहान की मौके पर

नगीना-अकबराबाद मार्ग पर अलीपुरा जट गांव के पास हुआ हादसा, तीन युवक थे बाइक पर सवार

ही मौत हो गई, जबकि 17 वर्षीय कलीम और 18 वर्षीय आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए बिजनौर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव से दूसरे गांव की ओर जा रहे थे। अंधेरा होने के कारण बाइक सवार सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली को देख नहीं पाए और उनकी बाइक उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रिहान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कलीम और आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भिजवाया। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सोलंकी ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हुई है और दो घायल हुए हैं।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

न0पा0परि0 बिजनौर ने महिलाओं का बढ़ाया सम्मान

मिशन शक्ति के फेस फाइव के द्वितीय चरण के अंतर्गत चेयरपर्सन इंदिरा सिंह एवं अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह ने किया सम्मानित

आज समाचार सेवा

बिजनौर। नगर पालिका परिषद बिजनौर की चेयरपर्सन इंदिरा सिंह एवं अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं का सम्मान बढ़ाया गया। इस दौरान चेयरपर्सन इंदिरा सिंह ने महिलाओं को जागरुक करते हुए मिशन शक्ति से जुड़ी हुई जरूरी जानकारी उपलब्ध कराई और कर्मचारियों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। इसके लिए महिलाओं ने भी नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा सम्मान देने के लिए चेयरपर्सन एवम ईओ की सराहना की। बुधवार को मिशन शक्ति फेस-5 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वांवलंबन के सम्बन्ध में नगर पालिका परिषद बिजनौर प्रांगण में स्थित भारत रत्न डा० भीमराव अम्बेडकर सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, जननी सुरक्षा योजना आदि एवं महिलाओं को हेल्पलाईन नम्बर जैसे 1090 वुमेन पावर लाईन, 181 महिला हेल्प लाईन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाईन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि की जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष इन्दिरा सिंह एवं संचालन रामपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बिजनौर द्वारा किया गया, जिसमें रूपाली रस्तोगी, सोनिका, नेहा शर्मा, पूनम विश्नोई, आसमा, ज्योति, प्रीति, रूपा, ममता, नीलम कविता गुप्ता, अश्वनी, मंजू रानी, ज्योति कश्यप आदि महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

बदकिस्मती...गिरानी थी जो दीवार, उसी ने ले ली मासूम की जान

नगीना के काजीवाला में जर्जर चाहरदीवारी ढहने से छात्र ईशु की मौत

आज समाचार सेवा

नगीना। गांव काजीवाला में घेर की दीवार गिरने से कक्षा तीन के छात्र गांव चमरावाला निवासी ईशु (नौ वर्षीय) की मौत हो गई। जर्जर चाहरदीवारी को सुरक्षित रूप से तोड़ने की तैयारी पहले से चल रही थी, लेकिन मजदूरों के औजार लेने घर जाने के दौरान ही यह हादसा हो गया। मंगलवार की सुबह गांव चमरावाला निवासी ईशु पुत्र गोपाल अपने भाई और साथियों के साथ श्री गिरिवर सिंह आदर्श जूनियर हाई स्कूल काजीवाला जा रहा था। रास्ते में पूर्व प्रधान के घेर की दीवार अचानक ढह गई, जिसके मलबे में ईशु दब गया। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे बच्चे को बाहर निकाला। चिकित्सक के पास पहुंचते ही बच्चे की मौत हो गई। ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि ग्रामीणों की ओर से मामले में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई।

उधर, छोटे सिंह के पुत्र चिंटू कुमार का कहना है कि मजदूरों और राजमिस्त्री को दीवार तोड़ने का काम सौंप दिया गया था। वे दीवार गिराने के लिए औजार लेने अपने घर गए हुए थे। अगर बच्चे वहां से महज एक घंटे बाद गुजरते, तो यह हादसा टाला जा सकता था।

बाल बाल बचे अन्य स्कूली बच्चे

नगीना। गांव काजीवाला में दीवार ढहने से मृतक का भाई और उसके साथी बाल बाल बचे। ईशु के ऊपर दीवार का कॉलम गिर गया था, जबकि अन्य साथी उससे कुछ ही फासले पर थे।

लायंस क्लब की कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई

बिजनौर। लायंस क्लब की एक महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक का आयोजन क्लब के सचिव लायन प्रशांत गोयल के आवास पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष लायन पीयूष कुमार ने की तथा संचालन सचिव लायन प्रशांत गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर आगामी समाजसेवी प्रकल्पों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई, साथ ही कार्यकारिणी के सदस्यों ने सचिव लायन प्रशांत गोयल का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अक्टूबर माह में जनसेवा के तहत एक वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत आगामी 26 अक्टूबर 2026 को चांदपुर में एक विशाल मेडिकल कैंप (चिकित्सा शिविर) लगाया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, बैठक में आगामी दीपावली के पावन पर्व पर क्लब द्वारा श्दीवाली उत्सवश को भव्य एवं गरिमामयी रूप से मनाने पर भी विस्तृत विचार-विमर्श कर रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान समय की प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित समय की पाबंद (पंक्चुअलिटी) लकी ड्रा का पुरस्कार कोषाध्यक्ष लायन अचल अग्रवाल ने जीता। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्लब अध्यक्ष लायन पीयूष कुमार, सचिव लायन प्रशांत गोयल, कोषाध्यक्ष लायन अचल अग्रवाल, लायन संजीव कुमार बबली (एडवोकेट), लायन अनुपम मोहन माथुर, लायन आशीष जैन, लायन डॉ. शूरवीर सिंह, लायन अनुपम विजय, लायन अक्षय गोयल, लायन पारस अग्रवाल, लायन डॉ. मदन मोहन, लायन जयवीर राठी, लायन विभूति राय भटनागर सहित लायनेस प्रतिमा सिंह, लायनेस नीता अग्रवाल एवं लायनेस मीनू गोयल, लायनेस शोभा सिंह, लायनेस मुदिता गोयल आदि सदस्य एवं समाजसेवी विवेक गुप्ता, डॉ0 साक्षी गोयल आदि उपस्थित रहे।

महाराजा अग्रसेन जयंती पर कीर्तन और डांडिया नाइट का आयोजन

महाराजा अग्रसेन और महारानी के स्वरूप में सजे कलाकारों ने दिया आशीर्वाद, महिलाओं ने डांडिया पर किया नृत्य

आज समाचार सेवा

किरतपुर। अग्रवाल महिला सभा एवं अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन जयंती और नवरात्र के उपलक्ष्य में देवी मां के कीर्तन और डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भक्ति गीतों पर माता रानी का गुणगान किया और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन जी की आरती के साथ हुआ। इसके बाद माता रानी के दरबार में दीप प्रज्वलित कर भजन-कीर्तन किया गया। मोनी अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन और कृति अग्रवाल ने महारानी के स्वरूप में उपस्थित होकर सभी को आशीर्वाद दिया। महिलाओं ने मनमोहक डांडिया प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। जिलाध्यक्ष रितु अग्रवाल और अग्रवाल महिला सभा की अध्यक्ष मीना अग्रवाल ने सभी को महाराजा अग्रसेन जयंती एवं नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। माता रानी का सुंदर दरबार सजाने के लिए कृति अग्रवाल और शिल्पी रस्तोगी को सम्मानित किया गया। वहीं, शानदार प्रस्तुति के लिए परी गोयल को सम्मान मिला। समय की पाबंदी के लिए रश्मि अग्रवाल को विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और डांडिया नाइट का भरपूर आनंद लिया। आयोजन को सफल बनाने में कुमकुम अग्रवाल, गीता, नमिता गोयल, सरिता, रीता, दीप्ति, नेहा, शालू, अंजलि गोयल, बीना अग्रवाल, सुधा वर्मा और ऋतु गोयल सहित अन्य महिलाओं का सहयोग रहा।

पुलिस विभाग में हुआ बड़ा फेरबदल

किरतपुर थाने की कमान अमर सिंह राठौर को सौंपी गई

पूर्व थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन भेजा गया

आज समाचार सेवा

किरतपुर। बिजनौर पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत किरतपुर थाने की कमान अमर सिंह राठौर को सौंपी गई है, जबकि पूर्व थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। वहीं, किरतपुर थाना क्षेत्र की भनेड़ा चैकी का प्रभारी उपनिरीक्षक गौरव मलिक को बनाया गया है।

पुलिस अधीक्षक केके विश्नोई के स्तर से किए गए इन बदलावों के बाद क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर नए अधिकारियों की कार्यशैली पर निगाहें रहेंगी।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी स्थानांतरण एवं तैनाती सूची के अनुसार, किरतपुर थाने की जिम्मेदारी अब अमर सिंह राठौर संभालेंगे। उनके सामने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर अंकुश लगाने, नियमित गश्त बढ़ाने और आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने की चुनौती होगी। पुष्पेंद्र सिंह को लाइन हाजिर किए जाने के कारणों के संबंध में जारी सूची में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। इसी फेरबदल के तहत उपनिरीक्षक गौरव मलिक को भनेड़ा चैकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। गौरव मलिक इससे पहले किरतपुर क्षेत्र के हल्का नंबर एक में उपनिरीक्षक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। क्षेत्र से पूर्व परिचित होने के कारण उनकी नई तैनाती को स्थानीय पुलिस व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस विभाग में इन बदलावों के बीच अब नए थाना प्रभारी और चैकी प्रभारी के सामने अपनी कार्यशैली से प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी। अपराध नियंत्रण, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी, शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेंगे। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि नई तैनातियों के बाद पुलिस की सक्रियता बढ़ेगी और आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई मिलेगी। अब देखना होगा कि नई जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारी कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और जनता का विश्वास कायम रखने के लिए किस तरह के कदम उठाते हैं।

सेंट मैरी स्कूल में मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ

आज समाचार सेवा

बिजनौर। सेंट मैरी स्कूल, बिजनौर में उत्तर प्रदेश पुलिस की पहल ह्यमिशन शक्ति 6.0द्ध के अंतर्गत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में के.पी.एस. बिजनौर, तथा राजकीय कन्या इंटर कालेज की छात्राएं भी उपस्थित रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल सुरक्षा तथा महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ रक्षित टंडन ने लखनऊ से लाइव जुड़कर विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

उन्होंने मजबूत पासवर्ड बनाने, व्यक्तिगत जानकारी एवं डेटा को अनावश्यक रूप से साझा न करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियाँ करने, आपत्तिजनक सामग्री साझा करने तथा साइबर बुलिंग जैसी गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी।

विशेष रूप से छात्राओं को ऑनलाइन उत्पीड़न के प्रति सतर्क रहने, किसी भी अनुचित गतिविधि की जानकारी अपने अभिभावकों एवं शिक्षकों को देने तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस की सहायता लेने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर बाबू जॉर्ज, प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी साइबर क्राइम शाखा, बिजनौर के सब-इंस्पेक्टर श्री अंकुर राठी तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री मित्रलाल गौतम भी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी द्वारा तहसील सदर के ग्राम गिरधरपुर में धान फसल की क्रॉप कटिंग का किया स्थलीय निरीक्षण

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। जिलाधिकारी ने तहसील सदर अंतर्गत ग्राम गिरधरपुर में खरीफ वर्ष 2026-27 के अंतर्गत धान फसल की क्रॉप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी मेघा रूपम द्वारा निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेत पर पहुंचकर निर्धारित मानकों के अनुरूप फसल उत्पादन का परीक्षण कराया। इस क्रम में जिलाधिकारी की उपस्थिति में कृषक शीला देवी की भूमि, गाटा संख्या 58 पर निर्धारित मानक 10म10म10 त्रिकोण मीटर क्षेत्रफल में धान की कटाई कराई गई। परीक्षण उपरांत 10.805 कि0ग्रा0 उपज प्राप्त हुआ। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने कृषकों से संवाद किया, उन्होंने कहा कि फसल उत्पादन के सटीक आकलन के लिए क्रॉप कटिंग प्रयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे किसानों को विभिन्न योजनाओं और बीमा लाभों का सही निर्धारण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, अपर सांख्यिकी अधिकारी अलका चौहान, लेखपाल जितेंद्र भाटी, राजस्व निरीक्षक नरेश शर्मा, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि धीरज कुमार, रामोतार एवं किसान शीला देवी उपस्थित रहे।

किशोरी घर से लापता

नोएडा। सेक्टर-48 निवासी एक व्यक्ति की 15 वर्षीय बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगने पर पिता ने सेक्टर-49 थाना पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के मुताबिक उनकी बेटी खुशी आठ अक्टूबर को गुस्सा होकर घर से कहीं चली गई। पुलिस किशोरी के लापता होने के कारणों का पता लगाने के साथ उसकी तलाश में जुटी है।

मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 में मतदान हेतु फोटो पहचान पत्र अथवा वैकल्पिक दस्तावेज होंगे मान्य

गौतमबुद्धनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन-2026 का मतदान 23 अक्टूबर, 2026 को होना सुनिश्चित किया गया है। जिसकी जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन-2026 के लिए 23 अक्टूबर, 2026 को होने वाले मतदान में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय ऐसे मतदाता, जिन्हें फोटो पहचान पत्र जारी किये गये हैं, को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मत देने से पूर्व अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। अगर वे निर्वाचक जो अपना निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगाः- 1. अधार कार्ड, 2. ड्राईविंग लाइसेन्स, 3. पैन कार्ड, 4. भारतीय पासपोर्ट, 5. राज्य / केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकाय या निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान-पत्र, 6. सांसदों/विधायकों / पार्षदों को जारी किए गए सरकारी, पहचान-पत्र 7. शैक्षिक संस्थाओं, जिनमें संबंधित शिक्षक / स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र, 8. विश्वविद्यालय द्वारा दिव्यांगता सम्बन्धी मूल प्रमाण-पत्र, 9. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता सम्बन्धी मूल प्रमाण-पत्र,10. यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय भारत सरकार अधिकारिता मंत्रालय।

जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने तथा बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत संचालित पोषण कार्यक्रमों की प्रगति, बच्चों की पोषण स्थिति और गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की गई। बिसरख, दादरी, दनकौर, शहरी क्षेत्र एवं जेवर परियोजनाओं के कार्यों का आकलन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया कि सितंबर माह में गंभीर तीव्र कुपोषण (सैम) एवं मध्यम तीव्र कुपोषण (मैम) श्रेणी में चिह्नित बच्चों की संख्या में पिछले माह की अपेक्षा कमी आई है। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों का नियमित वजन मापन, उनकी पोषण स्थिति के अनुरूप आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध कराने तथा चिह्नित बच्चों की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए शासन की मंशा के अनुरूप पोषण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में गर्भवती महिलाओं की चौथी प्रसवपूर्व जाँच (एएनसी-4), निर्धारित वजन वृद्धि तथा टेक होम राशन की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने संभव 6.0 अभियान एवं ई-कवच के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की नियमित निगरानी करने और गर्भवती महिलाओं को समयबद्ध स्वास्थ्य जाँच एवं आवश्यक पोषण सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए।

एक नज़र

हथियारबंद बदमाशों ने इंजीनियर से लूटी अंगूठी, विरोध करने पर गोली मारने की धमकी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो हथियारबंद बदमाशों ने एक इंजीनियर को निशाना बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोप है कि बदमाश सेक्टर में घुसे और हथियार दिखाकर इंजीनियर की अंगूठी उतरवा ली। विरोध करने पर उन्होंने गोली मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़ित का दावा है कि घटना के बाद से वह पिछले 13 दिनों से पुलिस चौकी के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात भी सामने आई है। कार्रवाई नहीं होने से परेशान इंजीनियर अब बीटा थाने पहुंचा है। पीड़ित इंजीनियर के मुताबिक, बाइक सवार दो बदमाश सेक्टर में पहुंचे और हथियार के बल पर उसे रोक लिया। इसके बाद बदमाशों ने उसकी अंगूठी लूट ली। इंजीनियर ने जब इसका विरोध किया तो आरोप है कि बदमाशों ने गोली मारने की धमकी दी। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। उसका कहना है कि वारदात से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है, जिससे आरोपियों की पहचान करने में मदद मिल सकती है।इंजीनियर का आरोप है कि घटना के बाद से वह लगातार पुलिस चौकी जा रहा है, लेकिन 13 दिन बीतने के बावजूद उसकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित का कहना है कि उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की मांग भी की, लेकिन उसे अब तक राहत नहीं मिली।

'आपदा जोखिम न्यूनीकरण में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की भूमिका' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ व जिला अधिकारी गौतमबुद्ध नगर के निर्देश के क्रम में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर द्वारा 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की भूमिका' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आपदा प्रशिक्षण हॉल, कलेक्ट्रेट गौतमबुद्धनगर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह की उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह ने कहा कि आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने में जन-जागरूकता, समयबद्ध तैयारी, नियमित प्रशिक्षण तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ अपने परिवार एवं समुदाय को जागरूक करने और आपदा के समय आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने में प्रभावी भूमिका निभा सकती हैं। इस प्रकार के प्रशिक्षण से सामुदायिक स्तर पर आपदा से निपटने की तैयारी को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है।

उन्होंने बताया की प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आपदा प्रबंधन, जोखिम न्यूनीकरण, विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी कार्रवाई के लिए सक्षम बनाना है। इसके माध्यम से महिलाओं को अपने परिवार एवं समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही आपदा के समय प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता (फर्स्ट रिस्पॉन्डर) के रूप में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रतिभागियों को जनपद में आपदा जोखिम प्रबंधन एवं न्यूनीकरण के उपायों, विभिन्न प्रकार की आपदाओं के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, बुनियादी जीवन रक्षक कौशल, प्राथमिक चिकित्सा तथा अग्निकांड से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, सामुदायिक सहभागिता, जन-जागरूकता तथा राहत एवं बचाव कार्यों में महिलाओं की भागीदारी के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), अग्निशमन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से जुड़े वीडियो तथा सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) सामग्री के माध्यम से भी जागरूक किया गया। मास्टर ट्रेनर ने महिलाओं को आपदा जोखिम न्यूनीकरण में उनकी भूमिका तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उनके मार्गदर्शन में विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों का समन्वय किया जा रहा है, जिससे प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी प्राप्त हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं की क्षमता वृद्धि, सामुदायिक तैयारियों को मजबूत करने तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण में जनसहभागिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह ने बताया की कार्यक्रम आगामी दो दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अंकित कुमार सिंह, एनडीआरएफ, अग्निशमन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मास्टर ट्रेनर अजय पंवार, विजयपाल सिंह एवं श्रीयांश चतुर्वेदी, लेखाकार अभिषेक चौहान सहित अन्य संबंधित कर्मचारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी द्वारा किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 85 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

सेक्टर-37 में सड़क धंसने से गड्ढे में फंसी स्कूली बस

आज समाचार सेवा

नोएडा। बारिश के बाद नोएडा के सेक्टर-37 में सड़क धंसने से बड़ा हादसा होते-होते बच गया। सड़क धंसने के कारण एक निजी स्कूल की बस गड्ढे में फंस गई। बस में स्कूली बच्चे सवार थे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बस को बाहर निकालने के लिए क्रेन और बुलडोजर की मदद लेनी पड़ी। इसके बाद दूसरी बस बुलाकर बच्चों को सुरक्षित घर भेजा गया। बताया जा रहा है कि बिजली विभाग की ओर से सड़क पर गड्ढा खोदा गया था, लेकिन उसे ठीक से नहीं भरा गया। बारिश के बाद उसी जगह सड़क धंस गई। घटना के बाद सड़क निर्माण और रखरखाव को लेकर नोएडा अथॉरिटी की जिम्मेदारी पर सवाल उठ रहे हैं। सेक्टर-37 में बारिश के बाद अचानक सड़क का एक हिस्सा धंस गया। इसी दौरान वहां से गुजर रही निजी स्कूल की बस गड्ढे में फंस गई। बस में बच्चे सवार थे, जिससे हादसे की आशंका बढ़ गई। गनीमत रही कि बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने और उन्हें घर भेजने की व्यवस्था की गई। घटना ने एक बार फिर बारिश के दौरान सड़कों की स्थिति और उनकी मजबूती को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, जिस जगह सड़क धंसी, वहां बिजली विभाग की ओर से गड्ढा खोदा गया था। आरोप है कि काम पूरा होने के बाद गड्ढे को ठीक से नहीं भरा गया। बारिश के बाद जमीन धंस गई और सड़क का हिस्सा कमजोर होकर बैठ गया। इसी वजह से स्कूल बस गड्ढे में फंस गई। घटना के बाद संबंधित विभागों की ओर से सड़क की मरम्मत और खुदाई के बाद गड्ढों को सुरक्षित तरीके से भरने की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। बस के गड्ढे में फंसने के बाद उसे बाहर निकालने के लिए क्रेन और बुलडोजर की मदद ली गई। काफी प्रयास के बाद बस को बाहर निकाला गया। इसके बाद बच्चों को उनके घर पहुंचाने के लिए दूसरी बस बुलाई गई। दूसरी बस से सभी बच्चों को सुरक्षित घर भेज दिया गया। घटना में किसी बच्चे के घायल होने की जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, बच्चों से भरी बस का सड़क धंसने के बाद गड्ढे में फंसना सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। सेक्टर-37 की इस घटना के बाद नोएडा अथॉरिटी और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। बारिश के बाद सड़क धंसने की घटना से यह सवाल सामने आया है कि खुदाई के बाद सड़क को ठीक से भरने और उसकी गुणवत्ता जांचने की व्यवस्था कितनी प्रभावी है। स्थानीय स्तर पर सड़क निर्माण और रखरखाव को लेकर जवाबदेही तय करने की मांग उठ सकती है। फिलहाल उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, घटना के बाद बच्चों को सुरक्षित घर भेज दिया गया और बस को गड्ढे से बाहर निकाल लिया गया।

सेक्टर-62 में निर्माणाधीन मकान की शटरिंग ढही

आज समाचार सेवा

नोएडा। सेक्टर-62 के ए-ब्लॉक में शुक्रवार सुबह निर्माण कार्य के दौरान शटरिंग गिरने से बड़ा नुकसान हो गया। निर्माणाधीन मकान की शटरिंग अचानक ढहकर आसपास खड़े वाहनों पर जा गिरी, जिससे करीब एक दर्जन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना सुबह लगभग 9:45 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, ए-ब्लॉक में एक मकान का निर्माण कराया जा रहा था। इसी दौरान निर्माण में इस्तेमाल की जा रही शटरिंग अचानक नीचे गिर गई। शटरिंग और निर्माण सामग्री की चपेट में वहां खड़ी कई गाड़ियां आ गईं। हादसे में वाहनों को नुकसान पहुंचा। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में किसी के घायल होने या जनहानि की पुष्टि नहीं हुई है। पहले भी शिकायत किए जाने का स्थानीय लोगों का दावा घटना के बाद स्थानीय लोगों ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि मकान के निर्माण में लगाई गई शटरिंग पर्याप्त रूप से मजबूत नहीं थी। लोगों का यह भी दावा है कि शटरिंग की स्थिति को लेकर पहले भी कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन कथित तौर पर ठेकेदार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इन आरोपों की अभी स्वतंत्र या आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।इस घटना ने घनी आबादी वाले क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। निर्माण स्थलों के आसपास खड़े वाहनों और वहां से गुजरने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। शटरिंग के सहारे निर्माण कार्य के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले ढांचे की मजबूती और उसकी उचित व्यवस्था में किसी भी तरह की कमी नुकसान का कारण बन सकती है। जांच से स्पष्ट हो सकती है हादसे की वजह हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए शटरिंग की स्थिति, उसे सहारा देने वाले ढांचे और निर्माण स्थल पर अपनाए जा रहे सुरक्षा उपायों की जांच महत्वपूर्ण होगी। साथ ही, स्थानीय लोगों की ओर से पहले शिकायत किए जाने के दावे की भी पड़ताल की जानी चाहिए। फिलहाल, घटना के संबंध में किसी आधिकारिक जांच के निष्कर्ष या जिम्मेदारी तय किए जाने की जानकारी उपलब्ध नहीं है। सेक्टर-62 की इस घटना में करीब 12 वाहनों के क्षतिग्रस्त होने से प्रभावित वाहन मालिकों को नुकसान उठाना पड़ा है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं और हादसे के लिए जिम्मेदारी किसकी बनती है।

दिवाली से पहले ग्रेटर नोएडा में रोशनी बढ़ाने की तैयारी, कई गांवों में लगेंगी स्ट्रीट लाइट

प्रमुख प्रवेश द्वारों और गोलचक्करों पर बढ़ेगी रोशनी दिवाली से पहले शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों को रोशन करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बुधवार को हुई समीक्षा बैठक में एसीईओ प्रेरणा सिंह ने प्रकाश व्यवस्था से जुड़े कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। दिवाली के त्योहार से पहले ग्रेटर नोएडा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने की तैयारी की जा रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहर के प्रमुख प्रवेश द्वारों, गोलचक्करों, गांवों और सेक्टरों में स्ट्रीट लाइट लगाने के साथ उन्हें समय पर चालू करने की योजना पर काम तेज कर दिया है। इस संबंध में प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को जरूरी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। प्रमुख प्रवेश द्वारों और गोलचक्करों पर बढ़ेगी रोशनी दिवाली से पहले शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों को रोशन करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बुधवार को हुई समीक्षा बैठक में एसीईओ प्रेरणा सिंह ने प्रकाश व्यवस्था से जुड़े कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रमुख प्रवेश मार्गों और गोलचक्करों पर पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए जहां स्ट्रीट लाइट लगाने का काम प्रस्तावित है, वहां स्थापना के साथ उन्हें चालू करने की प्रक्रिया भी समय से पूरी की जाए। योजना के तहत शहर के सेक्टरों और ग्रामीण इलाकों में भी प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया है।ग्रेटर नोएडा के 17 गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य चल रहा है। इनमें तिलपता, कुलेसरा, छपरौला और खोदना खुर्द सहित अन्य गांव शामिल हैं। एसीईओ ने अधिकारियों से कहा कि दिवाली से पहले प्रस्तावित लाइटें लगाने के साथ उनकी शुरुआत भी सुनिश्चित की जाए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था बेहतर हो सकेगी। इसके अलावा सेक्टर-2, सेक्टर-3 और सेक्टर-12 सहित विभिन्न सेक्टरों के पार्कों में भी स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। प्राधिकरण की योजना का उद्देश्य त्योहार से पहले शहर के साथ गांवों में भी प्रकाश संबंधी कार्यों को पूरा करना है। बादलपुर और अस्तौली के 33 केवी बिजलीघरों का निर्माण होगा तेज बैठक में बादलपुर और अस्तौली में बन रहे 33 केवी बिजलीघरों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। दोनों परियोजनाओं की निर्धारित समयसीमा में अभी छह महीने शेष हैं। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने और बिजलीघरों को तय समय से पहले पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इन बिजलीघरों का निर्माण पूरा होने से संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। प्राधिकरण ने अधिकारियों को परियोजनाओं की प्रगति पर ध्यान देने और निर्माण कार्यों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप आगे बढ़ाने को कहा है। किसानों के छह प्रतिशत आबादी भूखंडों में नवंबर तक पूरे होंगे कार्य किसानों को आवंटित छह प्रतिशत आबादी भूखंडों पर बिजली संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के कार्यों की भी समीक्षा की गई। खैरपुर, खोदना खुर्द, पतवाड़ी, छोटी मिलक और इटैड़ा समेत कई गांवों में इन भूखंडों पर बिजली से जुड़े काम किए जा रहे हैं। एसीईओ ने सभी लंबित कार्य नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि संबंधित भूखंडों पर बिजली संबंधी व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाया जा सके। ड्रेन निर्माण के लिए समयबद्ध टेंडर प्रक्रिया पर जोर समीक्षा बैठक में ड्रेन निर्माण से संबंधित परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई। एसीईओ ने अधिकारियों को प्रस्तावित कार्यों की टेंडर प्रक्रिया निर्धारित समय के भीतर पूरी करने और औपचारिकताएं पूरी होते ही निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए। इससे संबंधित परियोजनाओं को अनावश्यक देरी से बचाने पर जोर दिया गया। बैठक में ड्रेन विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज कुमार सचान, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक अजित भाई पटेल, अश्विनी चतुर्वेदी, सौरभ भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कंपनी से 3 करोड़ का माल चोरी, सूरजपुर पुलिस ने 6 दिन में किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर थाना पुलिस ने एक रिपेयरिंग कंपनी में हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने 9 तारीख को एग्जॉस्ट फैन के रास्ते कंपनी में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने छह दिन के भीतर मामले का खुलासा करने का दावा करते हुए आरोपियों के कब्जे से करीब 3 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत का सामान बरामद किया है। बरामद माल में पेटीएम ट्रांजैक्शन प्रिंटर, पेटीएम मशीनें, एयरटेल सेट टॉप बॉक्स, बारकोड प्रिंटर, क्यूआर स्कैनर, मदरबोर्ड और एक टेंपो शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला सूरजपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, चोरी की वारदात 9 तारीख को हुई थी। आरोपी कंपनी में दाखिल होने के लिए एग्जॉस्ट फैन के रास्ते अंदर घुसे और वहां रखा सामान लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान जुटाए गए सुरागों के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि घटना के छह दिन के भीतर चोरी का खुलासा कर दिया गया।पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। इनमें 1,512 पेटीएम ट्रांजैक्शन प्रिंटर, 1,660 पेटीएम मशीनें और 147 एयरटेल सेट टॉप बॉक्स शामिल हैं। इसके अलावा बारकोड प्रिंटर, क्यूआर स्कैनर, मदरबोर्ड और एक टेंपो भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बरामद सामान की कुल कीमत 3 करोड़ रुपये से अधिक बताई है। इतनी बड़ी मात्रा में उपकरण मिलने के बाद पुलिस आरोपियों से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पेटीएम मशीनों के मदरबोर्ड बेचने का काम करते थे। कंपनी से चोरी किए गए सामान में पेटीएम मशीनों और उनसे जुड़े उपकरणों की बड़ी संख्या बरामद हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में आरोपियों के नाम और चोरी के सामान को कहां बेचने की योजना थी, इसका विस्तृत ब्योरा सामने नहीं आया है। पुलिस की आगे की जांच में इस संबंध में और जानकारी सामने आ सकती है।